YouTube kanwhizztimes
Facebook @kanwhizztimes lucknow
Twitter @kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-279 ❑ गुरुवार, 13 नवम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



100 वर्षों की यात्रा एक बहुत ही सफल यात्रा है, एक अनूठी यात्रा है, दुनिया में इसकी कोई मिसाल नहीं है। यह हिंदू समाज की ओर से स्वयं विकसित की गई यात्रा है।
कृष्ण गोपाल

अब से जारी होने वाले सभी ई-पासपोर्ट होंगेः विदेश मंत्रालय 11

ब्लू इकॉनॉमी' भारत-मॉरीशस के सतत विकास का नया मार्गः डॉ. जितेंद्र सिंह 12

# दो कारों में दिल्ली पहुंचे थे आतंकी एक कार से विस्फोट, दूसरी गायब

## दिल्ली में अब भी मंडरा रहा खतराः लाल ईको स्पोर्ट्स कार में सवार आतंकी की तलाश तेज़

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लाल किले के बाहर हुए धमाके के बाद भी आतंक का खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। जांच एजेंसियों के अनुसार, एक आतंकी अभी भी दिल्ली में लाल रंग की ईको स्पोर्ट्स कार से घूम रहा है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डीएल-10 सीके 045 बताया जा रहा है।

सीसीटीवी फुटेज और पार्किंग रिकॉर्ड से पता चला है कि यह कार उस समय लालकिले और चांदनी चौक क्षेत्र में मौजूद थी जब आई-20 कार में विस्फोट हुआ था। इसके बाद से यह कार लापता है और उस पर सवार संदिग्ध आतंकी की तलाश में दिल्ली पुलिस, एनआईए और खुफिया एजेंसियां एकजुट होकर काम कर रही हैं।

सूत्रों के अनुसार, आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के फरीदाबाद मॉड्यूल से जुड़े आतंकवादी दो कारों में दिल्ली पहुंचे थे।

पहली कार – हरियाणा नंबर की आई-20, जिसे लालकिले के सामने बम धमाके में इस्तेमाल किया गया। दूसरी – लाल रंग की ईको स्पोर्ट्स, जो अब तक बरामद नहीं हुई है। दोनों कारें बदरपुर बॉर्डर से एक साथ दिल्ली में दाखिल हुईं और चांदनी चौक पार्किंग में साथ खड़ी भी दिखीं। सीसीटीवी फुटेज में यह साफ दिखा कि दोनों कारों के सवार आपस में बातचीत कर रहे थे। धमाके के बाद जब आई-20 कार के टुकड़े मिले, तब से ईको स्पोर्ट्स कार और उसके सवार का कोई अता-पता नहीं है। इस जानकारी के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया और सभी सीमाओं पर पिकेट्स लगाकर गाड़ियों की सघन जांच शुरू कर दी गई है।

जांच एजेंसियों ने खुलासा किया है कि लालकिले धमाके के पीछे का मास्टरमाइंड और आत्मघाती हमलावर था डॉ. उमर मोहम्मद, जो जैश-ए-मोहम्मद के फरीदाबाद मॉड्यूल से जुड़ा हुआ था। डॉ. उमर पेशे से डॉक्टर था लेकिन आतंकी संगठन से जुड़ने के बाद उसने अपने सहयोगी डॉ. मुजम्मिल अहमद के साथ मिलकर देश में कई हमलों की योजना बनाई थी। फरीदाबाद पुलिस द्वारा उनके ठिकाने से 2,900 किलो अमोनियम नाइट्रेट, टाइमर डिवाइस, वॉकी-टॉकी और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी।

इन दोनों डॉक्टरों के नेटवर्क की जड़ें हरियाणा, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली तक फैली हुई थीं। सूत्रों के मुताबिक, फरीदाबाद में अपने साथियों की गिरफ्तारी के बाद उमर मोहम्मद घबरा गया था। उसे लगा कि अब उसकी बारी है, इसलिए उसने खुद को बम से उड़ाकर ल्लशहादतङ्क पाने का फैसला किया।

लालकिला विस्फोट के बाद जांच अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अपने हाथ में ले ली है। एजेंसी ने बुधवार को एक 10 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है, जिसकी कमान अतिरिक्त महानिदेशक विजय साखरे के पास है। इस टीम में एक महानिरीक्षक, दो उप महानिरीक्षक, तीन पुलिस अधीक्षक और एक डीएसपी शामिल हैं। शीर्ष खुफिया सूत्रों ने बताया कि एनआईए को जांच में पाकिस्तान से सीधे जुड़ाव के ठोस सबूत मिले हैं। पकड़े गए संदिग्धों से पूछताछ में सामने आया कि विस्फोट की साजिश को मौदुद्दीन उर्फ अम्मार अल्वी नामक पाकिस्तानी संचालक निर्देशित कर रहा था। वह जैश-ए-मोहम्मद के विदेशी मॉड्यूल ● शेष पेज 11 पर

❑ एनआईए ने की पाकिस्तान कनेक्शन की पुष्टि, संभाली जांच, विशेष टीम गठित

❑ गणतंत्र दिवस और दिवाली पर भीड़भाड़ वाले इलाकों को उड़ाने की थी साजिश

## प्रधानमंत्री मोदी ने पीड़ितों से मुलाकात की



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सप्ताह की शुरुआत में लाल किले के निकट हुए विस्फोट में घायल लोगों से बुधवार को एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात की और कहा अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''दिल्ली में बम विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने एलएनजेपी अस्पताल गया। सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस साजिश के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा!'' अस्पताल में तथा इसके आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि भूटान से ● शेष पेज 11 पर

## डॉ. परवेज़ ने अपनी बहन से कई बार मुलाक़ात की बात कबूली

लखनऊ। फरीदाबाद में आतंकियों की मदद में गिरफ्तार डॉ. शाहीन सईद अंसारी के भाई डॉ. परवेज अंसारी ने एटीएस को बताया कि सहारनपुर के क्लीनिक में वह कम ही बैठता था। सहारनपुर में उसने अपनी बहन शाहीन से कई बार मुलाकात की है। उसने शाहीन के साथ कुछ अन्य लोगों से भी मुलाकात की बात भी कुबूली लेकिन इस बात से इनकार कर दिया कि वह आतंकी मुजम्मिल से कभी मिला है। दिल्ली पुलिस और यूपी एटीएस को इस बात के साक्ष्य मिले थे कि आतंकी मुजम्मिल से शाहीन के करीबी सम्बन्ध थे और दोनों अक्सर साथ आते-जाते देखे गए है। इसको देखते हुए यह भी दावा किया जा ● शेष पेज 11 पर

# एटीएस को आतंकी के घर से संदिग्ध केमिकल मिला

एजेंसी



❑ आतंकी मोहिउद्दीन के घर छापा, साइनाइड बनाकर खतरनाक जहर तैयार जा रहा था, माल जब्त

अहमदाबाद। गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा गांधीनगर से तीन आतंकियों को पकड़ने के बाद उनके खतरनाक इरादों का खुलासा हो रहा है। गिरफ्तार आतंकी अहमद मोहिउद्दीन सैयद साइनाइड बनाकर खतरनाक जहर तैयार कर रहा था। गुजरात एटीएस की एक टीम हैदराबाद स्थित उसके आवास पर पहुंची, जहां से भारी मात्रा में खतरनाक जहरीला रसायन बनाने का कच्चा माल मिला है जिसे एटीएस ने जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

गुजरात एटीएस द्वारा गांधीनगर के अडालज से गिरफ्तार किए गए तीनों आतंकियों की जांच के लिए उत्तर प्रदेश और राजस्थान एटीएस की टीमें भी गुजरात एटीएस कार्यालय पहुंच गई हैं। कट्टरपंथी विचारधारा से प्रेरित और कश्मीर का अक्सर दौरा करने वाले तीनों गिरफ्तार आतंकियों की गहन जांच चल रही है। चूंकि मोहिउद्दीन दिल्ली के आजाद मैदान और अहमदाबाद नरोडा फल मंडी में गया था, इसलिए यह भी जांच चल रही है कि कश्मीरी सेब की आड़ में कोई संदिग्ध सामान देश भर में तो नहीं भेजा जाना था। सूत्रों के अनुसार एटीएस की जांच में पता चला है कि जिस इलाके में तीनों आतंकी रहते थे, वह कट्टरपंथियों से प्रभावित था। हैदराबाद में आतंकी डॉ अहमद सैयद ने तीन युवकों को कट्टरपंथी विचारधारा वाले सदस्यों की अपनी टीम बनाने की शपथ भी दिलाई थी। अहमद सैयद अपनी एक बड़ी टीम बनाने की तैयारी में था। तीनों आतंकियों के मोबाइल का डाटा रिकवर किया जा रहा है। मोबाइल डाटा रिकवर होने के बाद कई राज भी सामने आ सकते हैं। एटीएस की टीम तीनों आतंकियों को अडालज और छत्राल ले गई और उनकी जांच की। आतंकी आजाद सुलेमान और सुहैल को कलोल के छत्राल ले जाकर पंचनामा किया गया। अहमद सैयद को अडालज ले जाकर पूछताछ की गई। गुजरात एटीएस की टीम अब दिल्ली जाकर आतंकवादियों की संलिप्तता के बारे में आगे की जांच करेगी। आतंकियों से पूछताछ के दौरान पता चला कि मोहिउद्दीन डेढ़ महीने पहले अहमदाबाद आया था और एक पार्सल में पैसे लेकर लौटा था। मोहिउद्दीन के लिए हनुमान गढ़ से हथियार लेकर आए उत्तर प्रदेश के सुहैल और आजाद सुलेमान को एक खास जगह से हथियार इकट्ठा करके कलोल पहुंचने का आदेश दिया गया था। हर जगह हथियार किसने रखे थे? इसकी जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में, जांच टीम इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि ● शेष पेज 11 पर

## विमान में बम की धमकी के बाद इमरजेंसी लैंडिंग, फर्जी निकली धमकी

वाराणसी। मुंबई से वाराणसी आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में बम की धमकी मिलने के बाद विमान की वाराणसी हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करायी गयी, हालांकि जांच के बाद यह धमकी फर्जी साबित हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विमान के टॉयलेट में एक टिशू पेपर पर 'बम... गुड बाय' लिखा मिला। चालक दल के सदस्यों ने पायलट को इसकी सूचना दी।पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को सूचना दी। पूरी सुरक्षा व्यवस्था और आपात स्थिति की तैयारियों के बीच यहां लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से हवाई अड्डे पर उतारने के बाद विमान की जांच की गयी तथा सुरक्षा एजेंसियों द्वारा विमान की भी तलाशी ली गयी। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। मामले की आगे जांच की जा रही है। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने जारी बयान में कहा, वाराणसी जा रही ● शेष पेज 11 पर

# रूस-यूक्रेन युद्ध आधुनिक युद्ध की 'जीवंत प्रयोगशाला' : सेना प्रमुख

एजेंसी



नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध को आधुनिक युद्ध की 'जीवंत प्रयोगशाला' की तरह बताते हुए बुधवार को कहा कि भारतीय सेनाएं युद्ध की तैयारी और रणनीतिक मजबूती के लिए इससे सामरिक तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सीख ले रही हैं।

सेना प्रमुख ने मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान में दिल्ली रक्षा संवाद में बोलते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध से सबक लेकर भारत सीमाओं पर अपनी तैयारियों को आकार दे रहा है।

उन्होंने कहा, '' हम यूक्रेनी युद्धक्षेत्रों पर कड़ी नज़र रख रहे हैं क्योंकि यह हमारी सीमाओं पर मौजूद परिस्थितियों के संदर्भ में एक जीवंत प्रयोगशाला की तरह है।'' उन्होंने कहा, '' ड्रोन बख्तरबंद टुकड़ियों पर नज़र रख रहे हैं, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध रेडियो को जाम कर रहा है, सटीक हमले 100 किलोमीटर से भी अधिक दूरी तक पहुंच रहे हैं और 'सूचना-अभियान' से गोला गिरने से पहले ही युद्ध जीता जा रहा है। सेना प्रमुख ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान चल रही 'आख्यानों की लड़ाई' का ज़िक्र करते हुए धारणाओं को आकार देने में सूचना युद्ध के बढ़ते महत्व पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि 'आख्यान की लड़ाई ' में आपको युद्ध की सही तस्वीर नहीं मिल पाती। आत्मनिर्भरता की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुए जनरल ● शेष पेज 11 पर

# सहारा शहर में नई विधानसभा बनाने को लेकर योगी की मंजूरी का इंतज़ार

❑ एलडीए ने 245 एकड़ जमीन का विस्तृत सर्वेक्षण और माप पूरा कर किया, रिपोर्ट शासन को प्रेषित



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नई विधानसभा के लिए उपयुक्त स्थल की दो साल से जारी तलाश अब अपने अंतिम चरण में पहुंचती दिख रही है। सरकार की निगाह अब गोमती नगर एक्सटेंशन में स्थित सहारा शहर की 245 एकड़ जमीन पर है, जिसे सबसे उपयुक्त विकल्प माना जा रहा है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द इस संबंध में अंतिम निर्णय ले सकते हैं।

शासन से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने सहारा समूह को लीज पर दिए गए सहारा शहर की भूमि का पूर्ण कब्ज़ा ले लिया है और इसे नए विधानसभा परिसर के लिए संभावित स्थल के रूप में गंभीरता से विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लिया जाएगा। सरकारी निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने हाल ही में इस 245 एकड़ जमीन का विस्तृत सर्वेक्षण और माप पूरा कर लिया है। यह जमीन पहले सहारा इंडिया को लीज पर दी गई थी। एलडीए ने दस दिनों में पूरी प्रक्रिया पूरी कर रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट के अनुसार, कुल भूमि में से 130 एकड़ लायसेंस समझौते के तहत, 40 एकड़ हरित पट्टी के रूप में और 75 एकड़ हरित उपयोग के लिए चिह्नित है। अधिकारियों के मुताबिक, यह भूमि स्थानिक दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त है। यह मुख्यमंत्री आवास, गोमती नगर स्थित विधायकों के आवास परिसर और हज़रतगंज के प्रशासनिक केंद्र से लगभग समान दूरी पर स्थित है। यह क्षेत्र सीधे शहीद पथ और हज़रतगंज से जुड़ा है तथा मेट्रो स्टेशन और एयरपोर्ट से महज 15-20 मिनट की दूरी पर है। माना जा रहा है कि यहां नया विधानसभा भवन बनने से सत्रों के दौरान यातायात का दबाव भी काफी कम होगा। नई विधानसभा भवन की योजना को गति 2023 में नये संसद भवन के उद्घाटन के बाद मिली। इसके बाद राज्य सरकार ने अहमदाबाद स्थित एचसीपी डिज़ाइन, प्लानिंग एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (जिसने नया संसद भवन तैयार किया था) को ● शेष पेज 11 पर

## रायबरेली, फतेहपुर के एआरटीओ समेत 11 पर मुकदमा

लखनऊ। यूपी में ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली के आरोपों में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बड़ी कार्रवाई की। रायबरेली और फतेहपुर जिले के एआरटीओ समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इस कार्रवाई के बाद दोनों जनपदों के परिवहन विभाग में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, एसटीएफ के इंस्पेक्टर की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि रायबरेली और फतेहपुर के आरटीओ, पीटीओ और उनकी टीमें ओवरलोड ट्रकों से पैसा लेकर उन्हें पास कराती थीं। इस पूरी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अवैध वसूली की जा रही थी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि अधिकारियों की मिलीभगत से कई ट्रक बिना जांच के ही क्लियर कर दिए जाते थे। एफआईआर में दर्ज गंभीर आरोपों के बाद यूपी परिवहन विभाग में हड़कंप है। सूत्रों के मुताबिक, एसटीएफ को लंबे समय से इन दोनों जिलों में ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली की शिकायतें मिल ● शेष पेज 11 पर

# खुदरा महंगाई दर अक्टूबर में 14 साल के न्यूनतम स्तर पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर भारी गिरावट और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कमी के बाजार प्रभाव के बीच उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में और घटकर 0.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गयी।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी अक्टूबर के सीपीआई आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2011-12 की कीमतों को आधार बनाकर जारी की जा रही सीपीआई श्रृंखला में यह खुदरा मुद्रास्फीति का न्यूनतम स्तर है। अक्टूबर में खाद्य वर्ग में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर शून्य से 5.02 प्रतिशत नीचे रही। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर में कमी का असर अक्टूबर में हर क्षेत्र के खुदरा मूल्यों पर परिलक्षित हुआ है। जीएसटी की दरों में कमी का फैसला 22 सितंबर से लागू हुआ था।



अक्टूबर में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति शून्य से 0.25 प्रतिशत नीचे रही जबकि शहरी इलाकों में खुदरा मूल्य सालाना आधार पर 0.88 प्रतिशत ऊपर थे। सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति 1.44 प्रतिशत थी और माह के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 1.07 प्रतिशत और 1.83 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। पिछले साल अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 6.21 प्रतिशत थी। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है, ''अक्टूबर 2025 के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से जीएसटी में गिरावट, अनुकूल आधार प्रभाव और तेल ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री ने 14वें एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी का स्वागत एवं अनावरण किया

# ट्रॉफी आना प्रदेश में हॉकी के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हॉकी इण्डिया के तत्वावधान में 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर, 2025 तक तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै नगरों में 14वां एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता की ट्रॉफी बुधवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आई है। प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना प्रदेश में हॉकी के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराता है। प्रदेशवासियों के लिए यह गौरवान्वित करने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री बुधवार को यहां अपने सरकारी आवास पर 14वें एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी का स्वागत एवं अनावरण करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस विश्व कप में 24 देशों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। इनमें भारत, जापान, चीन, स्पेन, बेल्जियम, न्यूजीलैण्ड, स्विट्जरलैण्ड, चिली, आयरलैण्ड, कनाडा, दक्षिण



अफ्रीका, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ऑस्ट्रिया, इंग्लैण्ड, मलेशिया, नीदरलैण्ड्स, नामीबिया, मिस्र, जर्मनी, अर्जेन्टीना तथा ओमान की टीमें सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉकी इण्डिया में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है। हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचन्द का जन्म प्रदेश में ही हुआ था। मेजर ध्यानचन्द ने भारत को तीन ओलम्पिक स्वर्ण पदक दिलाकर सम्पूर्ण राष्ट्र को गौरवान्वित किया था। प्रदेश सरकार द्वारा मेजर ध्यानचन्द की स्मृतियों को जीवन्त बनाए रखने के लिए जनपद मेरठ में मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। इस विश्वविद्यालय में इस वर्ष से पहला सत्र प्रारम्भ किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी पद्मश्री केडी सिंह 'बाबू' की स्मृतियों को संजोते हुए उनकी जन्मस्थली बाराबंकी में स्थित पैतृक आवास को भव्य म्यूज़ियम के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश के अनेक हॉकी खिलाड़ियों ने हॉकी इण्डिया को गौरवान्वित कर भारत को दुनिया में सम्मान दिलाया है।

इनमें पद्मश्री मोहम्मद शाहिद, अशोक कुमार, रवीन्द्र पाल, सैयद अली, डॉ. आरपी. सिंह, सुजीत कुमार, अब्दुल अजीज, सुबोध खण्डकर, रजनीश मिश्रा, मोहम्मद शकील, देवेश चौहान, एम.पी. सिंह, जगवीर सिंह, विवेक सिंह, राहुल सिंह, दानिश मुजतबा, ललित उपाध्याय, राजकुमार पाल, प्रेममाया, रंजना श्रीवास्तव, मंजू बिष्ट, पुष्पा श्रीवास्तव, रजनी जोशी, वंदना कटारिया, रितुषा कुमारी आर्या, प्रीति दुबे सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश के राजकुमार पाल, उत्तम सिंह, विष्णुकान्त सिंह, मुमताज, साक्षी, ज्योति, पूर्णिमा आदि हॉकी खिलाड़ी सीनियर, जूनियर महिला एवं पुरुष वर्ग की भारतीय टीमों में चयनित होकर प्रदेश व देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव, सचिव खेल एवं युवा कल्याण सुहास एल. वाई, खेल निदेशक डॉ. आर.पी. सिंह, महासचिव हॉकी इण्डिया भोला नाथ सिंह, डीजी हॉकी इण्डिया कमाण्डर आरके. श्रीवास्तव, महासचिव उत्तर प्रदेश हॉकी रजनीश कुमार मिश्रा, अन्तरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ललित कुमार उपाध्याय सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने किया कलश चौराहे, इनर रिंग रोड एवं प्रस्तावित सेतु परियोजनाओं का निरीक्षण

**प्रयागराज को सौंदर्य, यातायात और बुनियादी विकास के नए आयामों से जोड़े जाने की दिशा में दिए निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को शहर के प्रमुख विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री ऋषिराज के साथ कलश चौराहे, निर्माणाधीन 6 लेन ब्रिज, एसटीपी, इनर रिंग रोड परियोजना (पैकेज-2 एवं 3) तथा गंगा नदी पर प्रस्तावित दो नए सेतुओं के स्थलों का दौरा किया।

**कलश चौराहा बनेगा जनपद का ग्रैण्ड इंट्री प्वाइंट**

जिलाधिकारी ने कलश चौराहे को जनपद के ग्रैण्ड इंट्री प्वाइंट के रूप में विकसित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहाँ सौंदर्यीकरण, सुसज्जीकरण और लैंडस्केपिंग की विस्तृत योजना तैयार की जाए।उन्होंने अतिक्रमण हटाकर चौराहे को स्वच्छ व आकर्षक स्वरूप देने और सड़क किनारे वेण्डिंग जोन विकसित करने के निर्देश नगर निगम को दिए।इस दौरान उन्होंने 6 लेन ब्रिज और नवनिर्मित एसटीपी का निरीक्षण करते हुए सिंचाई, जल निगम, प्रदूषण नियंत्रण एवं अन्य विभागों को संयुक्त निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और आवश्यक सुधार कर हैंडओवर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**इनर रिंग रोड परियोजना के पैकेज-2 और पैकेज-3 का निरीक्षण**

जिलाधिकारी ने इनर रिंग रोड परियोजना के प्रथम चरण (पैकेज-2 एवं पैकेज-3) का स्थलीय निरीक्षण किया।उन्होंने बताया कि यह परियोजना प्रयागराज के यातायात और कनेक्टिविटी को नई दिशा देगी।सहसों से गंगा नदी पर बन रहे 6 लेन ब्रिज तक के निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि पैकेज-3 की लंबाई 14.980 किमी है, जिसमें संरचनात्मक भाग 6 लेन तथा सड़क भाग 4 लेन का है।यह कार्य अब अंतिम चरण में है और संचालन संबंधी प्रक्रियाएँ प्रगति पर हैं।इसी प्रकार पैकेज-2 में गंगा नदी पर 3.1 किमी लंबा 6 लेन ब्रिज तथा सरस्वती हाइटेक सिटी क्षेत्र से गुजरता 2.38 किमी एलिवेटेड कॉरिडोर शामिल है।जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता से पूर्ण किया जाए।उन्होंने रेलवे, इंडियन वाटरवेज अथॉरिटी, एनएमसीजी और अन्य विभागों को परियोजना में किसी भी व्यवधान के तत्काल समाधान हेतु निर्देशित किया।

**गंगा नदी पर दो नए फोर-लेन पुल**

जिलाधिकारी ने सलोरी-हेतापट्टी-झूंसी को जोड़ने वाले प्रस्तावित 4 लेन सेतु तथा दारागंजऽझूंसी मार्ग को जोड़ने वाले 4 लेन सेतु की प्रस्तावित स्थलों का भी निरीक्षण किया।उन्होंने हेतापट्टी, ओल्ड जीटी रोड और दारागंज क्षेत्रों का दौरा कर सेतु निगम के अधिकारियों से प्रोजेक्ट एलाइनमेंट और डिजाइन की जानकारी ली।मुख्य परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध यादव ने बताया किदारागंजऽझूंसी सेतु की लंबाई 3.66 किमी होगी,जिसमें फोर लेन पुल, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्य शामिल होंगे।वहीं सलोरी- हेतापट्टी सेतु प्रयागराज को सीधे एसएच-19 (प्रयागराज-वाराणसी मार्ग) से जोड़ेगा, जिससे वाराणसी, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर और बिहार की ओर यातायात सुगम होगा।कुंभ मेला के दौरान श्रद्धालुओं को गंगा स्नान हेतु सहज मार्ग उपलब्ध कराने में भी ये पुल सहायक होंगे।जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया कि वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति शीघ्र प्राप्त कर आगे की कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें अवगत कराया जाए।

**प्रयागराज की नई पहचान : सुंदरीकरण, संरचना और स्मार्ट यातायात का संगम**

इन निरीक्षणों के माध्यम से जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रयागराज को सौंदर्य, सुगमता और संरचनात्मक विकास के नए आयामों से जोड़ा जा रहा है।उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाएँ गुणवत्ता, समन्वय और समयसीमा का पालन करते हुए शहर को नई पहचान देंगी।

## जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

प्रयागराज । एग्रीस्टैक योजनांतर्गत फार्मर रजिस्ट्री के तहत कृषकों को पंजीकरण हेतु जागरूक करने और कार्य की प्रगति में तेजी लाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह प्रचार वाहन जनपद की सभी ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों में भ्रमण करेंगे और किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व, प्रक्रिया एवं लाभ के बारे में जानकारी देंगे।साथ ही कृषकों के बीच सूचनात्मक पम्पलेट वितरित कर उन्हें ऑनलाइन पंजीकरण के लिए प्रेरित करेंगे। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कृषि क्षेत्र में डिजिटल डेटाबेस निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ, सटीक डेटा-आधारित नीति निर्माण, और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रचार-प्रसार अभियान को प्रभावी और व्यापक बनाया जाए ताकि कोई भी पात्र किसान पंजीकरण से वंचित न रहे।

## ट्रैफिक पुलिस कर्मी का सिगरेट पीते वीडियो वायरल

प्रयागराज। सोशल मीडिया पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी का सिगरेट पीते हुए वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में पुलिसकर्मी ट्रैफिक जाम खुलवाते हुए सिगरेट पीता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो मंगलवार शाम का है और नगर जोन के बैहराना पुलिस चौकी क्षेत्र में शूट किया गया। वीडियो सामने आने के बाद विभागीय अनुशासन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अधिकारियों ने मामले की जांच की बात कही है।

## एसीपी ने थाना कौंधियारा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया

प्रयागराज। यमुनानगर जोन के एसीपी कौंधियारा अब्दूस सलाम खान ने थाना कौंधियारा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने में रखे शस्त्र, रजिस्टर एवं अभिलेखों की जांच की गई। कुछ अभिलेखों में रख-रखाव की कमियां पाए जाने पर एसीपी ने सख्त निर्देश दिए। थाने की बैरक और परिसर की स्वच्छता की सराहना की गई। एसीपी ने स्टाफ को अनुशासन व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## सपा नेता गुलशन यादव की संपत्ति कुर्क

प्रयागराज। सपा नेता गुलशन यादव की संपत्ति प्रतापगढ़ पुलिस ने कुर्क की। उन पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस ने क्षेत्र में मुनादी कर कार्रवाई की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि गुलशन यादव के खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं। कार्रवाई से स्थानीय स्तर पर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों पर इसी तरह लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## कुख्यात गौतस्कर मुजफ्फर पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

प्रयागराज। कुख्यात गौतस्कर मुजफ्फर और उसके साथी जैद समेत 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मुजफ्फर के नेटवर्क पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मुजफ्फर कौड़िहार ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुख है और उस पर कई गंभीर आरोप हैं। प्रयागराज पुलिस ने कहा है कि गौ तस्करी में लिप्त अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## कार में लगी आग, वीडियो वायरल

प्रयागराज। यमुनानगर जोन के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार जलकर खाक हो गई। हादसे के समय कार के अंदर किसी के मौजूद होने की पुष्टि नहीं हुई है। राहगीरों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## 31 मंडलीय बेसिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में भटहट ने लहराया परचम

गोरखपुर । मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगित जो जनपद देवरिया में आयोजित हो रही है में जनपद गोरखपुर के ब्लाक भटहट के प्राथमिक विद्यालय भीसवा की कुमारी प्रिया व संजना तथा प्राथमिक विद्यालय खिरिया की कुमारी अल्फिजा ने गोरखपुर जनपद की प्रतिनिधित्व करते हुए प्राथमिक शतरंज प्रतियोगिता बालिका संवर्ग में मंडल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद के साथ साथ ब्लाक व विद्यालय का नाम रोशन किया है । साथ ही खो खो प्राथमिक बालक संवर्ग में प्राथमिक विद्यालय टिकरिया , आबादी सखनी नवीन व कम्पोजिट विद्यालय जमुनिया के बच्चों ने मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता । बच्चों व बेटियों के इस शानदार उपलब्धि पर उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ जनपद गोरखपुर के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय , ब्लाक इकाई भटहट के अध्यक्ष नरेंद्रप्रताप सिंह,उपाध्यक्ष रामकिशुन गुप्ता,मंत्री जितेन्द्र कुमार मिश्र,कोषाध्यक्ष रामाज्ञा प्रसाद,मीडिया प्रभारी रमेश मणि त्रिपाठी, संयुक्त मंत्री सुरेंद्र सिंह ,अनिल कुमार पांडेय द्वितीय, सन्तोष तिवारी,अभिमन्यु तिवारी,मनीष सिंह,अमरजीत,कौशल कुशवाहा,नवीन सिंह,मनोज सिंह ,शिवेंद्र शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षकों मनोज कुमार,अमृता मिश्रा, सीमा त्रिपाठी,अनिता चौधरी,पूजा सिंह,प्रतिभा राय,कुमुद श्रीवास्तव, सरिता चौधरी,ममता शेखर पाण्डेय,मुन्ना लाल साहनी,मंजू गुप्ता व रमाशंकर अनुदेशक टीम प्रभारी, ने बधाइयां देते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना किया । खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार गुप्ता ने विद्यालय के शिक्षक परिवार को बहुत बहुत बधाइयां देते हुए भविष्य में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया ।

## सदर तहसील सभागार में एसडीएम दीपक गुप्ता ने की एसआईआर कार्यों की समीक्षा

गोरखपुर। सदर तहसील सभागार में बुधवार को एसडीएम सदर दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र 322 गोरखपुर सदर के अंतर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (ट्रत्रट) कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएलओ द्वारा अब तक किए गए कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए एसडीएम ने निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए और किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।एसडीएम दीपक गुप्ता ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (ट्रत्रट) निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता में शामिल है। प्रत्येक बीएलओ को अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य पूरी गंभीरता से करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता के नाम, पते, आयु या अन्य विवरण में त्रुटि हो तो उसे तत्काल सही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।बैठक में उपस्थित एईआरओ और सुपरवाइजरों को एसडीएम ने गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे सही तरीके से ट्रत्रट के फॉर्म भरें, किन बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, और डाटा एंट्री में कोई त्रुटि न हो। उन्होंने कहा कि हर सुपरवाइजर अपने अधीनस्थ बीएलओ के कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करें ताकि किसी स्तर पर कोई चूक न हो।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील है और इसमें शिथिलता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दीपक गुप्ता ने कहा कि मतदान केंद्रवार सूची के अद्यतन में पारदर्शिता और सटीकता सबसे महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर / तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान, नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह, सीओ चकबंदी रुस्तमपुर सुनील सिंह, डिप्टी कंट्रोलर सिविल डिफेंस सत्य प्रकाश सिंह सहित तहसील सदर क्षेत्र में चुनाव कार्य देख रहे सभी सुपरवाइजर व बीएलओ मौजूद रहे।बैठक में राजू सिंह समेत कई सुपरवाइजरों ने फील्ड में आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की, जिस पर एसडीएम ने समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मिलकर निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें ताकि विधानसभा 322 गोरखपुर सदर क्षेत्र में मतदाता सूची का अद्यतन कार्य समय से और बिना किसी त्रुटि के पूर्ण हो सके।

## डीएम साहब ! शर्द हवाओ को रोकने के लिए गौशाला में कब की जाएगी त्रिपाल की व्यवस्था

**लाखो खर्च के बावजूद नही हो रहा गौशाला मे सुधार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोराव ब्लाक में 17 अस्थाई गौशालाओं में लगभग 4000 गौवंश हैं। सरकार इनके लिए प्रति गौवंश 50 रुपये खर्च कर रही है, लेकिन ज्यादातर गौशालाओं की हालत खराब है। ठंड के मौसम में भी त्रिपाल छावनी की व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे गौवंश की मौत हो रही है।

जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी है, लेकिन वे इसे छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। बात करे आंकड़ा की हर महीने केवल कोराव ब्लाक में 60 लाख रुपये लगभग गौवंश को चारा भूसा दत्यादी के लिए खर्च हो रहा इसके बावजूद पशुओ को भरपेट उनको भूसा चारा मुहैया नही कराया जाता साफ सफाई व जिस नाद टँकी में पानी पीते है उसकी भी सफाई नही कराया जाता जिस कारण पशु रोग से ग्रसित होते है छोटे



छोटे बछड़े को अलग नही रखा जाता इन अस्थाई गौशाला संचालन की जिम्मेदार जिसको सौपा गया है वे भी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से नही निभा रहे हर कोई लूट घसोट में डूबा है यदि बिना बताए गौशाला का निरीक्षण जिले के उच्चाधिकारी द्वारा किया जाय तो गौशाला में ब्यप्त भ्रष्टाचार की कलई खुल सकती है सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए टीम गठित कर औचक निरीक्षण व संलिप्त लोगो पर जाँच कार्रवाही की माँग की है

## दो बजे के बजाय 4 बजे घर पहुंचते है स्कूली छात्र

**कुछ तो बस छोड़ पैदल लगाई छलांग कोराव कस्बा में चलना दुर्भर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव, प्रयागराज। बुधवार को कस्बा कोराव बाजार में दोपहर लगभग दो से तीन घण्टा तक जाम लगा रहा इसी बीच स्कूल बस , एम्बुलेन्स भी जाम में फसी रही जहाँ 02 बजे तक छात्र अपने घर वापस आ जाते थे उनको 4 बजे आना पड़ा कुछ कस्बा के छात्र ऊबकर पैदल गस्त लगाकर अपने घर पहुँचे जाम में फंसे लगे स्थानीय शासन प्रशासन की यातायात ब्यवस्था पर सवाल खड़ा किये जाम में फंसे लोग यह भी कह रहे थे कि चौराहा पर यातायात सुरक्षा ब्यवस्था को लेकर कोई नजर नही आया जिस कारण जाम की और नौबत रही कुछ गर्भवती महिलाएं, घायल भी एम्बुलेंस में पीड़ा से घण्टो कराहते रहे बहादुर शाह नगर मोहल्ला के रहने वाले शिवम सोनी, शास्त्री नगर के रहने वाले शशि कुमार , चन्द्र भूषण तिवारी अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कस्बा कोराव में रोज लग रहे जाम की ब्यवस्था को निराकरण की माँग की है।

### जाम लगने का मुख्य वजह

ब्यापारियों द्वारा बार बार नगर पंचायत के अलाउंस व दिशा निर्देश के बावजूद नाली के बाहर दुकान लगाकर अतिक्रमण किये है साथ ही बहुत सारे लोग मुख्य संपर्क मार्ग पर बस ,चार पहिया ,ई रेक्सा आदि वाहन खड़ा करके गायब रहते है साथ ही दिन में बड़े बड़े भारी वाहनों के आने जाने का भी जाम लगने का एक प्रमुख वजह है साथ ही शाम को जो बस शहर से आती है बस पर लदा लगेज मुख्य मार्ग ओर ही खड़ा करके उतारते है जिस कारण जाम लगने का यह भी एक वजह है साथ ही अगल बगल से गुजरने वाले लोगो के लिए भी खतरा रहता है।

### तिराहा–चौराहा पर पुलिस तैनाती की माँग

कस्बा कोराव जैसे माण्डा रोड पत्रकार चौराहा सब्जी मंडी तिराहा , व थोड़ा बहुत गोपाल विद्यालय के आसपास मोती नगर के आसपास यदि पुलिस की मुस्तैदी रहे तो जाम में निजात व सुरक्षा ब्यवस्था में काफी सहूलियत मिल सकता है स्थानीय लोगो ने थाना पुलिस कोराव का ध्यान आकृष्ट कराया है

## पशिचम विधानसभा में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता यात्रा का आयोजन

**एकता यात्रा का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सरदार पटेल के आदर्शों को जन–जन तक पहुंचना है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ठाकुरगंज, लखनऊ। राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत आज लखनऊ की 171 पश्चिम विधानसभा में एकता यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर माननीय नीरज सिंह जी के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र के अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

एकता यात्रा का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सरदार पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचना है।कार्यक्रम में बीनू शुक्ला, और लखनऊ पश्चिम विधानसभा के उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी रंजीत गुप्ता ,नीलू पांडे ,चारु मिश्रा जी विमल चौधरी जी बबलू अवस्थी, मनोज चौरसिया जी उदय चौरसिया जी प्रतिमा मिश्रा, राजीव मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, प्रमोद प्रजापति, दुर्गा शंकर मिश्रा, अवधेश पांडे , सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सरदार पटेल के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने न केवल भारत को एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया। बल्कि उन्होंने देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाने में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने ल्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतङ्क का संकल्प लिया और सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का प्रण किया।

## निगोहां में दर्दनाक सड़क हादसा, स्कूटी सवार युवक की ट्रॉमा सेंटर में मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम हुए सड़क हादसे ने हर किसी को झकझोर दिया। मस्तीपुर के पास हाईवे पर एक स्कूटी सवार युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल को एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अभिषेक श्रीवास्तव (39वर्ष) निवासी उन्नाव के रूप में हुई है। अभिषेक अपनी पत्नी दीक्षा श्रीवास्तव के साथ निगोहां कस्बे में रहकर एक प्राइवेट टेलीकॉम कंपनी में टेक्निकल वेंडर के रूप में कार्यरत थे। पत्नी दीक्षा अभिषेक किसी काम से अपनी स्कूटी से निकले थे। लौटते समय मस्ती पुर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी जुपिटर स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर भेजा। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया । निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच के लिए मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

## यूनिटी मार्च : सरदार पटेल एकता पदयात्रा का भव्य आयोजन

**पदयात्रा का शुभारंभ ललिता देवी मंदिर से हुआ, जिसे कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' एवं पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता 'नंदी' ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के निर्देशन एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के आदेशानुसार शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में ल्लयूनिटी मार्च सरदार पटेल एकता पदयात्राङ्क का भव्य आयोजन किया गया।

पदयात्रा का शुभारंभ ललिता देवी मंदिर से हुआ, जिसे कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' एवं पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता 'नंदी' ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा ललिता देवी मंदिर से प्रारंभ होकर रमा देवी, खत्री पाठशाला, टैगोर पब्लिक, अतरसुइया, रानीमंडी, कोतवाली, गुड मंडी, रामभवन चौराहा होते हुए मसूरिया माई (कीडगंज) पर संपन्न हुई।मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने पूरी पदयात्रा में भाग लेकर देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया।नोडल अधिकारी के रूप में मेरा युवा भारत की उपनिदेशक जागृति पांडेय रहीं। आयोजन में लेखाकार अदनान खान, विश्वास श्रीवास्तव, निर्मल कांत, अमरेश दुबे एवं राम अवध कुशवाहा ने सक्रिय सहयोग दिया।पदयात्रा का उद्देश्य देश में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव, युवा जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का मुख्य संदेश था – ल्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतङ्क।इस आयोजन में 1500 से अधिक युवा, छात्र-छात्राएँ, शिक्षक, व्यापारी एवं समाजसेवी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने माई भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराया।डीआईओएस पी.एन. सिंह, सहायक डीआईओएस विजय यादव, तथा प्रवक्ता बी.एस. यादव एवं प्रभाकर त्रिपाठी (क्व्रक्ए) ने आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। श्री त्रिपाठी ने अतिथि मंत्री नंदी दंपति का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया।क्रॉस्टवेथ इंटर कॉलेज और आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं – तान्या, उन्नति, अनुष्का और एंजल – ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पदयात्रा में रंग भरे।शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थान – डीएवी इंटर कॉलेज, रमादेवी गर्ल्स कॉलेज, शिवचरण दास इंटर कॉलेज, यादगारे हुसैनी इंटर कॉलेज, केसर विद्यापीठ, गौरी पाठशाला, इलाहाबाद इंटर कॉलेज, के.पी. जायसवाल इंटर कॉलेज, एन. काटजू इंटर कॉलेज और समिति विद्या मंदिर – ने भव्य उपस्थिति दर्ज कराई।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 03.12.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01152025 दिनांक 11.11.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 23-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 2. 24-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 3. 25-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 4. 26-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रथम/सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्सन इंजीनियर (कार्य)-प्रथम/ सुलतानपुर अनुभाग में सुलतानपुर से उतरेटियों (छोड़ कर) जीएम निरीक्षण के लिए सेवा भवन, स्टाफ क्वार्टर, लेवल क्रॉसिंग, पुलों की मरम्मत का प्रावधान। 2. वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर-द्वितीय/सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्सन इंजीनियर (कार्य)-द्वितीय/सुलतानपुर अनुभाग में सुलतानपुर से जफराबाद (छोड़ कर) जीएम निरीक्षण के लिए सेवा भवन, स्टाफ क्वार्टर, लेवल क्रॉसिंग, पुलों की मरम्मत का प्रावधान। 3. वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रथम/सुलतानपुर के तहत जीएम निरीक्षण से संबंधित ट्रैक रखरखाव कार्य। 4. वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर-द्वितीय/सुलतानपुर के तहत जीएम निरीक्षण से संबंधित ट्रैक रखरखाव कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 33085337.09 2. Rs. 31900412.48 3. Rs. 33919391.58 4. Rs. 24227495.34 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 315400.00 2. Rs. 309500.00 3. Rs. 319600.00 4. Rs. 271100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1 से 4 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 19.11.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 03.12.2025 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3508/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी ने रामकोट चीनी मिल का आकस्मिक निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

**डीएम ने चीनी मिल में गन्ना तौल एवं उत्पादन व्यवस्थाए परखी, दिया निर्देश**

**किसानों को मिलें मानक सुविधाएं, भुगतान समय से सुनिश्चित हो**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने कल देर रात रामकोट स्थित चीनी मिल डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की इकाई का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने गन्ने की तौल कराने हेतु आए कृषकों से भी वार्ता कर फीडबैक लिया। उन्होंने चीनी मिल का निरीक्षण कर पर्ची वितरण, कार्यप्रक्रिया, कार्यक्षमता, सुरक्षा और उत्पादन की गुणवत्ता आदि की भी विस्तारपूर्वक जानकारी ली। ??जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गन्ना तौल का कार्य मानकों के अनुसार पूरी शुद्धता के साथ किया जाये। तौल कराने हेतु आए किसानों को मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। किसानों को मानक के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाये। गन्ना मूल्य का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाये। ??जिलाधिकारी ने मिल के निरीक्षण के दौरान कार्यपद्धति का अवलोकन किया। मिल में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने मानकों के अनुसार उत्पादन प्रक्रिया सुनिश्चित किए जाने के निर्देश देते हुए चीनी की गुणवत्ता और उत्पादन की मात्रा आदि की जानकारी भी ली। मिल में स्वच्छता एवं पर्यावरण संबंधी मानकों का भी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।??निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी सहित मिल प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लहरपुर् ब्लॉक में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक सम्पन्न

**अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद विभाग संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष आशुतोष वर्मा रहे मौजूद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लहरपुर, सीतापुर। बैठक का शुभारम्भ अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद विभाग संगठन मंत्री आदरणीय रमाकांत अवस्थी जी ने श्री राम दरबार चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्जवलित कर तथा राष्ट्रीय बजरंग दल जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार बजरंगी के द्वारा उच्चारण, एकात्मता मंत्र व विजय महामंत्र के जप के साथ किया।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद विभाग संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष आशुतोष वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संगठन के आगामी आने वाले कार्यक्रमों के विषय में विस्तृत रूप से बताया एवं जनवरी माह में हिंदू हृदय सम्राट डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया का प्रवास विसवां जिले में होने की समस्त कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार बजरंगी राष्ट्रीय किसान परिषद जिला अध्यक्ष कृपात्शंकरत्बजरंगी मजदूर परिषद जिला अध्यक्ष शिवशंकरबजरंगी राष्ट्रीय एडवोकेट फॉर्म जिला मंत्री मनोजत्चौहान जी राष्ट्रीय बजरंग दल जिला मंत्री नीरज कश्यप जी राष्ट्रीय किसान परिषद जिला उपाध्यक्ष अमरीशत्कुमार जी हिंदू हेल्पलाइन जिला अध्यक्ष अजीत जायसवाल रिंकू कुमार बजरंगी जी राष्ट्रीय किसान परिषद जिला मंत्री केशवत्कुमार जी राष्ट्रीय किसान परिषद जिला महामंत्री राकेश कुमार वर्मा जी के द्वारा कार्यकर्ताओं को संगठन के सात प्रमुख कार्यक्रमों की चर्चा की गई तथा जिले में 501 हनुमान चालीसा शक्ति केंद्र प्रारंभ हो तथा ग्राम स्तर पर संगठन विस्तार के साथ साथ सभी पदाधिकारियों को दायित्व बोध भी कराया। बैठक में कुछ नवीन दायित्वों की घोषणा हुई जय जय श्री राम के उद्घघोष के साथ सभी ने पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्व निर्वाहन का संकल्प लिया।

# राज्यसभा सांसद के प्रस्ताव पर मेडिकल कॉलेज को मिले एक करोड़ के चिकित्सीय उपकरण, किया लोकार्पण

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने लोकार्पण किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया के प्रस्ताव पर राजकीय मेडिकल कॉलेज को एक करोड़ रुपये के चिकित्सीय उपकरण मिले हैं। यह चिकित्सीय उपकरण गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा 2025-26 वित्त वर्ष की सीएसआर योजना के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज को प्रदान किए गए हैं।

जिसको लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज में इन उपकरणों का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने लोकार्पण किया। इस दौरान सांसद ने बताया कि मेडिकल कॉलेज को प्राप्त उपकरणों में 02 लेप्रोस्कोप, 04 ईसीजी मशीनें, 10 मल्टीपारा मॉनिटर, 01 ऑटोक्लेव, 02 ओटी लाइट्स, 04 एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन, 01 ईएनटी माइक्रोस्कोप, 02 ओटी टेबल्स, 10 इमरजेंसी रिकवरी ट्रॉलियां, 30 थ्री-सीटर बेंच, 02 ईएनटी हेड एलईडी लाइट, 10 सिरिंज पंप, 06 वेंटिलेटर और 10 सक्शन एपरेटस शामिल हैं।सांसद मिथिलेश कुमार ने कहा कि इन आधुनिक उपकरणों से मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को अपने जिले में ही बेहतर जांच और उपचार की सुविधा मिलेगी, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में ऐतिहासिक सुधार हुए हैं और सरकार लगातार सरकारी अस्पतालों को अपग्रेड करने के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने उपकरणों की जानकारी दी। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र वर्मा, पार्षद मनीष गुप्ता, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष संजीव राठौर, रोमी आनंद, वैभव खन्ना, सुशील सक्सेना, रामू शर्मा, रक्षपाल, सीएमएस नैपाल सिंह आदि कई लोग रहे।

## डीएम ने विद्यालय व आंगनबाड़ी के निरीक्षण में पायी लापरवाही , शिक्षक का वेतन काटने के निर्देश

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज विकास खण्ड हरगांव क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय मलिहाबाद एवं आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने वीएचएसएनडी के तहत सचांलित सत्र का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बच्चों से वार्ता करते हुये शिक्षण कार्य, भोजन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ने शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली। रसोई घर के निरीक्षण के दौरान बच्चों को मिड-डे-मील में दिये जाने वाले चावल की गुणवत्ता को चेक किया। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सहायक अध्यापक अशोक कुमार के शिक्षण कार्य में अनियमितता पाये जाने पर का एक दिन का वेतन काटनें एवं प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये।आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुये बेहतर मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश संबंधित को दिये। आशा कार्यकत्री की अनुपस्थिति पर अग्रिम कार्यवाही एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित होने पर एक दिन का वेतन काटने के साथ अग्रिम कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

# गौकशी का वांछित अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**अभियुक्त थाना खुटार क्षेत्र के गांव जादमपुर कलां का रहने वाला मुजीबुर्रहमान खां उर्फ नेता है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना खुटार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौकशी के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने तमंचा- कारतूस, गोवंशीय पशु काटने के उपकरण और मोटरसाइकिल आदि बरामद की है।

मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। पकड़ा गया अभियुक्त थाना खुटार क्षेत्र के गांव जादमपुर कलां का रहने वाला मुजीबुर्रहमान खां उर्फ नेता है। दरअसल, बीती 10 नवम्बर को थाना खुटार क्षेत्र के गांव तुलापुर में नहर के पास गोवंशीय पशु के अवशेष मिले थे। इस मामले में हिंदू संगठन के अध्यक्ष की ओर अज्ञात लोगों पर गौवध निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसी क्रम में बीती रात पुलिस ने चेकिंग के दौरान तुलापुर से कोल्हूगाढ़ा की ओर जाने वाले खड़ंजे पर तेलो वाली पुलिया नहर की पटरी के पास से मुठभेड़ में मुजीबुर्रहमान खां को गिरफ्तार किया।पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि जनपद पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव में रहने वाला उसका ससुर छोटे खां काफी दिनों से गौकशी का काम करता है। वो भी अपने ससुर के साथ गोकशी का काम करता है। उनके साथ ही जनपद पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले जावेद उर्फ करिया, जफर, कमरूल और भूरे खां भी गोकशी का काम करते हैं। बताया कि उन सभी ने मिलकर दो दिन पहले नहर की पटरी के पास गोवंशीय पशु को काटा था। आज भी वो और उसके साथी आवारा गोवंशीय पशु की तलाश में थे। सभी साथी पुलिस को देखकर भाग गए। पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस फरार अभियुक्तों की तलाश में जुटी है।

# भाजपा नेता पर हमला करने वाले सात युवक गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**पुलिस ने घटना में शामिल तीन कारों को सीज कर दिया है, जिनमें से एक पर विधानसभा का पास भी लगा हुआ मिला है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिले में शनिवार रात भाजपा नेता शांतनु तिवारी पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि इन युवकों ने न केवल भाजपा नेता की कार में तोड़फोड़ की, बल्कि फायरिंग कर मौके पर दहशत भी फैलाई।

पुलिस ने घटना में शामिल तीन कारों को सीज कर दिया है, जिनमें से एक पर विधानसभा का पास भी लगा हुआ मिला है। फिलहाल मुख्य आरोपी समेत कुछ अन्य युवक फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की कई टीमें जुटी हुई हैं।घटना 9 नवम्बर की रात की है। जानकारी के मुताबिक, कुछ युवक बेहजम रोड स्थित एक स्थान पर अपने मित्र का जन्मदिन मना रहे थे। उसी दौरान भाजपा नेता शांतनु तिवारी अपनी कार से वहां से गुजर रहे थे। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ गया कि युवक मौके से भागकर रामेश्वरम पुरम आवास विकास कॉलोनी पहुंचे और वहीं पर शांतनु तिवारी की कार पर हमला बोल दिया। आरोप है कि आरोपियों ने न केवल कार में तोड़फोड़ की, बल्कि फायरिंग भी की, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।घटना की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। देर रात हुई कार्रवाई में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि मुख्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस ने तीन गाड़ियों को कब्जे में लिया है और यह भी जांच की जा रही है कि विधानसभा पास लगी कार किसी जनप्रतिनिधि या उनके परिचित की है या नहीं।पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि इस प्रकरण में शामिल सभी लोगों की पहचान कर ली गई है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस घटना के बाद से पूरे शहर में चर्चा का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# मानक विहीन तरीके से कराया जा रहा नाली का निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत ब्लाक धौरहरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत करहुंआ में जमकर भृष्टाचार फैला हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार इस ग्राम पंचायत मे कार्य को सही ढंग और मानकों के अनुसार न करवाकर सिर्फकागजो पर कार्य दिखाकर खानापूर्ति की जाती है।

एक तरफ जहां सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ विकास कार्य को लेकर जोर दे रहे है और अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित कर रहे है वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा ही मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना करते हुए उनकी सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।आपको बताते चले कि ब्लॉक धौरहरा के करहुंआ गाँव में बन रही नाली में पीला ईंट और घटिया सामग्री का प्रयोग कर मानक विहीन तरीके से नाली का निर्माण कराया जा रहा है। मानक विहीन तरीके और घटिया सामग्री द्वारा कराये जा रहे नाली के निर्माण के प्रकरण मे जब ग्राम प्रधान प्रवीन अवस्थी को फोन किया गया उन्होंने फोन को उठाना उचित नही समझा,और जब एडीओ पंचायत धौरहरा को फोन किया गया तो उन्होंने भी फोन नहीं उठाया। ग्रामीणों कहना है कि ग्राम प्रधान, सचिव और एडीओ पंचायत यहाँ तक की छोटे बड़े सभी अधिकारी विकास कार्य मे घोटाला कर और भृष्टाचार द्वारा अपनी अपनी तिजोरी भरने में पड़े हैं। अब देखना है कि खंड विकास अधिकारी इस मामले को संज्ञान मे लेकर कोई कार्यवाही करते है या यूँ ही हर बार की तरह इस मामले को भी ठंडे बस्ते मे डालकर रफा-दफा कर दिया जायेगा,जोकि बहुत बड़ा प्रशनचिन्ह बना हुआ है।

## मितौली विकास क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र पर मिल रहा घटिया राशन

मतौली, खीरी। मितौली विकास क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र पर घटिया राशन बच्चों को दिया जा रहा है। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर संकट है। आपको बता दें कि मामला लखीमपुर खीरी जनपद के विकास क्षेत्र मितौली के अंतर्गत ग्राम दानपुर का है जहां बच्चों को घटिया क्वालिटी का राशन दिया जा रहा है। दिए गए राशन में सुंडी, अशुद्धियां एवं महक आने जैसी बड़ी कमियां हैं। इतना ही नहीं यह भी बताया जा रहा है कि उपरोक्त राशन नियमित रूप से न मिल कर कभी कभार ही मिलता है। कभी दो कभी तीन तो कभी कभी चार महीने भी बीत जाते है और जो दिया भी जा रहा है तो कभी केवल पोषाहार या दलिया मिल रही है जिसमें कीड़े निकल रहे हैं। इसके अतिरिक्त राशन के साथ मिलने वाला रिफाइंड, दाल आदि के दर्शन दुर्लभ हैं। इस संबंध में गांव की आंगनवाड़ी कर्मचारी विमला देवी का कहना है कि हमको ऊपर से जब राशन मिलेगा तभी तो देंगे। इससे ग्रामीणों लाभार्थियों में निराशा व्याप्त है। अब सवाल बच्चों की सेहत का है।जब बच्चों को स्वास्थ्य वर्धक राशन नहीं मिलेगा तो उनका स्वास्थ्य कैसे उत्तम रहेगा? आश्चर्य तो इस बात का है कि इस ओर अधिकारियों का ध्यान भी नहीं जा रहा है। कहीं ये खेल उनकी जानकारी में तो नहीं हो रहा है इसीलिए खामोश हैं।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने निकाला कैंडल मार्च

कसमंडा, कमलापुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में हुए कार विस्फोट में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए व हुए आतंकी के हमले के विरोध में आरबीएसबी सिंह इंटर कॉलेज से लेकर रेलवे स्टेशन तक कैंडल मार्च निकाला गया कार्यक्रम के आयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई कमलापुर के सचिन कुमार व विभाग छात्र प्रमुख प्रिया मिश्रा जी के द्वारा हुआ जिसमें कमलापुर के अनेक कार्यकर्ता शैलेश मौर्या सूरज मौर्य सूरजपाल सचिन पाल शिवांक मिश्रा प्रसून रामशंकर सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खुलासा: चोरी के जेवरात व नकदी समेत गिरफ्तार



शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए एक चोर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी किए गए जेवरात व नकदी बरामद की है। पकड़ा गया अभियुक्त थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मौजमपुर का रहने वाला सचिन पुत्र जगदीश है।सोमवार रात थाना कोतवाली क्षेत्र की साउथ सिटी में रहने वाले ओसीएफ कर्मचारी अमित रस्तोगी के बंद मकान का ताला तोड़कर सोने के जेवरात और नकदी अज्ञात ने चोरी कर लिए थे। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जबकि इससे पहले 30 जुलाई को हरिपुरम कालोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने भी घर का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी की रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई थी। इसी क्रम में पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर बरेली हाईवे पर ग्राम मौजमपुर में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने साउथ सिटी से चोरी की गई पीली धातु की चार चूड़ियां, एक हार, दो जोड़ी कान के झाले, दो अंगूठी, दो नाक की नथनी, तीन नाक की कीलें, दो सफ़ेद धातु के सिक्के, तीन हजार रुपए नकद और हरिपुरम कालोनी से चोरी की गई दो जोड़ी पायल, पांच जोड़ी बिछिया आदि बरामद किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वो नशा करने और जुआं खेलने का आदी है। हरीपुरम कॉलोनी में चोरी की गई नकदी को उसने अपने शौक पूरे करने के लिए खर्च कर दिया है। जबकि वहां से चोरी किए गए जेवरात उसने राह चलते अंजान को बेचकर जुआ और शराब में खर्च कर दिए हैं। बताया कि वह इससे पहले भी साउथ सिटी में चोरी करने के बाद पकड़ा जा चुका है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्त पर हत्या का प्रयास, आबकारी अधिनियम, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के करीब डेढ़ दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार के साथ उपनिरीक्षक ललित शर्मा, मोहसिन अली, हेड कांस्टेबल संजीव कुमार, सुधीर कुमार, कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# धान तुलवाने के नाम पर मांगी फिरौती विरोध करने पर मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस ने सरकारी धान क्रय केंद्र पर ट्रैक्टर-ट्रॉली तुलवाने के नाम पर फिरौती मांगने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल, 11 नवंबर को एक व्यक्ति ने रोजा पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पवन कुमार पाठक पुत्र ब्रजेश पाठक, निवासी ग्राम बरीखास थाना मदनापुर, हाल निवासी मोहल्ला हांडा कॉलोनी, थाना रोजा के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई।

आरोप था कि अभियुक्त पवन कुमार पाठक ने सरकारी क्रय केंद्र पर धान की ट्रॉली तौलवाने के नाम पर उससे 250 रूपए की मांग की थी और रुपये न देने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी क्रम में बीती रात थाना रौजा पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अभियुक्त पवन कुमार पाठक को आईटीआई मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त पवन कुमार के खिलाफ थाना मदनापुर और थाना तिलहर में पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रौजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम, हेड कांस्टेबल हरनाम सिंह और कांस्टेबल कपिल कुमार मौजूद रहे।

# डीएम ने दी 1.94 करोड़ की सौगात, मिदनियां तिराहे से एसएसबी तक बनेगा चमचमाता रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शहरवासियों को जाम और खराब सड़कों से जल्द राहत मिलने वाली है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर लखीमपुर शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक – मिदनियां तिराहे से एसएसबी बटालियन तक के मार्ग का कायाकल्प होने जा रहा है।

इस सड़क के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नाली निर्माण का कार्य 1.94 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा।यह परियोजना अवस्थापना विकास निधि और विकास शुल्क निधि से पूरी होगी। इसके कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग (घ्डक) को दी गई है, जबकि सड़क के इंटरलॉकिंग कार्य की जिम्मेदारी जिला पंचायत को सौंपी गई है।फिलहाल यह सड़क मात्र तीन मीटर चौड़ी है, जिसे अब बढ़ाकर 5.5 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसके साथ एक ओर पक्की नाली और दोनों ओर इंटरलॉकिंग का निर्माण किया जाएगा। डीएम ने साफ कहा है कि सड़क निर्माण के दौरान अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा, ताकि मार्ग पूरी तरह व्यवस्थित और सुरक्षित बनाया जा सके।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि ह्लगढ़ी मार्ग शहर का सबसे व्यस्त ट्रैफिक रूट है, जहां से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। सड़क चौड़ी होने से न केवल जाम की समस्या खत्म होगी, बल्कि लोगों को आरामदायक यात्रा का अनुभव भी मिलेगा।ङ्कइस सड़क के सुधरने से केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही एसएसबी बटालियन, बस परिवहन, और स्थानीय नागरिकों को भी आवागमन में सुगमता होगी। इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र में आने वाले हिस्से की पैचिंग का कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जाएगा, जिससे सड़क पूरी तरह दुरुस्त हो सके।

**गुणवत्ता पर रहेगी कड़ी निगरानी, तीन सदस्यीय समिति गठित**

गढ़ी मार्ग के विकास कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तीन सदस्यीय पर्यवेक्षण समिति गठित की है।इस समिति की अध्यक्षता एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह करेंगे, जबकि नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी और जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। यह समिति समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की रिपोर्ट डीएम को सौंपेगी।डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा और यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस पहल से लखीमपुर शहर को जल्द ही एक आधुनिक, चौड़ी और सुरक्षित सड़क का उपहार मिलने जा रहा है।

# प्रदेश सरकार निर्यात प्रोत्साहन के लिए निर्यातकों को दे रही है सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**निर्यातकों को मिले प्रोत्साहन से वे विश्व बाज़ार में देश की वस्तुओं को निर्धारित मूल्य पर आपूर्ति करते है**

बदायूँ। किसी भी देश का विकास उसकी औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ उस देश की उत्पादित वस्तुओं को वैश्विक स्तर पर निर्यात किये जाने से होता है। वैश्विक स्तर के मानक और गुणवत्तायुक्त वस्तुओं की माँग की आपूर्ति करने से विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है जिससे देश समृद्ध होता है। निर्यात प्रोत्साहन एक सरकारी नीति होती है, जो निर्यातकों को प्रोत्साहित करते है, ताकि वे अधिक से अधिक सम्बन्धित वस्तुओं को निर्यात सकें और वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सके।

निर्यातकों को मिले प्रोत्साहन से वे विश्व बाज़ार में देश की वस्तुओं को निर्धारित मूल्य पर आपूर्ति करते है, जिससे देश को विदेशी मुद्रा मिलती है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश से निर्यात को बढ़ावा दिए जाने के लिए प्रत्येक जनपद की स्थानीय निर्यात सम्भावनाओं को एक्सप्लोर करते हुए अधिकतम सदुपयोग, स्थानीय रोजगार सृजन सकारात्मक उद्द्योग अथवा निर्यात अनुकूल वातावरण सृजन किया जा रहा है। उद्यमियों को आवश्यक अवस्थापना, लॉजिस्टिक, वित्त पोषण व अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक जनपद को पोटेशियल एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने हेतु समस्त 75 जनपदों में व्यापक अध्ययन व स्टेक होल्डर्स कन्सलटेशन के माध्यम से सम्बन्धित जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति द्वारा अनुमोदित जिला निर्यात कार्य योजना के क्रियान्वयन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।प्रदेश में जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की नियमित बैठकों के माध्यम से प्रत्येक जनपद के निर्यातकों की आवश्यकतानुसार आवश्यक प्रोत्साहन हैण्ड होल्डिंग सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है। निर्यातकों की समस्याओं के सुनिश्चित समाधान हेतु संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार निदेशालय व भारत सरकार के अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ नियमित संवाद के माध्यम से कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। इस हेतु प्रत्येक कार्यालय में निर्यातकों के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गयी है।प्रदेश सरकार ने दिनांक 16.12.2024 को प्रदेश की नई निर्यात पालिसी 2025-2030 बनाये जाने हेतु विभिन्न सेक्टर स्पेसिफिक निर्यात संवर्धन परिषदों, विभिन्न निर्यातक संघों, निर्यातको द्वारा अपने सुझाव प्रस्तुत करने तथा उन पर चर्चा किये जाने के उद्देश्य से विशिष्ट संवाद सत्र का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये निर्यातकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस वर्कशाप में प्रदेश से निर्यात प्रोत्साहन में उल्लेखनीय योगदान करने वाले निर्यातको को सम्मानित किया गया।प्रदेश में विपणन विकास सहायता योजना तथा गेटवेपोर्ट तक निर्यात हेतु भेजे गये माल भाड़े पर अनुदान व वायुयान भाडा युक्तिकरण योजनाओं का सरलीकरण व तार्किकीकरण करते हुए पूर्णतः आनलाईन व पारदर्शी बनाया गया है।

टाइज योजनान्तर्गत जनपद लखनऊ में भारत सरकार के सहयोग से ट्रेड प्रमोशन सेंटर की स्थापना भी की जा रही है।निर्यात अवस्थापना विकास योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदों में सामान्य सुविधा केंद्र प्रकृति की निर्यात परक अवस्थापना सुविधाओं यथा टेस्टिंग लैब, डिजाइन/पैकेजिंग लेबलिंग स्किल डेवलपमेंट/डिसप्ले सेन्टर के विकास हेतु जनपदों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के हस्तशिल्पियों, उद्यमियों व निर्यातकों को एक प्रभावी मार्केटिंग प्लेटफार्म उपलब्ध कराते हुए प्रदेश से ट्रेड, बिजनेस व निर्यात को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लि0 के सहआयोजन मे दिनांक 25 से 29 सितम्बर 2024 के मध्य इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लि0, ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 द्वितीय संस्करण का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के 2000 उद्यमियों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इस ट्रेड शो में प्रदेश के नवोदित निर्यातकों को भी सब्सिडाइज्ड दरों पर स्टाल उपलब्ध कराए गए जहां 70 से अधिक देशों, के 500 से अधिक ओवरसीज बायर्स के साथ उनका सीधा संवाद व सम्पर्क स्थापित हुआ, आर्डर्स प्राप्त हुए तथा विदेशी बाजार के रुझाने व आवश्यकताओं का फस्ट हैण्ड एक्सपीरियंस प्राप्त हुआ। इस ट्रेड शो में फियों के सहयोग से आयोजित सेमिनार में प्रतिभागी निर्यातकों को लॉजिस्टिक से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी।

निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए दिनांक 26 से 29 फरवरी 2024 के मध्य वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के तत्ववाधान में भारत मण्डपम, प्रगति मैदान व यशोभूमि द्वारिका, नई दिल्ली में इंटरनेशनल ट्रेड शो भारत टेक्स-2024 का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश ने पार्टनर स्टेट के रूप में प्रतिभाग किया। भारत मण्डपम प्रगति मैदान स्थित यूपी पवेलियन में कुल 46 वस्त्र निर्यातक इकाईयों को 50 स्टॉल उपलब्ध कराए गए जहां उनको बी2बी आयोजन में विभिन्न देशों से आए ओवरसीज बायर्स से सीधे सम्पर्क में आने का अवसर प्राप्त हुआ। यशोभूमि द्वारिका स्थित यूपी पवेलियन में प्रदेश के हैण्डीक्राफ्ट व कारपेट सेक्टर की 20 निर्यातक इकाईयों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन बी2बी व बी 2 सी आयोजन में किया गया।

## थार की छत पर चढ़ कर नोट उड़ाने वाली तिकड़ी पकड़ी

शिकारपुर। तहसील शिकारपुर के पहासू इलाके में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान थार की छत पर चढ़कर नोट उड़ने के दो आरोपी युवकों को गिरफ्तार करने के साथ एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि गत 10 नवंबर को कस्बा पहासू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ युवक बारात में चढ़त के दौरान थार की छत पर चढ़ कर हवा में नोट उड़ा रहे थे। पुलिस द्वारा वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए थार गाडी को सीज करते हुए बारह हजार रुपए का जुर्माना किया गया तथा मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के लक्ष्मी नगर निवासी सुहेल रहमान पुत्र मोहम्मद इसलाम और पहासू के मोहल्ला पठान टोला निवासी आसिम पुत्र राजू को गिरफ्तार करने के साथ एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया गया है।

## अलग अलग मामलों में दो लोग गिरफ्तार

शिकारपुर। तहसील क्षेत्र में अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सलेमपुर थाना पुलिस ने रिझोड़ा गांव रोड से गांव जटपुरा निवासी हरिकेश पुत्र रूपचंद को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पहासू थाना पुलिस ने गांव बनेल बंबा मंदिर के पास से आगरा के गांव नगला ताज, बरहन निवासी राजू पुत्र गीतम सिंह को देशी शराब के 16 पव्वा के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## 19 ग्राहकों के 85 हजार रुपए डकारे

शिकारपुर। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लोगों को स्वरोजगार और घर आधारित व्यवसाय के लिए अल्पकालिक कर्ज देने वाली मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के दो रिलेशनशिप ऑफिसर ने 19 ग्राहकों से 84,752 रुपए हड़फ लिए। दोनों रिलेशनशिप ऑफीसरों के खिलाफ मासिक किस्तों को क्लाइंट के घर से एकत्रित करने, कंपनी के बैंक खाते में जमा नहीं करने और साजिशन बेईमानी पूर्वक छल कपट कर हजारों रुपए डकारे जाने का मामला दर्ज कराया गया है। मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के डिवीजनल मैनेजर जिला अलीगढ़ के गांव नगला मानसिंह निवासी मनोज कुमार पुत्र मोहर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनका शिकारपुर में 12 खंभे के पास दफ्तर है, जो आसपास के लोगों को ऋण उपलब्ध कराता है। ऑफिस में जिला हाथरस कि गांव बटपुरा निवासी विकास कुमार पुत्र बिजेंद्र ने 11 ग्राहकों से 39,274 रुपए लेकर कंपनी के बैंक खाते में जमा नहीं कराए। इसी कंपनी के दूसरे रीजनल मैनेजर हापुड़ के पन्नापुरी निवासी मोहित शर्मा पुत्र सुदेश ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा है कि उनका कार्यालय पहासू में खुर्जा रोड पर स्थित है। उक्त कार्यालय पर जिला हाथरस के नगला नत्थू निवासी रिलेशनशिप ऑफीसर सचिन कुमार पुत्र विनय प्रकाश ने आठ ग्राहकों से 45,478 रुपए हासिल किए और उन्हें कंपनी के बैंक खाते में जमा न कर हड़प लिए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 18 नवम्बर को होगा एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन

बदायूँ। जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि 18 नवम्बर 2025 को समय प्रातः 10:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ की ओर से आसिम सिद्दीकी मैमोरियल डिग्री कालेज बदायूँ परिसर में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेला में लगभग 10 कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगीं। जैसे एस0आई0एस0 इन्डिया लिमिटेड देहरादून, पुखराज हैल्थ केयर प्रा0लि0 मुरादाबाद, पज्जो सर्विस प्रा0लि0 नोयडा, फिलिप कार्ड कम्पनी प्रा0लि0 नोयडा, शिवशक्ति एग्रीटेक कम्पनी प्रा0लि0, एस0एन0स्टाफिग साल्यूशन प्रा0लि0, मदरसन कम्पनी प्रा0लि0, जे0बी0 इलैक्टानिक प्रा0लि0, ब्राईट फयूचर एण्ड हर्बल प्रा0लि0, भगवती प्रोडक्ट लिमिटेड नोयडा इत्यादि। इन कम्पनियों में लगभग 650 पद रिक्त है।इस रोजगार मेलें में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आई0टी0आई0 एवं जी0टी0आई0 उत्तीर्ण समस्त ट्रैडों के अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। यह येजना उत्तर प्रदेश सरकार के युवाओं के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार उपलब्ध कराने की सौगात है। उन्होंने समस्त अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने सभी प्रमाण पत्रों एवं शैक्षिक योग्यता बॉयोडाटा सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस योजना का लाभ उठायें। रोजगार मेला उ0प्र0 शासन की महत्वाकांक्षी योजना है।

## एसआईआर के सम्बंध में डीएम ने किया गांवों का दौरा

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को तहसील सदर के ग्राम गुराई, बदरपुर एवं नौशेरा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के सम्बंध में दौरा कर कार्यां की जांच की, ग्रामवासियों से वार्ता की तथा अधिकारियों को पुनरीक्षण के कार्यां का सफलतापूर्वक सम्पादन कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मोहल्ला ब्राह्नपुर रजी में कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

बदायूं। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ब्राह्नपुर रजी चौक निवासी राहुल दुबे (22) पुत्र सत्यनारायण दुबे का शव मंगलवार को घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। बताया जाता है कि युवक ने मरने से पहले एक ऑडियो वायरल किया था, जिसमें उसने आत्महत्या के लिए पत्नी व ससुराल वालों को दोषी ठहराया है। संवाद न्यूज एजेंसी इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करती है। सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो के मुताबिक, पत्नी उसके साथ रहना नहीं चाहती थी। आरोप है कि उसे छोड़कर जाने के लिए रोजाना नए-नए तरीकों से उसे परेशान किया करती है। सात लाख रुपये की मांग और अपने भाई-भाभी, बहन-बहनोई के साथ दिल्ली में रहने का दबाव बना रही थी। परिवार के लोगों पर दहेज उत्पीड़न व घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी पत्नी और भाई दे रहे थे। इसी से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## भाकियू पदाधिकारियों ने विकास भवन में किया प्रदर्शन, खाद वितरण में गड़बड़ी का आरोप

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन (राजनैतिक असली) के पदाधिकारियों ने बुधवार को विकास भवन पहुंचकर खाद वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पदाधिकारियों ने कहा कि सहकारी समितियों पर किसानों को समय से खाद नहीं दी जा रही है, जिससे बोवाई का समय बीत रहा है और किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। भाकियू के जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने एआर कोऑपरेटिव से मिले और इस दौरान दोनों के बीच तीखी नोकझोंक भी हो गई। पदाधिकारियों का कहना था कि समितियों पर पर्याप्त खाद मौजूद है, फिर भी किसानों को वापस लौटा दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दो दिन के भीतर सभी समितियों पर खाद वितरण सुचारु नहीं हुआ तो यूनियन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। एआर कोऑपरेटिव ने पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि जिले में खाद की कमी नहीं है और किसानों को जल्द पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करा दी जाएगी।

# कार्यशाला का आयोजन कर अध्यापकों को बताए सोलर रूफटॉप के लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**योजना में जनपद की रैंक प्रदेश में 55 है। यदि समस्त शिक्षक अपने-अपने घरों पर सोलर पावर प्लान्ट स्थापना करा ले तो जनपद को प्रदत्त लक्ष्य की पूर्ति की जा सकती है**

बदायूँ। डायट प्रेक्षागृह में सोमवार को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत जनपद के प्राथमिक शिक्षा विभाग के समस्त अध्यापकों की कार्यशाला मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने सभी अध्यापको-अध्यापिकाओं को विस्तारपूर्वक योजना के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए ऑनग्रिड सोलर संयंत्र स्थापना कराये जाने के लिये प्रोत्साहित किया।

उन्होंने बताया कि इस योजना में जनपद की रैंक प्रदेश में 55 है। यदि समस्त शिक्षक अपने-अपने घरों पर सोलर पावर प्लान्ट स्थापना करा ले तो जनपद को प्रदत्त लक्ष्य की पूर्ति की जा सकती है।परियोजना अधिकारी नेडा द्वारा उपस्थित सभी अध्यापकों व अध्यापिकाओं को इस योजना के सम्बन्ध में विस्तार से पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया। योजनान्तर्गत बताया गया कि जनपद का लक्ष्य 5880 आवंटित है जिसके सापेक्ष 770 सोलर संयंत्रों की स्थापना अब तक करायी जा चुकी है तथा 597 आवेदको को अनुदान आवेदक के खाता में स्थानान्तरित किया जा चुका है।उन्होंने बताया कि इस योजनान्तर्गत समस्त घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ प्रदान कर आच्छादित किया जाना है। सोलर पावर प्लान्ट स्थापना पर प्रति कि0 वाट रू. 60,000/- व्यय आता है जिस पर केन्द्र एवं राज्य सरकार का रू. 45,000/- अनुदान देय है इसी तरह 02 कि0वाट संयंत्र की लागत रू. 120000/- आती है जिस पर रू. 90,000 अनुदान दिया जाता है। 03 कि0वाट संयंत्र की लागत रू. 180000 के सापेक्ष रू. 108000 अनुदान दिया जाता है। जनपद में कार्यरत वेण्डर वेदान्ता इण्टर प्रा0, सहयोग इण्टर प्रा0, सम्राट इण्टर प्रा0 द्वारा भी इस योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही जिन अध्यापकों द्वारा संयंत्र स्थापना उपरान्त सब्सिडी प्राप्त कर ली गयी है एवं विद्युत बिल में बचत का लाभ लिया जा रहा है उनके द्वारा भी इस योजना से जुड़ने के लिये सभी को प्रेरित किया गया।इस अवसर पर सम्बंधित विभागीय अधिकारी, अध्यापक-अध्यापिकाएं तथा वैंडर्स व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीसीएम ने बाइक सवार दंपती को रौंदा, पति की मौत, पत्नी व बच्चियां गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। उसहैत -म्याऊ रोड पर भंदरा गांव के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार उसहैत निवासी मुकेश कुमार आयु 30 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी नीतू शर्मा 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के समय उनके साथ उनकी दो बच्चियां भी थीं, जो घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, मुकेश कुमार अपनी पत्नी नीतू और बच्चियों के साथ म्याऊं से उसहैत अपने घर की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही डीसीएम ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मुकेश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिवार और स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहाँ नीतू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है जहाँ वे गंभीर स्थति में जिंदगी- मौत से जूझ रही हैं। दोनों बच्चियों को भी चोटें आई हैं, जिनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद चालक मय वाहन के साथ फरार हो गया। पुलिस ने वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस हृदय विदारक हादसे से पूरे उसहैत क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। थाना प्रभारी उसहैत ने बताया कि शव पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय भेजा है। पीएमओ रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम खूझी में गूंजा भक्ति और सेवा का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददात



प्रतापगढ़। ग्राम खूझी (ब्लॉक मांधाता) में चल रहे सात दिवसीय ल्लश्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सवङ्क का दूसरा दिन बुधवार को भक्ति, ज्ञान और सेवा की अद्भुत ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ।

स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी के तत्वावधान में हो रहे इस आयोजन में समाजसेविका डॉ. निरुपमा सिंह के नेतृत्व में अध्यात्म और सामाजिक चेतना का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने डॉ. सिंह के सेवाभाव और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में न केवल भक्ति का प्रसार करते हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन की भावना को भी मजबूत बनाते हैं। महोत्सव का दूसरा दिन उद्यान, पर्यावरण, स्वास्थ्य और भक्ति को समर्पित रहा। पहले सत्र में उद्यान विशेषज्ञों ने औषधीय पौधों और जैविक खेती के बारे में मार्गदर्शन दिया और ग्रामीणों को निःशुल्क पौधे वितरित किए। दूसरे सत्र में महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा हुई, जिसमें स्तन और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम व जागरूकता पर जानकारी दी गई। अंतिम सत्र में आचार्य श्री राजन दीक्षित जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से भक्तिभाव और आत्मिक ज्ञान का संदेश दिया। अध्यक्षा डॉ. निरुपमा सिंह ने कहा कि ल्लयह कथा केवल अध्यात्म का नहीं, बल्कि समाजोत्थान का माध्यम है। हमारा उद्देश्य है कि ग्रामीण अंचलों में भक्ति के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति चेतना बढ़े।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**रामगंगा नदी क्षेत्र (फ्लड जोन) को अतिक्रमण, अवैध कब्जा मुक्त कराने के लिए सिंचाई विभाग और नगर निगम को निर्देश**

संभल। मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मंडलायुक्त ने मंडल के विभिन्न जनपदों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा के दौरान सीएमओ बिजनौर के शिथिल पर्यवेक्षण और स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर सुविधाओं को विकसित कराने में लापरवाही पर नाराजगी जताई।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अपने तैनाती स्थल पर ही निवास करेंगे और सभी सीएमओ स्वास्थ्य से जुड़ी प्रत्येक योजना, कार्यक्रम और अभियान की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग करें।उन्होंने वीएचएसएनडी के उद्देश्यों को सख्ती से प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड सहित अन्य स्वास्थ्य जरूरतों पर इन वीएचएसएनडी सत्रों के दौरान खुलकर चर्चा हो ताकि महिलाएं और किशोरियां अपनी स्वास्थ्य जरूरतों के प्रति संवेदनशील हों।झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पूरे मंडल में अभियान चलेगा। मंडलायुक्त ने कहा कि इन झोलाछाप लोगों द्वारा दी जाने वाली गैरजरूरी दवाओं की वजह से आमजन को काफी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए इन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।आयुर्वेद दवाओं के आधार पर उपचार करने वाले क्लिनिकों पर भी औचक रूप से टीमें पहुंचकर आयुर्वेद डॉक्टरों द्वारा दी जाने वाली दवाओं की जांच होगी।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीयूजी नम्बर पर आने वाली फोन कॉल अनिवार्य रूप से रिसीव होनी चाहिए। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा इस संबंध में सख्त निर्देश दिए गए हैं इसलिए सीयूजी पर आने वाली फोन कॉल रिसीव न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।ग्राम्य दिवस के आयोजन को लेकर भी मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए और कहा कि इस दौरान विकास और राजस्व के साथ ही सभी प्रकार की शिकायतों और समस्याओं का चिन्हीकरण किया जायेगा। ग्राम्य दिवस में गांव की सार्वजनिक संपत्ति, सार्वजनिक भूमि और उनके उपयोग की वर्तमान स्थिति, कुपोषित बच्चे और शांति एवं कानून व्यवस्था से जुड़े मामले भी चिन्हित होंगे।उन्होंने धान खरीद प्रक्रिया को अधिक प्रभावी ढंग से लागू कराने और नियमित रूप से मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए।आंगनवाड़ी केंद्रों पर बाल मैत्री शौचालयों का निर्माण कराने और बच्चों की उपस्थिति दुरुस्त करने के लिए भी मंडलायुक्त ने निर्देशित किया।

# हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम आयोजित डीएम ने सुनीं समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

**कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को यौन हिंसा, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। मिशन शक्ति 5.0 के तहत मंगलवार को हक की बात जिलाधिकारी के साथ फ़ेसबुक लाइव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को यौन हिंसा, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना और उन्हें संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, कानूनी सहायता एवं सुझावों की जानकारी देना था। साथ ही उनकी समस्याओं का निस्तारण करना था। फ़ेसबुक लाइव कार्यक्रम में डीएम ने महिलाओं और बालिकाओं से फोन पर बातचीत कर उनकी शिकायतों और समस्याओं को सुना और तत्काल संबंधित अधिकारियों को उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा।डीएम ने कहा कि समाज में व्याप्त दहेज प्रथा और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। उन्होंने बालिकाओं को आत्मबल मजबूत करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं, फ़ेसबुक लाइव प्रसारण को सोशल मीडिया पर महिलाओं एवं बालिकाओं ने देखा और कमेंट के माध्यम से अपने सुझाव व समस्याएं साझा किए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## एम्स में ड्रग रेजिस्टेंस मरीजों हेतु 8 बेड के डीआर टीबी सेंटर का हुआ उद्धघाटन

रायबरेली। एम्स रायबरेली में ड्रग रेजिस्टेंस मरीजों हेतु 8 बेड के डीआर टीबी सेंटर का उद्धघाटन डॉक्टर अमिता जैन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एम्स रायबरेली द्वारा किया गया जिसमें संस्थान की डीन एकेडमी प्रोफ़ेसर डॉक्टर नीरज कुमारी डीन एग्जामिनेशन प्रोफ़ेसर डॉक्टर प्रगति गर्ग एवं डीन रिसर्च प्रोफ़ेसर डॉक्टर अर्चना वर्मा के साथ ही लखनऊ से आए विशेष अतिथि डॉ राजीव गर्ग केजीएमयू एवं डॉ अजय कुमार वर्मा केजीएमयू तथा नोडल क्षय रोग विभाग रायबरेली डॉक्टर अनुपम सिंह उपस्थित रहे उद्घाटन के उपरान्त डीआर टीबी-इमर्जिंग चैलेंजेस विषय पर एक सीएमई का भी आयोजन किया गया सीएमई में नोडल ऑफिसर कोर कमेटी एनटीईपी एम्स डॉक्टर प्रमोद कुमार, कोऑर्डिनेटर कोर कमेटी एनटीईपी एम्स डॉ सना इलाही एवं नोडल अधिकारी डीआर टीबी एम्स डॉ महेंद्र कुमार मीणा के साथ ही राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के जिला प्रोग्राम समन्वयक अभय मिश्रा जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक मनीष श्रीवास्तव जिला पीएमडीटी समन्वयक अतुल कुमार वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अलंकार शर्मा एसटीएलएस अखिलेश त्रिवेदी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# डीएम ने की सीएम डैश बोर्ड पर हुए विकास कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल,बहजोई। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं एवं उनकी रैंक तथा प्रगति के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया।

उद्यान विभाग के अंतर्गत माइक्रो इरिगेशन 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप 'को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी तथा कम रैंक पर संबंधित अधिकारी का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। दैनिक विद्युत आपूर्ति को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतें ,विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन आदि पर भी चर्चा की गयी। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत पूर्व दशम छात्रवृत्ति कक्षा 9 से कक्षा 10 में रैंक कम होने पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने संबंधित प्रधानाचार्यों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पिछड़ा वर्ग विभाग के अंतर्गत पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना को लेकर जानकारी प्राप्त की गई रैंक कम होने पर छात्रवृत्ति से संबंधित आवेदनों की जांच के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ओडीओपी वित्त पोषण योजना पर भी चर्चा की गई तथा कम रैंक आने पर संबंधित अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि पर भी चर्चा की गई। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डे एनआरएलएम, पीएम आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण ,दुग्ध मूल्य भुगतान की स्थिति, दिव्यांगजन पेंशन जल जीवन मिशन ग्रामीण, फैमिली आईडी ,एंबुलेंस 108 ,सामाजिक वानिकी आदि पर भी चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सूक्ष्म स्तर पर कार्य करें अपने अधीनस्थ ग्राउंड लेवल के कर्मचारियों को सक्रिय करें। पूर्वी फाउंडेशन से विनीत कश्यप द्वारा उनकी टीम द्वारा तालाबों के जीर्णोद्धार पर किये जा रहे कार्यों पर अपना प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरूण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समद फाउंडेशन ने दी महिलाओं को नई उड़ान

## सिलाई मशीन व प्रमाण पत्र पाकर झलकी आत्मनिर्भरता की मुस्कान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। समाज में सेवा, सहयोग और सशक्तिकरण की मिसाल कायम करते हुए समद फाउंडेशन ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद समद (शाबान) के नेतृत्व में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं को सिलाई मशीन, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना रहा। समद फाउंडेशन का यह प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन और महिला विकास का एक जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और समाजसेवियों ने कहा कि आज की महिला केवल गृहिणी नहीं, बल्कि समाज की रीढ़ है। यदि उसे अवसर और सहयोग दिया जाए तो वह अपने साथ-साथ पूरे परिवार और समाज को आगे बढ़ा सकती है। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष मोहम्मद ताहिर, वरिष्ठ सलाहकार कार्तवीर सिंह और मोहम्मद शोएब सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं महिला सदस्यों – शाइना परवीन, साज़िया, सलीबा इकबाल, सादिया सुल्ताना और सोनी परवीन –ने मंच संचालन से लेकर पूरे आयोजन की व्यवस्था तक जिम्मेदारी बखूबी निभाई, जिनकी मेहनत और समर्पण की सभी ने प्रशंसा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष मोहम्मद समद (शाबान) ने कहा कि समद फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में शिक्षा, रोजगार और समान अवसरों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि संस्था की प्राथमिकता समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे अपने पैरों पर खड़े होकर सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा –हमारा संकल्प है कि कोई भी महिला आर्थिक रूप से निर्भर न रहे। हम उन्हें प्रशिक्षण, साधन और सहयोग देकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर देते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं और सामाजिक एकता को मजबूती प्रदान करते हैं। सभी अतिथियों और लाभार्थी महिलाओं ने समद फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था का यह प्रयास उनके जीवन में आत्मविश्वास और नई ऊर्जा लेकर आया है। कार्यक्रम के समापन पर संस्था के सभी सदस्यों ने एक साथ मिलकर समाज सेवा के इस मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। लोगों का कहना था कि समद फाउंडेशन की यह पहल न केवल बहराइच बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा कमिश्नर को सौंपा पांच सूत्रीय मांगपत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की देवीपाट न मंडल इकाई के पदाधिकारियों की एक बैठ क बुधवार को सिंचाई डाक बंगले में आयोजित की गयी। बैठक में पत्रकार हितों पर चर्चा की गयी तथा संगठन के विस्तार और सदस्यता पर विचार विमर्श किया गया।संगठन में शामिल हुए जिले के वरिष्ठ पत्रकार उमानाथ तिवारी व राजकुमार सिंह को संगठन का संरक्षक व कप्तान सिंह तथा दिनेश पाठक को मंडल महामंत्री मनोनीत किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष ने मनोनीत पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया।इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों ने अपना पांच सूत्रीय मांगपत्र देवी पाटन मंडल आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील को सौंपा।सिंचाई डाक बंगले में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने सदस्यता पर चर्चा की।श्रावस्ती जिलाध्यक्ष राजकिशोर पांडेय ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। मंडल अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने बताया कि पत्रकार हितों को लेकर मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील को पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के दो प्रतिनिधियों को प्रदेश के पत्रकार मान्यता प्राप्त समिति में शामिल करने, ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोग का गठन करने, प्रदेश की राजधानी लखनऊ में संगठन के लिए कार्यालय आवंटित करने, तहसील और ब्लॉक स्तर पर मान्यता के लिए किए गए प्रावधान में संशोधन करके मान्यता मानदंडों में आने वाले संवाददाताओं को मान्यता देने तथा उन्हें परिवहन व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और गैर मान्यता प्राप्त ग्रामीण पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के साथ-साथ प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित करने की मांग की गई है। बैठक में शेर सिंह यादव, दीपक कौशल, मंगल देव शुक्ला, शिवकुमार पांडे, विनोद कुमार अवस्थी, अर्जुन प्रसाद मिश्र, विनय मिश्रा, रामकुमार कौशल, मोहनलाल चौहान, दुर्गेश जायसवाल, संजय कुमार यादव, भानु प्रताप तिवारी, मोहित द्विवेदी, मुकेश कुमार शुक्ला, खुशबू कनौजिया, निशि तिवारी, मुन्नालाल पांडे समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# छात्राओं को यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ


कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में यातायात नवंबर माह में सरयू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज,गोण्डा में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी शिल्पा वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ल्ययातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा से जुड़ी अत्यंत आवश्यक आदत है। सड़क पर सावधानी और अनुशासन अपनाने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। छात्राएं स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व समा ज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जान कारी दी गई।उन्हें बताया गया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनि वार्य रूप से करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें, नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं तथा सड़क पार करते समय विशेष सावधानी बरतें। अधिकारियों द्वारा छात्राओं को यह भी बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करना न केवल कानूनन आवश्यक है, बल्कि यह स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए तथा उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन का पालन करने की शपथ दिलाई गई।जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा ल्ययातायात माह नवंबर 2025ङ्क के अंतर्गत इसी प्रकार जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।इस अवसर पर प्रभारी यातायात जगदंबा गुप्ता,टीएसआई राकेश कुमार, मुख्य आरक्षी दयानाथ चौहान, आरक्षी योगेश कुमार,होमगार्ड दिनेश चंद पांडे एवं होमगार्ड काशीराम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्कूली वैन में लगी भीषण आग, बच्चों व ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा ।जिले में एक स्कूली वैन में आग लग गई वजीरगंज थाना क्षेत्र के बनघुसरा गांव के पास गोंडा-अयोध्या मार्ग पर हुई इस घटना में वैन में सवार दस बच्चों और ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई। यह हादसा स्कूल से लगभग सौ मीटर की दूरी पर हुआ है।जानकारी के अनुसार ओमनी मारुति वैन बच्चों को स्कूल से घर ले जा रही थी। आग लगते ही ड्राइवर ने तत्परता दिखाते हुए बच्चों को वैन से बाहर निकाला और खुद भी कूद गया। इसके बाद ड्राइवर ने वैन को सड़क के किनारे ले जाकर खड़ा कर दिया, जहां देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वैन पूरी तरह जलकर खाक हो गई।स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक वैन पूरी तरह जल चुकी थी। बताया जा रहा है कि वैन में गैस सिलेंडर रखा हुआ था और लीकेज के कारण यह हादसा हुआ। यह भी सामने आया है कि इस स्कूली वैन का रजिस्ट्रेशन खत्म हो चुका था और सेंट जोसेफ स्कूल द्वारा नियमों को दरकिनार कर इसका संचालन किया जा रहा था।वजीरगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं।ड्राइवर की सूझबूझ से सभी बच्चों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया था। पुलिस इस पूरी घटना की जांच कर रही है कि था। पुलिस इस पूरी घटना की जांच कर रही है कि वाहन में आग कैसे लगी और किन परिस्थितियों में यह हादसा हुआ।

वही जब गोंडा की एआरटीओ आरसी भारती से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। जो भी जांच में निकाल कर आएगा उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना की हम लोगों को जानकारी ही नहीं है जिन वहां का रजिस्ट्रेशन बच्चों को ले जाने के लिए है।उन्हें वाहनों के माध्यम से केवल बच्चों को लेकर के कहीं पर लोग स्कूल लेकर जा सकते हैं।

# थानों में नहीं सुनी जाती फरियाद अधिकारियों तक लगानी पड़ती है गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा स्लोगन उत्तर प्रदेश पुलिस का है, लेकिन आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि पुलिस का निचले तंत्र पर से लोगों का भरोसा उठ रहा है वैसे तो बड़े अधिकारियों का यह आदेश है कि थानों में फरियादियों को न्याय मिलना चाहिए। इसके बावजूद इंसाफ देना तो दूर,थानों में कई मामलों में सुनवाई तक नहीं हो पाती है,ऐसी परिस्थिति में आला अफसरों के यहां फरियादियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। सोमवार से लेकर शनिवार तक कचहरी स्थित एसपी कार्यालय अपनी फरियाद पहुंचाने के लिए आम लोगों की भीड़ लगी रहती है। सब की एक ही समस्या रहती है कि थाना स्तर पर उनकी बात नहीं सुनी जा र ही है इसलिए अभी आपके पास आए हैं। आला अधिकारियों के पास उमड़ती है भीड़ एसपी के जिम्मे जिले कई महत्वपूर्ण काम है मुख्यालय होने के नाते गोंड़ा एसपी को कई अहम जिम्मेदारियां दिन भर निभाना होता है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि गोंड़ा एसपी का आधा समय लोगों की फरियाद सुनने में निकल जाता है ऐसा कोई भी दिन नहीं होता है जिस दिन 50 से अधिक लोग एसपी के पास अपनी फरियाद लेकर नहीं पहुंचते हैं अगर आंकड़ों की बात करें तो एक महीने में लगभग सात सौ से एक हजार से ज्यादा लोग एसपी के कार्यालय पहुंचकर यह शिकायत करते नजर आते हैं कि उक्त थानेदार ने उनकी बात नहीं सुनी यह आंकड़ा तो सिर्फ एसपी का है अगर पूरे जिले की बात करें तो चार तहसीलों के सीओ,अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी,अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के कार्या लय पहुंचकर हर दिन दर्जनों से अधिक लोग अपनी फरि याद सुनाते हैं।

बड़े अधिकारियों के द्वार पर फरियाद लगाने वाले कई लोग तो कैमरे पर कुछ भी कहने से सिर्फ इसलिए बचते हैं क्योंकि उन्हें यह डर रहता है कि कहीं थाना स्तर से मामला बिगड़ ना जाए,एसपी के कार्यालय में एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर मौखिक रूप से बता या कि वह एसपी से मिलने आया था।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी की मौजूदगी में हुआ मतदाता गणना प्रपत्रों का वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) के क्रम में बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाताओं को वितरित किये जा रहे गणना प्रपत्र का भौतिक सत्यापन मोनालिसा जौहरी उपजिलाधिकारी नानपारा व तहसीलदार नानपारा रविकान्त द्विवेदी के साथ ग्राम बिशुनापुर की भाग सं0 94, ग्राम बरगदहा चिलबिला की भाग सं0 95, 96 व ग्राम बसभरिया दा0 कलवारी की भाग सं0 97, 98, 99 पर जाकर किया गया। सत्यापन के समय उपरोक्त भाग सं0 के सुपरवाईजर व बी0एल0ओ0 बूथ पर उपस्थित रहे। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 283 विधानसभा क्षेत्र-नानपारा के द्वारा मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर जमा करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। अतिरिक्त सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सभी मतदाताओं को स्पष्ट किया कि जिन भी मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है, उनको गणना पत्र भरकर बी0एल0ओ0 को दे देना है। इन मतदाताओं को कोई अभिलेख साक्ष्य स्वरूप नही दिया जाना है। ग्राम बिशुनापुर के मतदान केन्द्र पर मोनालिसा जौहरी एसडीएम नानपारा द्वारा मौके पर उपस्थित सुपरवाईजर एवं बी0एल0ओ0 को निर्देशित किया गया कि घर-घर जाकर 100 प्रतिशत गणना पत्रक का वितरण किया जाना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कार्यवाही की जायेगी।

# इमपैनल्ड सीड कम्पनियों द्वारा शाकभाजी बीज के लगाये गये स्टाल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि शासन एवं निदेशालय स्तर से इमपैनल्ड कम्पनियों बापना सीड्स कम्पनी, ट्रोपिका सीड्स कम्पनी एवं इनवेस्टिव सीड्स प्रा.लि., बैंगलोर द्वारा जिला उद्यान कार्यालय, बहराइच में शाकभाजी बीज के स्टाल लगाये गये। जिले के शाकभाजी एवं मसाला बीज उत्पादक किसानों द्वारा स्टालों का अवलोकन करते हुए शाकभाजी बीज क्रय करने में अभिरूचि दिखायी गई। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत मंगलवार को सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड द्वारा लहसुन एवं प्याज बीज वितरण कार्यक्रम के शुभारम्भ के पश्चात जिला उद्यान कार्यालय, बहराइच में कृषकों को बीज का वितरण भी किया गया।

# जनवरी 2026 के खिचड़ी मेले की तैयारी बैठक

## जिलाधिकारी दीपक मीणा ने दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। विकास भवन सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में आगामी जनवरी माह 2026 में गोरखनाथ मंदिर परिसर में लगने वाले प्रसिद्ध खिचड़ी मेले की तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गोरखनाथ मेला गोरखपुर की पहचान है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने आते हैं। ऐसे में यह प्रशासन की जिम्मेदारी है कि मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम दीपक मीणा ने सभी संबंधित विभागों को मेले की तैयारियों को समयबद्ध और समन्वित रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, यातायात, सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहने की संभावना है। इसलिए पार्किंग स्थलों की संख्या बढ़ाई जाए और यातायात व्यवस्था को एक सर्कुलर रूट सिस्टम के तहत सुचारू किया जाए ताकि श्रद्धालुओं को जाम का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम और सीओ ट्रैफिक के बीच बेहतर तालमेल बनाते हुए वैकल्पिक मार्गों की अग्रिम घोषणा की जाए।

डीएम ने निर्देश दिया कि पेयजल व्यवस्था के लिए नगर निगम और जलकल विभाग पर्याप्त संख्या में टंकी, हैंडपंप और अस्थायी जल स्टॉल लगाएं। इसके साथ ही सभी पाइप लाइनों की जांच कर लीकेज दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कैम्प और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था भी मेले के भीतर और आसपास की जाए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि सीएमओ राजेश झा मेले में चिकित्सकों की टीम तैनात करें और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डेंगू और मच्छरजनित बीमारियों को देखते हुए फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव का कार्य मेले से पहले पूरा कर लिया जाए।

## बहुउद्देशीय हब निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के स्वामी प्रस्तुत कर सकेंगे आपत्ति एवं सुझाव

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जनपद बहराइच में बहुद्देशीय हब निर्माण हेतु ग्राम कलवारी, गबरखा व भवनियापुर टिकुरी परगना चर्दा तहसील नानपारा बहराइच की कुल 1.2495 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। डीएम ने बताया कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (उ.प्र.) नियमावली-2016 के नियम-7 के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना के क्रियान्वयन हेतु कपूरथला परिसर स्थित कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी में विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बहराइच द्वारा 17 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लोक सुनवाई की जायेगी। डीएम श्री त्रिपाठी ने अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों से अपेक्षा की है कि 17 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लोक सुनवाई में उपस्थित होकर सम्बन्धित ग्रामों में स्थित भूमि के सम्बन्ध मे सामाजिक समाघात आंकलन रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना पर अपनी आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

# पुलिस व सत्ता के संरक्षण में डबल डेकर बसों की मनमानी से जनता परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । लखनऊ रोड हुजूरपुर तिराहे के पास सड़क पर डग्गामार बस संचालकों की मनमानी हावी है जिसके चलते ट्रैफिक व्यवस्था धड़ाम हो गई है।तिराहे को पार करने के लिए रोडवेज समेत सभी वाहनों को भीषण जाम का सामना करना पड़ रहा हैं।करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की मिलीभगत से कानून व्यवस्था को ताक पर रखकर डबल डेकर बसों का संचालन बेरोक टोक जारी है।करनैलगंज में दोपहर तीन बजे के बाद से लेकर देर रात तक अव्यवस्था का आलम देखा जा सकता है,जब सड़क पर बेतरतीब खड़ी इन बसों की वजह से लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। रोडवेज बस या अन्य वाहनों को खड़े होने या निकलने की जग ह नहीं मिलती है,जिससे गोंडा लखनऊ बहरा इच, बलरामपुर आदि आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों की माने तो इन प्राइवेट बसों में दिल्ली या प्रदेशों को जाने वाले यात्रियों को भूसे की तरह भरा जाता है,जिससे न केवल उनकी सुविधा बल्कि सुरक्षा भी खतरे में रहती है। पूरे चौराहे पर बसें आड़ी-तिरछी खड़ी कर ली जाती हैं और यात्रियों को ठूंस-ठूंसकर चढ़ाया जाता है।हैरानी की बात यह है कि यह सब स्थानीय पुलिस की आंखों के सामने होता है, और वह या तो जानबूझकर अनदेखी करती है या बस संचालकों की खुलकर मदद कर रही है।गंभीर चिंता का विषय यह है कि आए दिन इन डबल डेकर बसों की दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें निर्दोष यात्रियों को अपनी जान तक गंवानी पड़ रही है।इसके बावजूद न तो प्रशा सन सजग हो रहा है और न ही परिवहन विभा ग इस पर कोई सख्त कार्रवाई कर रहा है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: 484 जोड़ों का विवाह संपन्न, जिलाधिकारी ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मुख्य अतिथि विधायक बरखेडा स्वामी प्रवक्तानंद,ब्लाक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा,जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोशनी यादव, नगर मजिस्टेट विजय वर्धन तोमर, उप जिलाधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई द्वारा सामूहिक विवाह राजकीय ड्रमण्ड इण्टर कालेज परिसर पीलीभीत में सम्पन्न कराया गया विवाह समारोह में 520 में से 484 नव युगलों का विवाह सम्पन्न कराया गया। जिसमें 21 अल्पसंख्यक जोड़े भी सम्मिलित हुए इस दौरान अधिकारियों द्वारा वर-वधू को आवश्यक उपहार सामग्री वितरित कर सभी को आशीर्वाद दिया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की इस पुनीत और पावन बेला पर नव



विवाहितों को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि करने की कामना की गई इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव युगलों को पवित्र बंधन के दाम्पत्य सूत्र के आत्मीय सम्बन्धों के साथ गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जन्म जन्मांतर के पारिवारिक एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कर्तव्य निर्वाहन हेतु जीवन की नई पारी प्रारम्भ करने पर वर वधू के लिए मंगलकामना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शासन द्वारा एक जोडे की शादी पर रू. 01 लाख व्यय करने की व्यवस्था की गई जिनमें कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रू. 60000/- मात्र कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। रू0 25000/- मूल्य की आवश्यक सामग्री (कपडे, बिछिया, पायल चांदी, डिनर सेट, प्रेशर कुकर, ट्राली बैग, दीवार घड़ी, सीलिंग फैन, कूल केज, आयरन प्रेस, गद्दे, कम्बल आदि जोडों को दिया गया। कार्यक्रम के आयोजन हेतु विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामाग्री, भोजन, पण्डाल, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु रू. 15000- मात्र निर्धारण किया गया हैं।

## पीड़ित व्यापारी ने एसपी से हाईकोर्ट के आदेशों के आधार पर पुनर्विवेचना कराने की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। डकैतों के जेल भेजे जाने के बाद भी लूटी गई धनराशि और जेवरात व्यापारी को नहीं मिल सके उनका आरोप है कि घटना में शामिल स्थानीय लंगड़ा मुखबिर को भी पुलिस ने जेल नहीं भेजा पीड़ित व्यापारी ने एसपी से मुलाकात कर हाईकोर्ट मिस0 रिट पिटिशन संख्या 3261/2025 मे पारित आदेश के अनुपालन तथ्यों पर पुनः विवेचना कराने घटना की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए बच्चों के शैक्षिक प्रमाण पत्र, जेवर और नकदी बरामद कराने की मांग की है अपनी जान को भी खतरा बताया है कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा ताल्लुके महाराजपुर के किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के घर 30 जनवरी की रात डकैती हुई थी बदमाशों ने असलाहों के बल पर करीब 32 लाख के जेवर और 26 लाख रुपये लूटे थे इसके अलावा बच्चों के शैक्षिक प्रमाण पत्र और अन्य सामान भी लूट ले गए थे। हालांकि डकैती की घटना को अंजाम दने वाले सभी आरोपियों को पुलिस जेल भेज चुकी है। इसके बावजूद व्यापारी का आरोप है कि पुलिस अभी तक लूटे गए समस्त जेवर और धनराशि बरामद नहीं कर सकी सोमवार को व्यापारी सुनील गुप्ता और उनकी पत्नी साधना गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर पुनः विवेचना कर न्याय की गुहार लगाई पत्र में बताया कि पुलिस पांचों डकैतों को जेल भेज चुकी है लूटे गए सोने चांदी के आभूषण और नकदी अभी तक वापस नहीं कराई गई कोर्ट से आर्डर मिलने के बाद पुलिस ने डीबीआर उन्हें वापस नहीं की इसके अलावा लूट की घटना को अंजाम दिलाने वाले छठे स्थानीय आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया जिसने घटना की साजिश रची थी इससे व्यापारी ने अपने परिवार को खतरा बताया।बच्चों के लूटे गए शैक्षिक प्रमाण पत्र नहीं मिले हैं। पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट दंपति ने मुख्यमंत्री दरबार से लेकर कोर्ट की शरण ली थी जिसमें कोर्ट ने पुनः विवेचना कराने सहित मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने का आदेश दिया था जिसका अभी तक पालन नही किया गया जिसको कराने को लेकर पीड़ित एसपी अभिषेक यादव से मांग की है।

### चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह का किया स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान गंगा राइस मिल पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं सदस्य विधान परिषद संतोष सिंह के आगमन पर उनका फूलमालाओं से हार्दिक स्वागत किया।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, ब्लॉक प्रमुख पति अपूर्व सिंह, सभासद सौरभ सक्सेना 'रासू', सभासद पति हरिओम वाल्मीकि, नरेश पाल सिंह, नगर उपाध्यक्ष एड. उपेंद्र भारती, नगर मंत्री अंकित वाल्मीकि, नगर कार्यकारिणी सदस्य रितेश गुप्ता, गौरव पाण्डेय, विवेक तिवारी, अचल मोहन पाण्डेय सहित नगर के अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने पूरनपुर आगमन पर सभी कार्यकर्ताओं से भेंट की और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन भी किया है।

### छात्रों और एक युवक के बीच जमकर मारपीट

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील क्षेत्र थाना सेहरामऊ के जोगराजपुर स्थित एक स्कूल की छुट्टी होने के कुछ देर बाद छात्रों के एक गुट एक युवक सहित आपस में भिड़ गए इसके कुछ देर बाद छात्रों के करीबी भी मौके पर पहुंच गए और आपस में जमकर बेल्ट चली एक युवक को बेल्टों से पीटने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जोगराजपुर के सेवाराम नत्थूलाल इंटर कालेज की स्कूल की छुट्टी होने के कुछ देर बाद छात्रों का एक गुट की किसी बात को लेकर एक युवक की बहस हो गई युवक भी पड़ोस गांव मढ़ाखुर्द कलां का बताया जा रहा है और जिस जगह युवक के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है वह सेहरामऊ स्टेशन के नजदीक का बताया जा रहा है

### करंट की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली थाना क्षेत्र के घाटमपुर गांव में धान सफाई कर रही महिला की सफाई मे लगे पंखे की चपेट में आने से मौत हो गई स्वजनों ने अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक में मृत घोषित कर दिया जानकारी के अनुसार बुधवार के दिन के 01.30 बजे के आस पास निशा पत्नी रियासत धान सफाई कर रही थी कि पंखे को पकड़ते ही उसे चपेट में ले लिया जब तक कुछ समझ पाती कि वह अचेत हो गयी और परीजन सहित आस पास के लोग मौके पर पहुंच कर बाहर निकाला और आनन-फानन में अचेतावस्था में अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया

### पीलीभीत में 18 नवम्बर को लगेगा रोजगार मेला

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला रोजगार सहायता अधिकारी विवेक शुक्ला ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय/मॉडल कॅरियर सेंटर की ओर से द ग्रेट आरपी मेमोरियल डिग्री कालेज अमरिया में 18 नवंबर को एक दिवसीय रोजगार मेला लगाया जाएगा।मेला में निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने के लिए 11 कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। मेला में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी शैक्षिक प्रमाणपत्र की छाया प्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा दो प्रतियों में लाना सुनिश्चित करें इस मेला में नॉन टेक्निकल, टेक्निकल और डिप्लोमाधारी पुरुष और महिला अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होने चाहिए सभी हितधारकों का पंजीकरण किया जाएगा और आगंतुकों के लिए एक फीडबैक पुस्तिका का प्रबंध किया गया है, जिसमें वे अपने अनुभव साझा कर सकेंगे।जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ने सभी संबंधित विभागों संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वे अपने संस्था से जुड़े प्रतिनिधियों नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर, विभाग/संस्था का नाम सहित का विवरण 14 नवंबर, 2025 तक ई-मेलआईडी पर उपलब्ध कराएं, ताकि छात्र-छात्राओं को संबंधित क्षेत्रों में कैरियर की संभावनाओं की व्यापक जानकारी मिल सके।

### एडीएम ने शातिर अपराधी को छह माह के लिये किया जिला बदर

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये अपर जिला मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये उन्हें जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने जिस एक युवक जिला बदर किया है उनमें अनुराग सिंह पुत्र हरि नरायन सिंह उर्फ हन्नु सिंह, निवासी ग्राम दिछौली थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को आदेशित तिथि ग्यारह नवम्बर से छह माह की अवधि के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। इसके साथ ही जिला मजिस्ट्रेट अमेठी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं, जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिये गये हैं।

### अनियंत्रित कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल जांच में जुटी पुलिस

कादीपुर/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । अखंडनगर थाना क्षेत्र के अलाउद्दीनपुर गांव के पास मंगलवार सुबह एक अनियंत्रित कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बेलवाई-हलियापुर मार्ग पर सुबह करीब 8 बजे हुई। घायलों की पहचान गढ़ साड़ी जगदीशपुर निवासी राज चौहान (18) पुत्र राम उदय चौहान और दीपांशु चौहान (18) पुत्र संतोष चौहान के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल राज चौहान को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर लाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। वहीं, दीपांशु चौहान को उनके परिजनों द्वारा एक निजी वाहन से अंबेडकरनगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया।अखंडनगर थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने ले आई है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

### दबंगों ने सार्वजनिक रास्ते को किया बंद

बल्दीराय/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । दंबगो ने महिला की खतौनी से बने रास्ते को बांस की बेरीकेटिंग लगाकर अवरुद्ध कर दिया है पीड़ित महिला ने तहसीलदार से शिकायत करके रास्ता खुलवाए जाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र बल्दीराय के ब्लाक धनपतगंज के ग्राम भरती सरैया की पीड़ित महिला रंजना सिंह शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी खतौनी से एक सार्वजनिक रास्ता है जिससे वह बाहर आती जाती है गांव के ही दंबग नरेन्द्र ' सुरेन्द्र ' राजेन्द्र ने जबरन रास्ते में बांस की बेरीकेटिंग लगा रास्ता अवरुद्ध कर दिया रास्ता अवरुद्ध होने से महिला का बाहर आना जाना बंद हो गया पीड़ित महिला रंजना ने बताया जब हम रास्ते से जाते है ये दंबग गाली गलौज मारपीट पर अमादा होते है। महिला ने नायब तहसीलदार से जरिए प्रार्थना पत्र रास्ता खुलवाए जाने की मांग की है। इस संबंध में नायब तहसीलदार ने बताया कि तहरीर मिली है थानाध्यक्ष धनपतगंज को अवगत कराया गया है।

## अमेठी पुलिस ने शूटिंग प्रतियोगिताओं में नौ पदक एवं तेइस प्रशस्ति पत्र किया हासिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । अमेठी पुलिस ने ग्यारहवीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में आयेजित विभिन्न शूटिंग प्रतियोगिताओं में कुल नौ पदक व तेइस प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर जनपद अमेठी पुलिस का मान बढ़ाया है। ग्यारहवी वाहिनी पीएसी सीतापुर में बीती बीस सितम्बर से बाइस सितम्बर तक अन्तर्जनपदीय लखनऊ ज़ोन शूटिंग स्पोर्ट्स रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म एफीशियेन्सी रेस प्रतियोगिता 2025 एवं पचासवीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत बीती बारह अक्टूबर से अठारह अक्टूबर तक शूटिंग स्पोर्ट्स रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म एफीशियेन्सी रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त दोनो प्रतियोगिताओं में अमेठी पुलिस का जोखई प्रसाद यादव व ओ पी राम राणा ने पन्द्रह गज, पच्चीस गज, चालीस गज व पचास गज में प्रतिनिधित्व किया जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये जोखई प्रसाद यादव द्वारा टीम व एकल की विभिन्न शूटिंग प्रतियोगिता जैसे रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म एफीशियेन्सी रेस में कुल तीन स्वर्ण, एक रजत, दो कांस्य पदक व अठारह प्रशस्ति पत्र एवं ओपी राम राणा द्वारा कुल दो स्वर्ण, एक कांस्य व पांच प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर अमेठी पुलिस का मान बढ़ाया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बुधवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में मुख्य आरक्षियों को उक्त उपलब्धियों के संदर्भ में शुभकामनाएं दी गई व उनके प्रदर्शन की सराहना की है।

## बिरसा मुंडा जनजातीय समाज के अग्रदूत थे: जितिन प्रसाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। थाना माधोटांडा में भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया माधोटांडा के जूनियर हाई स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और बाबूराम पासवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि रहे कार्यक्रम का शुभारंभ बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुआ इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'धरती आबा बिरसा मुंडा अमर रहें' के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बिरसा मुंडा को जनजातीय समाज का अग्रदूत और स्वतंत्रता आंदोलन का प्रेरणास्रोत बताया उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 'उलगुलान आंदोलन' के माध्यम से आदिवासी समाज को संगठित किया और जनजागरण की अलख जगाई केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि बिरसा मुंडा का संघर्ष आज भी स्वराज, स्वदेशी और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देता है। उन्होंने भाजपा द्वारा चलाए जा रहे जनजातीय गौरव पखवाड़ा 1 से 15 नवंबर की सराहना करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य आदिवासी संस्कृति, परंपरा और इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना है विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बिरसा मुंडा केवल जनजातीय समाज के ही नहीं, बल्कि भारत के गौरवशाली इतिहास के प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि पीलीभीत जिले में इस पखवाड़े के दौरान कई सांस्कृतिक, जागरूकता और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और सभी नागरिकों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया और उपस्थित जनता की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों से निस्तारण हेतु वार्ता की उसके बाद आदि गंगे माँ गोमती उदगम स्थल माधोटांडा पहुँच कर माँ गोमती नदी का निरक्षण कर विकास पर चर्चा की इस अवसर पर पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद,भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य ऋतुराज पासवान, विधान परिषद सदस्य डाक्टर सुधीर गुप्ता,कार्यक्रम संयोजक तुला राम लोधी,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित,जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शांति स्वरूप वर्मा,जिला महामंत्री महादेव गाईन,जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री,जिला पंचायत सदस्य डॉ विवेक सिंह,मण्डल अध्यक्ष भगवती सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शिवम जयसवाल,सहित सम्मानित ग्रामवासी व पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

## मनीषी महिला महाविद्यालय में किया गया युवा उत्सव व सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




अमेठी । जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा एक दिवसीय जनपद स्तरीय युवा उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज मनीषी महिला पीजी कालेज गौरीगंज में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनीषी महिला पीजी कालेज के संस्थापक पं. जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी 'मनीषी' जी द्वारा मां सरस्वती देवी को माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में भूतपूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी आर बी पाण्डेय एवं राजेश वर्मा उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन आर बी पाण्डेय द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त युवा उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं यथा कविता लेखन में अनन्या सिंह, नन्दिनी यादव, सौम्या मौर्या एवं भाषण प्रतियोगिता में शिवांगी तिवारी प्रथम तथा जान्हवी सिंह द्वितीय स्थान एवं कहानी लेखन में उर्मिला सरोज, मानसी शुक्ला, शिवांशी यादव एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता में मंशा, काजल, श्रेया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में लोक नृत्य सामूहिक में पलक, रिया, ज्योति, साक्षी ने प्रथम स्थान एवं अनुष्का, मुस्कान, पायल सरोज, नेहा मौर्या, रोशनी, हिमांशी जायसवाल ने द्वितीय स्थान तथा सिरीन खान, मीनाक्षी, ऑचल मौर्या, ललिता यादव, काजल, अर्पणा, मोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व साइंस मेला में समरीन, अर्पणा, अलीशा, सोनम विश्वकर्मा, साफिया ने प्रथम स्थान, रूचि मौर्या, राबिया, अनुष्का मिश्रा, रिया मिश्रा ने द्वितीय स्थान, अर्पणा, बबिता यादव, प्रिया, नफरीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा सामूहिक लोकगीत कार्यक्रम प्राची द्विवेदी, शिवानी शुक्ला, शुभी तिवारी, सफिया बानो, रूबी विश्वकर्मा व खुशी जायसवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम का समापन जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान शिवरतन, सूर्य प्रकाश पाण्डेय व आकाश द्वारा कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

## जनपद में बिना अनुमति जुलूस, रैली और मार्च निकालने पर प्रतिबंध

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।अपर जिला मजिस्ट्रेट ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी यह आदेश जारी होने के तुरंत बाद प्रभावी हो गया है सार्वजनिक शांति और व्यवस्था के लिए संभावित खतरों को देखते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट ऋतु पूनिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत एक आदेश जारी किया है इसमें पीलीभीत क्षेत्राधिकार में सार्वजनिक समारोहों और कुछ गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं आधिकारिक सूचना के अनुसार, यह आदेश पीलीभीत की अपर जिला मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट के बाद जारी किया गया है रिपोर्ट में सार्वजनिक शांति भंग होने, मानव जीवन को खतरा होने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की संभावित समस्या की आशंका व्यक्त की गई थी किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने निम्नलिखित निर्देश जारी किए हैं आदेश के आनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना कोई भी जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा बिना अनुमति के वाहनों पर लाउडस्पीकरों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा व्यक्तियों को ऐसे बयान देने से प्रतिबंधित किया गया है जो सार्वजनिक शांति भंग कर सकते हैं या कानून-व्यवस्था की समस्याएं भड़का सकते हैं। तहसील लेह के अधिकार क्षेत्र में पांच या अधिक व्यक्तियों का एकत्र होना प्रतिबंधित है अपर जिला मजिस्ट्रेट ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी यह आदेश 10 नवम्बर को जारी होने के तुरंत बाद प्रभावी हो गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करना और कानून-व्यवस्था की किसी भी समस्या को बढ़ने से रोकना है।

## टीकाकरण शिविर आयोजित, बाल विकास सुपरवाइजर ने निरीक्षण किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लम्भुआ/सुल्तानपुर। पाल्हनपुर गांव में बुधवार को आयोजित टीकाकरण शिविर का बाल विकास की मुख्य सेविका अंजू वर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान तीन गर्भवती महिलाओं और सात बच्चों का टीकाकरण किया गया। मुख्य सेविका अंजू वर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम को बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के समय आवश्यक सावधानियों के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के माध्यम से बच्चों को पीलिया, पोलियो, तपेदिक, गलघोटू, काली खांसी, टैटनस, निमोनिया, दिमागी बुखार, दस्त, खसरा, रूबेला और रतौंधी जैसी बीमारियों से बचाया जाता है।बच्चों के टीकाकरण के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं का मुफ्त एएनसी चेकअप और टीकाकरण भी किया गया। एएनएम सरिता सिंह ने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रमला देवी, पूनम देवी, सहायिका आशा देवी और आशा बहू सुशीला देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कम्पोजिट विद्यालय पन्हौना के बच्चों ने विज्ञान के संग देखा नया सपनों का खेत

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत पन्हौना स्थित पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय में कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विकास अधिकारी डॉ. आर. पी. मौर्य द्वारा एक दिवसीय कृषि कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें कक्षा छह से आठ तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यशाला में डॉ. आर पी मौर्य ने बच्चों को कृषि विज्ञान से जुड़ी सैद्धांतिक और व्यवहारिक जानकारी दी।उन्होंने बच्चों को स्वयं प्रयोग कराकर विशेष रूप से मिट्टी परीक्षण,कोकोपीट से वर्टिकल बैग फार्मिंग,फलों और सब्जियों के छिलकों से जैविक खाद बनाना।बच्चों ने न केवल खेती की वैज्ञानिक तकनीकें सीखीं बल्कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता का महत्व भी समझा।डॉ. आर पी मौर्य ने भविष्य में विद्यालय को ल्लएग्रीकल्चर एंड गार्डनिंग प्रोजेक्टङ्क से जोड़ने की घोषणा भी की जिसके अंतर्गत विद्यालय परिसर में विभिन्न व दुर्लभ प्रजातियों की सब्जियां और औषधीय पौधे उगाये जायेंगे।

## नि:शुल्क कोचिंग में छात्रों को मिलीं पुस्तकें, बच्चों का उत्साह बढ़ाया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोतिगरपुर/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के मोतिगरपुर क्षेत्र स्थित घूरीपुर गांव में एक निःशुल्क कोचिंग सेंटर पर गुरुवार को समाजसेवियों ने 20 छात्र-छात्राओं को मुफ्त पुस्तकें वितरित कीं। इस पहल से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ा। यह कोचिंग सेंटर कैथाना उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक अरुण कुमार प्रजापति द्वारा संचालित किया जाता है। वे पिछले कई वर्षों से कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के बच्चों को राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा, श्रेष्ठा परीक्षा और नवोदय परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी करा रहे हैं। वर्तमान में, बागसराय, राघवपुर, गोरसरा, भैरोपुर, खनुहट, पारसपट्टी, बढ़ौनाडीह और आलापुर जैसे लगभग पंद्रह गांवों से 150 बच्चे रोजाना शाम तीन से पांच बजे तक यहां पढ़ने आते हैं। इस सेंटर से अब तक दर्जनों विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं, जिसके कारण यहां बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पुस्तक वितरण कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष विनय प्रजापति, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कौशल सिंह, प्रेमसागर वर्मा कल्लू, प्रेमनाथ सिंह, शिक्षक शरद मिश्र, नीरज सिंह और नागेंद्र यादव उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## सम्पादकीय

# कपटपूर्ण धर्मांतरण के शिकार हिंदू आदिवासी परिवार

जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा (1-15 नवंबर 2025), जो जनजातीय नायकों के पराक्रम, दूरदर्शिता और योगदान को समर्पित एक जीवंत श्रद्धांजलि है, पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ शुरू हुआ। पखवाड़े भर चलने वाला यह उत्सव, भारत के सबसे प्रसिद्ध आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों में से एक और औपनिवेशिक उत्पीड़न के प्रतिरोध के एक चिरस्थायी प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले जनजातीय गौरव वर्ष का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के हिंदू आदिवासी समूहों के बलिदान, संस्कृति और विरासत का सम्मान करने के साथ-साथ उनके साहस और राष्ट्र-निर्माण की कहानियों को जन चेतना के केंद्र में लाने के लिए जनजातीय गौरव वर्ष की घोषणा की। उनके नेतृत्व में भारत सरकार ने प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस की स्थापना की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भगवान बिरसा मुंडा और अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति भावी पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहे। हिमालय से लेकर तटीय मैदानों तक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर गौरव और स्मरण की सामान्य भावना को प्रतिबिंबित करने के लिए कई सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामुदायिक कार्यक्रम शुरू किए हैं। अमेरिकी कट्टरपंथियों द्वारा वित्तपोषित मिशनरी भारत में वंचित हिंदू 'आदिवासियों' का शोषण कर रहे हैं, जिससे राष्ट्र को ख़तरा पैदा हो रहा है। पूर्वोत्तर, छत्तीसगढ़, झारखंड और कई अन्य राज्यों जैसे घने जंगलों में रहने वाली हिंदू जनजातियों का बाहरी दुनिया से बहुत कम जुड़ाव था; फिर भी, जहाँ वे निकटता में रहते थे, उनकी सादगी का बाहरी पश्चिमी दुनिया द्वारा शोषण किया गया। आर्थिक शोषण आम बात थी। इसने कई चर्च के पादरियों को अस्थायी रूप से बाहरी दान के माध्यम से लोगों की बहुत छोटी आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करके उनका भावनात्मक शोषण करने का एक शानदार अवसर प्रदान किया। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ हम भारतीयों को गलतियों को सुधारने और चर्च के पादरियों को आम लोगों को खैरात देकर धर्मांतरित करने से रोकने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। ईसाई धर्मांतरण तंत्र एक सुव्यवस्थित कंपनी की तरह काम करता है। वे यीशु के सांसारिक प्रचारकों के रूप में कार्य करते हैं। वे आर्थिक और स्वार्थी लाभ के लिए अक्सर सामाजिक/आर्थिक रूप से वंचित हिंदू समूहों को निशाना बनाते हैं। अब, हम देख रहे हैं कि नव-धर्मांतरित लोगों को ज़्यादा सामाजिक उत्थान नहीं मिल रहा है, क्योंकि जहाँ मिशनरी धर्म हिंदू धर्म की जाति व्यवस्था की निंदा करते हैं, उस ईसाई धर्म में भी वर्ग/जाति विभाजन कायम है। इसके अलावा, धर्मप्रचारक यह मिथक फैलाना चाहते हैं कि ईसाई धर्म गरीबों और उत्पीड़ितों की सभी बीमारियों का इलाज है, लेकिन यह धारणा अफ्रीका और भारत के कई हिस्सों में बिल्कुल झूठी साबित हुई है। वे वामपंथी ताकतों के समर्थन से भारत में झूठी ईसाइयों के उत्पीड़न से जुड़ी किसी भी घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना पसंद करते हैं; उन्होंने हमेशा हिंदू धर्म में हर छोटी-मोटी ''गलती'' को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करके उसके बारे में गलत धारणाएँ फैलाने की कोशिश की है। वर्तमान में, वे यह साबित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ईसा मसीह ने योग किया था, साथ ही इसकी भारतीय जड़ों को भी नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। वे हिंदुओं को विभाजित करने वाली किसी भी परिकल्पना को बढ़ावा देते हैं, जैसे कि आर्यन आक्रमण सिद्धांत। परिणामस्वरूप, यह एक ऐसी व्यवस्था है जो लोगों का धर्मांतरण करने के लिए हर संभव भ्रामक हथकंडे अपनाती है। कई ईसाई मिशनरियाँ दुनिया भर में ऐतिहासिक जातीय रीति-रिवाजों को खत्म करने में माहिर हैं ताकि केवल झूठ, स्वदेशी परंपराओं के प्रति घृणा और हठधर्मिता पर आधारित एकरूप संस्कृति का निर्माण किया जा सके।

# हाईवे के किनारे खड़ी गाड़ियों पर सुप्रीम टिप्पणी

**आमतौर पर किसी भी बड़े हादसे में शिकार हुए यात्रियों की संख्या का ही जिक्र होता है और सरकार मुआवजे की घोषणा करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। अधिक से अधिक हमारे विमर्श का मुद्दा यह होता है कि दोषी कौन था? कौन-सा ड्राइवर लापरवाही से वाहन चला रहा था, वह नशे में था या उसे नींद की झपकी लग गई। या फिर वाहन में तकनीकी खामी की वजह से हादसा हुआ। वास्तव में हम उन तकनीकी व वास्तविक खामियों को नजरअंदाज कर देते हैं जो दुर्घटना का कारण बनती हैं।**



देशभर में नेशनल हाईवे व शहर के अंदर व बाहरी इलाके में संचालित होटलों, ढाबों के किनारे भारी वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए रोड पर जहां-तहां वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। सड़क किनारे खड़े ऐसे वाहन, अन्य वाहन चालकों और यात्रियों के लिए यमदूत साबित हो रहे हैं। 10 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फालौदी और तेलंगाना के श्रीकाकुलम के सड़क हादसों में 37 लोगों की मौत के मामलों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सड़क सुरक्षा की गंभीर खामियों पर चिंता जताई।

सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान हाईवे के किनारे अवैध ढाबों पर भी चिंता जताई। कहा कि इन ढाबों पर आने वालों की गाड़ियां हाईवे पर खड़ी रहती हैं, जिनसे हादसे होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से सड़क किनारे मौजूद ढाबों और सड़क मेंटेनेंस की स्थिति पर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। जस्टिस जे.के. महेश्वरी और जस्टिस विजय विश्नोई की बेंच ने कहा कि दो सप्ताह के भीतर एक सर्वे कराया जाए, जिससे यह पता चल सके कि कितने ढाबे राजमार्गों के किनारे ऐसे क्षेत्रों में बनाए गए हैं जो इस तरह की सुविधाओं के लिए अधिसूचित नहीं है यानी अवैध ढाबों के बारे में जानकारी देने को कहा गया है। यातायात नियमों के मुताबिक, हाईवे के किनारे सड़क पर ट्रक व अन्य वाहन खड़े नहीं किए जा सकते हैं।

शीर्ष न्यायालय की टिप्पणी के आलोक में बात की जाए तो इसमें दो राय नहीं कि विकास के नाम पर हमने सरपट वाहन दौड़ने वाली सड़कें तो बना दी लेकिन यह सुनिश्चित नहीं किया कि यात्रा दुर्घटनाओं से निरापद कैसे रहे। यह हृदय विदारक होता है कि सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों, ट्रकों की अराजकता तथा राजमार्ग के अवरोधों के चलते परिवार के परिवार असमय काल कवलित हो जाते हैं। जिम्मेदार विभाग और सरकार की चतुराई यह होती है कि वह समस्या के मूल में जाने की बजाय जांच और फौरी कार्रवाई में लग जाता है। इन हादसों की जवाबदेही तय नहीं की जाती। हर हादसे के बाद सरकरी तंत्र पुरानी स्क्रिप्ट को दोहराता है।

आमतौर पर किसी भी बड़े हादसे में शिकार हुए यात्रियों की संख्या का ही जिक्र होता है और सरकार मुआवजे की घोषणा करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। अधिक से अधिक हमारे विमर्श का मुद्दा यह होता है कि दोषी कौन था? कौन-सा ड्राइवर लापरवाही से वाहन चला रहा था, वह नशे में था या उसे नींद की झपकी लग गई। या फिर वाहन में तकनीकी खामी की वजह से हादसा हुआ। वास्तव में हम उन तकनीकी व वास्तविक खामियों को नजरअंदाज कर देते हैं जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। एक ओर जहां सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा की गई चूक होती है, वहीं सड़कों के किनारे बेतरतीब बने ढाबे भी होते हैं, जहां अकसर ट्रक चालक अपने वाहन गलत ढंग से खड़े कर देते हैं। हर हादसे में कहीं न कहीं ऐसे कारण जरूर होते हैं, जो दुर्घटना की तात्कालिक वजह बनते हैं लेकिन अक्सर हम उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण कारक को अनदेखा करने की वजह से भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति होने की आशंका बलवती होती है। भारत में सड़क हादसा एक गंभीर चिंता का विषय है, जहां हर साल बड़ी संख्या में लोगों की जान जाती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की साल 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 4,80,583 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,72,890 से अधिक मौतें हुईं और 4,62,825 लोग घायल हुए। देश में प्रतिदिन लगभग 1,316 हादसे और 474 मौतें होती हैं, यानी हर घंटे लगभग 20 जानें जाती हैं। दुनिया के केवल 1 प्रतिशत वाहन भारत में हैं लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली वैश्विक मौतों का 11 प्रतिशत हिस्सा यहीं है। यह विडंबना है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर जगह-जगह टोल संग्रह केंद्रों के जरिये टैक्स तो खूब वसूले जाते हैं लेकिन राजमार्गों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये गंभीर प्रयास नहीं होते। कुकुरमुत्तों की तरह सड़कों का अतिक्रमण करते ढाबों पर लगाम नहीं लगाई जाती। गंभीरता से पड़ताल नहीं होती है कि क्या सड़क निर्माण में ठेकेदार ने सभी तकनीकी मानकों का पालन किया है? सबसे ज्यादा बड़े वाहन ढाबों पर खड़े नजर आते हैं। रात व दिन में यहां वाहन एक के पीछे एक खड़े रहते हैं। रात के समय तो आलम और भी भयंकर होता है, यहां से निकलने में भी डर बना रहता है। नियमित चेकिंग और चालान न होने की वजह से यहां हादसे का डर बना रहता है। छुटपुट मामले तो आये दिन होते रहते हैं। बरसात के मौसम में इन ढाबों के पास हादसे की अधिक आशंका रहती है। ट्रक मिट्टी में खड़े होकर हाईवे पर आते हैं तो मिट्टी सड़क पर जमा हो जाती है। बरसात में इस मिट्टी से फिसल कर बाइक सवार हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा कई बार ट्रकों या अन्य लोडिंग वाहनों में उनकी क्षमता से अधिक माल भरा होता है। मुख्यता लोहे के सरिये, गर्डर आदि जो लोडिंग की लंबाई में न आते हुए पीछे तक निकले रहते हैं। इस तरह के वाहन भी हादसों का कारण बनते हैं। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से लाखों रुपये रुपये प्रचार-प्रसार पर बहाया जाता है। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा के नियम-निर्देश कहीं भी धरातल पर देखने को नहीं मिलते हैं। गोष्ठियों और सेमिनारों में तो वाहन चालकों को नियमों का पाठ पढ़ाया जा जाता है लेकिन हाईवे ट्रक, डीसीएम, कंटेनर या अन्य वाहन चालकों को समझाने वाला कोई नहीं है। देश में सैकड़ों लोगों की मौत सड़क के किनारे गलत तरीके से खड़े ट्रक से वाहनों के टकराने से होती है लेकिन दोषी ट्रक चालक को कड़ी सजा नहीं मिलती। वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों को भी गति सीमा में रहने तथा अन्य सावधानियों का सख्ती से पालन करना चाहिए। सरकारों का दायित्व भी बनता है कि राजमार्गों पर रफ्तार की सीमा के नियमन के साथ बाधामुक्त सफर भी सुनिश्चित करें। निश्चित रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की जवाबदेही बनती है कि राजमार्गों को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये नियमित जांच-पड़ताल की जाती रहे। ताकि निर्दोष लोगों के बेमौत मरने का सिलसिला खत्म हो सके। इन विभागों व मंत्रालयों का जिम्मा सिर्फ टोल वसूलना नहीं है बल्कि सड़कों को सुरक्षित बनाना भी इनकी जवाबदेही है। निश्चित रूप से सड़क के निर्माण की गुणवत्ता तथा उसे दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये उच्च सुरक्षा मानकों का क्रियान्वयन भी उतना जरूरी है। इसके अलावा सख्त कानून व निगरानी के जरिये ट्रकों व भारी वाहनों को सड़क के किनारे खड़े करने पर रोक लगायी जाए। भारत में हर साल हजारों सड़क हादसे होते हैं। ज्यादातर में लापरवाही जिम्मेदार होती है। सुप्रीम कोर्ट का ये कदम सरकार और अधिकारियों पर दबाव डालेगा। इससे हाईवे सुरक्षित होंगे, ढाबे नियंत्रित जगह पर चलेंगे और ट्रक पार्किंग के लिए अलग जगह बनेगी। आम जनता की जान बचाने के लिए ये बड़ा फैसला साबित हो सकता है।

डॉ. आशीष वशिष्ठ

# भारत की जनसंख्या के मूल में हिंदुत्व

**प्रमोद भार्गव**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा एक उत्तेजक वैचारिक यात्रा रही है। मनुष्य की शारीरिक खुराक रोटी-पानी और हर हाथ को रोजगार के बाद जो सर्वाधिक जरूरी है, वह है मानसिक वैचारिक खुराक। इस खुराक में सब अस्मिताएं दर्ज हैं, जो किसी भी राष्ट्र के जीवंत रहने को प्रमाणित करती हैं। इसमें राष्ट्र की सीमाएं और उसमें आलोड़ित धर्म एवं संस्कृति के वे मूल्य अंतर्निहित रहते हैं, जिनमें भाषा, वेशभूषा, खानपान और रीति-रिवाज पारंपरिक रूप में गतिशील रहते हैं। इन भारतीय मूल्यों पर सबसे पहला बड़ा प्रहार इस्लामी आक्रांताओं ने किया, तो दूसरा प्रहार अंग्रेजों ने किया। इन प्रहारों ने सनातन संस्कृति के उन सब मूल्यों पर प्रबल आघात किए जो वैदिककाल से लेकर वर्तमान तक न केवल वर्चस्व बनाए हुए हैं, बल्कि अपनी संस्कृति के मूल स्रोतों से आज भी आंदोलित हो रहे हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के यही अक्षुण्ण मूल्य भारत की अखंडता के आधार स्तंभ हैं। अतएव इस परिप्रेक्ष्य में बेंगलुरू में सरसंघ चालक मोहन भागवत ने ठीक ही कहा है कि भारत में कोई भी अहिंदु नहीं हो सकता, क्योंकि सबका मूल हिंदुत्व है। तथाकथित सांस्कृतिक मार्क्सवाद की अस्मिता के लिए यह बड़ा प्रतिकार है। यह एक ऐसा क्षितिज है, जो भारत विभाजन और मतांतरण की पड़ताल करता है।

16 अक्टूबर 1905 को बंगाल विभाजन और 30 दिसंबर 1906 को ढाका में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग का गठन हुआ। इसके बाद से ही दो राष्ट्रों के रूप में भारत विभाजन की सुगबुगाहट आरंभ हो गई थी। ज्यादातर कांग्रेस नेता इन सुगाबुगाहटों से या तो निश्चिंत थे या फिर नजरअंदाज कर रहे थे। किंतु दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी तथा कांग्रेस सदस्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने कानों में इस अनुगूंज को अनुभव किया और भारत की तत्कालीन धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों के आकलन के उपरांत इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि विभाजन की संभावना को टालने के लिए हिंदू समाज को न केवल संगठित करने की जरूरत है, अपितु राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने की भी जरूरत है। हिंदुओं में परस्पर एकता का अभाव और जातीय अस्मिता को बनाए रखने वाली सुप्त पड़ी चेतना के कारण बड़े हिंदू समाज में आंतरिक विखंडन और आत्मगौरव का क्षरण निरंतर बढ़ रहा है। हिंदुओं की लाचार मनःस्थिति और मुस्लिम लीग का इस्लाम के आधार पर बढ़ते विस्तार की पृष्ठभूमि में 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी के दिन मात्र 50 स्वयंसेवकों के साथ हेडगोवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नींव रख दी। राष्ट्र और भारतीय समाज के निर्माण में लगे इस संघ की आयु अब सौ वर्ष हो गई है। आज संघ अपने पुनीत उद्देश्य के साथ संपूर्ण समाज को संगठित बनाए रखने का मूल-मंत्र देते हुए भारत को एक सशक्त और परम वैभवशाली राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है। इस मंत्र की अवधारणा के चरित्र में राष्ट्रीय संस्कारों के बीजारोपण के साथ समरसता और स्वदेशी के भावों को परिपक्व करना है।

प्रत्येक मनुष्य के शरीर में एक अवचेतन मन होता है। यह हमारे दिमाग का वह हिस्सा है, जो हमारी चेतन जागरूकता के नीचे काम करता है। यह हमारे मस्तिष्क में दर्ज विचारों, भावनाओं और अंतक्रियाओं की पृष्ठभूमि में रहते हुए अंतर्चेतना को प्रभावित करता है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटने के बाद कांग्रेस नेता और मंत्री रहे गुलाम नबी आजाद ने कहा था कि 'इस्लाम का उद्भव तो मात्र 1500 वर्ष पहले हुआ है, अतएव भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी मुसलमान इसी देश के वासी हैं। मूल रूप में वे हिंदू ही हैं। बाद में उनका मतांतरण हुआ। कश्मीर में सभी मुसलमान कश्मीरी पंडितों से धर्मांतरित हुए हैं। अतएव सभी का जन्म सनातन हिंदू धर्म में ही हुआ है।' आजाद ने यह बात डोडा के चिरल्ला गांव में 9 अगस्त 2023 को एक सभा में कही थी। बाद में यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। फारुख अब्दुल्ला भी भगवान राम को सबके भगवान कहने के साथ अपने मूल में हिंदू होने को स्वीकार चुके हैं। सनातन संस्कृति की अवचेतन में आंदोलित हो रही जागृति की यह बात मजबूती से पाकिस्तान के प्रखर सिंधी राष्ट्रवादी नेता रहे जीएम सैयद ने बहुत तार्किक ढंग से उठाई थी। वे एक विद्वान लेखक थे। उन्होंने ही सिंधि पहचान के लिए वैचारिक आधार तैयार किया और सिंधु देश आंदोलन की नींव रखी थी। वे 1937 में सिंध विधानसभा के सदस्य चुने गए और 1940 में शिक्षा मंत्री बने थे।

## सेहत मंत्र

# भीगे हुए ड्राई फ्रूट्स से शरीर को मिलता है जबरदस्त फायदे, हड्डियां होती है मजबूत

ड्राई फ्रूट्स स्वाद से भरपूर होते ही हैं। इसके साथ इनमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सूखे मेवे न्यूट्रिशन का पावरहाउस होता है। इनमें प्रोटीन, फाइबर, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर हैं। क्या आप जानते हैं ड्राई फ्रूट्स भिगोकर खाने से कई फायदे होते हैं। बादाम, खजूर, अंजीर, किशमिश और अखरोट जैसे सूखे मेवों को भिगोकर खाने से पाचन में सुधार होता है, मांसपेशियों के स्वास्थ्य में मदद मिल सकती है, ऊर्जा बढ़ सकती है और आप हाइड्रेटेड महसूस कर सकते हैं। इससे उन्हें पचाना भी आसान हो जाता है, जिससे आपका शरीर अधिक पोषक तत्वों को एब्जॉर्ब कर पाता है। बादाम में उच्च प्रोटीन पाया जाता है और यह मस्तिष्क तेज करने लाभों के लिए जाना जाता है। बादाम खाने से पाचन स्वस्थ रहता है, मांसपेशियों के स्वास्थ्य का ठीक करता है। ब्लड शुगर के स्तर को विनियमित करता है। इसके सेवन से शरीर को एनर्जी मिलती है। बादाम को भिगोकर खाने से स्वाद के साथ स्किन के लिए भी हेल्दी होता होता है। प्रोटीन, आयरन, फॉस्फोरस और फाइबर से भरपूर बादाम रोज सुबह खाली पेट भीगे हुए बादाम का सेवन करने से मानसिक सतर्कता और याददाश्त भी बढ़ती है। खजूर में कई पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और प्रचुर मात्रा में फाइबर के साथ ही नेचुरल मिठास प्रदान करता है। रात भर खजूर को भिगोने से उनकी बनावट नरम हो जाती है। आयरन का स्तर बढ़ता है, पाचन स्वास्थ्य को बेहतर करता है और हड्डियों को स्वास्थ रखता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड, खनिज और विटामिन से भरपूर, अखरोट मस्तिष्क के कार्य में सहायता करते हैं, चयापचय को बढ़ाते हैं और भीगे हुए अखरोट खाने से रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करते हैं। भिगोने से उनकी कड़वाहट भी कम हो जाती है और उनके पोषक तत्वों की जैव उपलब्धता में सुधार होता है।

## धर्म मंत्र

# कार्तिक मास में तुलसी मां की पूजा करने से होती है हर मनोकामना पूरी

कार्तिक मास में जो विष्णु भक्त पुरुष प्रातःकाल स्नान करके पवित्र हो कोमल तुलसी दल से भगवान दामोदर की पूजा करता है, वह निश्चय ही मोक्ष प्राप्त कर लेता है। जो भक्ति से रहित है, वह यदि सुवर्ण आदि से भगवान की पूजा करे तो भी वे उसकी पूजा ग्रहण नहीं करते। सभी वर्णों के लिए भक्ति ही सबसे उत्कृष्ट मानी गयी है। भक्तिहीन कर्म भगवान विष्णु को प्रसन्न नहीं होता। यदि तुलसी के आधे पत्ते से भी प्रतिदिन भक्तिपूर्वक भगवान की पूजा की जाये तो भी वे स्वयं आकर दर्शन देते हैं। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक पूर्वकाल में भक्त विष्णुदास भक्तिपूर्वक तुलसी पूजन से शीघ्र ही विष्णुधाम को चला गया और राजा चोल उसकी तुलना में गौण हो गये। अब तुलसी का माहात्म्य सुनो, वह पाप का नाश और पुण्य की वृद्धि करने वाली हैं। अपनी लगायी हुई तुलसी जितना ही अपने मूल का विस्तार करती है, उतने ही सहस्त्र युगों तक मनुष्य ब्रह्मलोक में प्रतिष्ठित होता है। यदि कोई तुलसी संयुक्त जल में स्नान करता है तो वह सब पापों से मुक्त हो भगवान विष्णु के लोक में आनन्द का अनुभव करता है। महामुने! जो लगाने के लिए तुलसी का संग्रह करता है और लगाकर तुलसी का वन तैयार कर देता है, वह उतने से ही पापमुक्त हो ब्रह्मभाव को प्राप्त होता है। जिसके घर में तुलसी का बगीचा विद्यमान है, उसका वह घर तीर्थ के समान है, वहां यमराज के दूत नहीं जाते। तुलसीवन सब पापों को नष्ट करने वाला, पुण्यमय तथा अभीष्ट कामनाओं को देने वाला है। जो श्रेष्ठ मानव तुलसी का बगीचा लगाते हैं, वे यमराज को नहीं देखते।

## पर्यटन



# केरल के हिल स्टेशन सभी के लिए जादुई अनुभव प्रदान करेगा

केरल में सबसे सुंदर और आकर्षक पर्यटन स्थल हैं जो साल भर पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। जबकि केरल के खूबसूरत बैकवाटर, रेतीले समुद्र तट और आकर्षक शहर लोकप्रिय हैं। इन हिल स्टेशन पर नवंबर और दिसंबर के महीनों के दौरान भी काफी मस्त नजारा रहता है। केरल के इन हिल स्टेशन में हरे-भरे पश्चिमी घाटियां स्थित हैं, जो मनमोहक दृश्य देखने के लिए के लिए लायक होते हैं। यहां पर आप मनमोहक दृश्यों के साथ ही ठंडे मौसम का मजे भी ले सकते हैं। आप चाहे तो अपने हनीमून के लिए यहां आ सकते है, परिवार के साथ मस्त छुट्टी की योजना बना सकते हो या प्रकृति की खोज कर रहे हों, केरल के हिल स्टेशन सभी के लिए एक जादुई अनुभव प्रदान करेगा। केरल का यह हिल स्टेशन उन लोगों के लिए एक सर्दियों के लिए बेस्ट है, जो प्राकृतिक नजारे का आनंद लेना चाहते हैं। यह हिल स्टेशन अपने चाय बागानों के लिए भी प्रसिद्ध है, क्योंकि चाय के पौधों की कतारें पहाड़ियों को कवर करती हैं। मुन्नार में रहने के लिए बहुत सारे स्थान उपलब्ध हैं और एक सुंदर स्थान का चयन अनुभव को और भी यादगार बना सकता है। भारत का स्पाइस गार्डन एक प्रकृति प्रेमी के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है, यहां आप पहाड़ की चोटियां, हरी घास के मैदान और चाय और मसाले के बगीचे देख सकते हैं। वायनाड में आप ट्रैकिंग ट्रेल्स, झरने और यहां तक कि वन्य जीवन का भी पता लगाया जा सकता है। वायनाड में चाय, कॉफी और चावल के साथ-साथ इलायची, काली मिर्च और जीरा जैसे मसाले भी पाए जाते हैं। केरल का यह हिल स्टेशन अपने ठंडे मौसम और प्राकृतिक दृश्यों के लिए जाना जाता है । इसे एशिया का स्कॉटलैंड माना जाता है। यह हिल स्टेशन साहसिक प्रेमियों के लिए एक लोकप्रिय स्थान है, यहां आप ट्रैकिंग और पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं।

# सतीश की राष्ट्रीय पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब, वंदे मातरम से गूंजा वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद शर्मा के नेतृत्व में सैदखानपुर से हमीदनगर होते हुए कई गांवों में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा निकाली गई । रैली का समापन महमूदाबाद हनुमान मंदिर पर हुआ। यह यात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित की गई । जिसमें कई हजार लोग हाथों में तिरंगा लेकर वंदे मातरम का उद्घोष कर रहे थे।

बुधवार को दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के सैदखानपुर से महमूदाबाद तक 8 किलोमीटर लंबी यह पदयात्रा निकाली गई। इसमें पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, जिलापंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, टिकैतनगर चेयरमैन जगदीश गुप्ता, संतोष सिंह, सहित भाजपा के जिला स्तरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।इस दौरान राज्य मंत्री सतीश चंद शर्मा ने बताया कि यह पदयात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर निकाली गई है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने भारत को एक बनाने के लिए संघर्ष किया और देश को एकजुट किया। इसी उपलक्ष्य में हम लोग एकता का संदेश देने के लिए यह पदयात्रा निकाल रहे हैं, ठीक वैसे ही जैसे पटेल जी ने राज्यों का भ्रमण कर भारत को एक किया था।

राज्य मंत्री सतीश शर्मा का हमीदनगर, अकबरपुर, महमूदाबाद सहित कई स्थानों पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीओ रामसनेहीघाट सीओ सदर ,सफदरगंज, दरियाबाद,थाना के पुलिसकर्मी तैनात रहे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, खंड विकास अधिकारी दरियाबाद मोनिका पाठक, संजीव कुमार गुप्ता, सीडीपीओ अर्चना वर्मा सहित ब्लॉक और तहसील के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।इस मौके पर अध्यक्ष पवन वर्मा मुलायम सिंह यादव सहित, पुष्पेन्द्र शुक्ला, अनिल वर्मा , विकेश वर्मा, मोहम्मद अहमद लवलेश पंडित, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डंफर की टक्कर  बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर चौकाघाट रेलवे स्टेशन के पास बहराइच की ओर से आ रहा तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवार दो लोगों को कुचल दिया।इस हादसे में एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हुई।जानकारी के अनुसार दिनेश मिश्रा उम्र 60 वर्ष पुत्र देवीशरण मिश्र निवासी सरैया थाना परसपुर जिला गोंडा अपने भतीजे अंकित उम्र 20 वर्ष व पुत्र विजय के साथ बाइक यूपी 32 पीआर 6713 से कोटवाधाम मेला जा रहे थे।इसी दौरान सामने से आए तेज रफ्तार डंफर  ने बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि दिनेश मिश्र की मौके पर ही मौत हो गई व अंकित गंभीर रूप से घायल हुआ। सूचना पाकर थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय पुलिस  मौके पर पहुंचे। अंकित को एंबुलेंस से सीएचसी रामनगर भेजा गया जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डंफर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू की है। डंपर से बढ़त हादसों से नागरिकों में भारी आक्रोश है।

## प्रसूता की मौत चिकित्सक पर आरोप

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में कटियारा ग्राम के निकट ग्रीन हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान लक्ष्मी 25 वर्ष पत्नी वीरेंद्र तिवारी  की मौत हुई। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की है।परिजनों का कहना है कि प्रसव के बाद लक्ष्मी की हालत बिगड़ने पर भी समय पर इलाज नहीं मिला। उपचार ना कर उसे सीएचसी भेज दिया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।जबकि प्रसूता की मौके पर ही मौत हो गई थी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की।

## सहारनपुर मंडल बना बालक एवं बालिका वर्ग में चैंपियन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम, बाराबंकी में आयोजित 69वीं विद्यालयी प्रादेशिक कुराश प्रतियोगिता का समापन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डॉ. महेंद्र देव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथियों का स्वागत जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओ.पी. त्रिपाठी द्वारा पुष्पगुच्छ, पुस्तक एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के सांस्कृतिक चरण में कम्पोजिट विद्यालय संदौली की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा पी.एम. श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ भी हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। सभी अतिथियों, अधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कर कार्यक्रम को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम का संचालन उत्कृष्ट समन्वय एवं अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना एवं टीम स्पिरिट का शानदार परिचय दिया।

प्रतियोगिता के परिणामों में सहारनपुर मंडल ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता मंडल का खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग में वाराणसी मंडल तथा बालिका वर्ग में मेरठ मंडल को उपविजेता घोषित किया गया।

विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को विशिष्ट अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल अयोध्या योगेंद्र कुमार सिंह द्वारा पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डी.पी. तिवारी (कोषाध्यक्ष, जिला क्रीड़ा समिति), अशोक त्रिपाठी (अध्यक्ष, प्रधानाचार्य परिषद), संतोष कुमार मौर्य (वित्त एवं लेखाधिकारी, बाराबंकी), अर्चना पांडेय (अध्यक्ष, पी.ई.एस. एसोसिएशन), अनंत कुमार अस्थाना (जिला क्रीड़ा सचिव, माध्यमिक), कुश्ती के राष्ट्रीय कोच तौहीद खान, रितु पाठक (जिला व्यायाम शिक्षिका, बेसिक बाराबंकी), दिलीप तिवारी, मनोज चौधरी, शशि सिंह, विपिन कुमार, दिवाकर गांधी, अभिषेक सिंह ,कामरान मलिक, उमेश पंकज, भूपेंद्र सिंह, अनिल साहू, कामेश्वर, सुनील, राजकुमार वर्मा, रेफरी श्रीमती मंजू नयाल, पर्व, अजीत सहित अनेक व्यायाम शिक्षक एवं प्रशिक्षकगण एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षाएं उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय गाइड प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। राजकीय इंटर कॉलेज घुंघटेर में तीन दिवसीय प्रथम सोपान स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का आज भव्य समापन हुआ। नवंबर 10 से 12 नवंबर तक आयोजित

शिविर का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सबा सिद्दीकी ने प्रशिक्षकों का स्वागत कर किया। इस अवसर पर नोडल शिक्षिका श्रुति द्विवेदी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

तीन दिनों तक चले प्रशिक्षण में स्काउट एवं गाइड के दलों को ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना, झंडा गीत, मार्चपास्ट, गांठ बांधना तथा टेंट लगाने जैसी उपयोगी विधाओं का व्यवहारिक ज्ञान दिया गया।

समापन दिवस पर विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात बच्चों द्वारा तैयार किए गए टेंटों का निरीक्षण प्रधानाचार्या, प्रशिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ ने किया तथा उनके कार्यों की सराहना की। अंत में प्रशिक्षकों द्वारा स्काउट एवं गाइड को दीक्षा दिलाई गई। कैंप फायर कार्यक्रम के साथ प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिकाएं दीप्ति सिंह, रीता पटेल, कनिष्ठ सहायक  पवन शुक्ला तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# हैदरगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देंगी खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी

**शिक्षा विभाग की बुनियादी समस्याओं का समाधान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मेरा लक्ष्य : आराधना अवस्थी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी ल्लशिक्षा विभाग की बुनियादी समस्याओं को दूर कर शिक्षण के लिए बेहतर माहौल बनाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।ङ्क यह बातें नवागत खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती आराधना अवस्थी ने कैनविज टाइम्स से विशेष बातचीत के दौरान कही।उन्होंने कहा कि शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचे और शिक्षण कार्य को सर्वोपरि रखें। यदि किसी शिक्षक को कोई समस्या है तो वह मुझसे दूरभाष पर संपर्क करें या विद्यालय समय के बाद व्यक्तिगत रूप से मिलने आएं। अनुशासन और गुणवत्ता दोनों पर समान रूप से ध्यान दिया जाएगा। नवागत बीईओ के स्वागत का दौर भी पूरे जोश और गर्मजोशी के साथ जारी है।इसी क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ हैदरगढ़ इकाई द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती आराधना अवस्थी का हार्दिक स्वागत किया गया। बैठक में निपुण भारत मिशन को सफल बनाने एवं ब्लॉक में गुणवत्त ।

# लक्ष्य क्रीडा प्रतियोगिता, बालिका वर्ग रामनगर टीम अव्वल

## लक्ष्य क्रीडा प्रतियोगिता, बालिका वर्ग रामनगर टीम अव्वल

ए



रामसनेही घाट बाराबंकी।तहसील क्षेत्र के गाजीपुर स्थित  रामार्पित ग्रुप ऑफ कॉलेज प्रांगण में बुधवार को आयोजित लक्ष्य क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के निदेशक प्रांजल सिंह ने की।आयोजन सचिव दिवाकर यादव और प्रबंधक मनीष सिंह सहित कॉलेज परिवार के सदस्यगण मौजूद रहे। प्रतियोगिता में कबड्डी,वॉलीबॉल, खो-खो,लंबी कूद और गोला फेंक जैसी खेल का आयोजन किया गया।

वॉलीबॉल बालक वर्ग में के.डी. सिंह विद्यालय विजेता रहा,जबकि रामार्पित विद्यालय को रनर अप स्थान प्राप्त हुआ।खो-खो बालक वर्ग में लखनऊ टीम विजेता और रामनगर टीम रनर अप रही।खो-खो बालिका वर्ग में रामनगर टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। गोला फेंक स्पर्धा में हिमांशु ने प्रथम, आलोक सोनी ने द्वितीय और राहुल यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि सतीश चंद्र शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# पंत स्टेडियम में शुल्क वसूली का विरोध, सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले में स्टूडेण्ट्स फ़ेडरेशन ऑफ इण्डिया एसएफआई की जिला कमेटी ने बुधवार को पंत स्टेडियम में टहलने और दौड़ने वालों से शुल्क वसूली के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मांग की है कि शारीरिक परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों और स्वास्थ्य लाभ के लिए आने वाले लोगों से कोई शुल्क न लिया जाए। एसएफआई ने बताया कि पंत स्टेडियम अपने निर्माण के बाद से वर्ष 2024 तक टहलने, दौड़ने और दौड़ की तैयारी करने वालों से कोई शुल्क नहीं लेता था। हालांकि, अब स्टेडियम में प्रवेश के लिए पंजीकरण और मासिक शुल्क वसूला जा रहा है। इस नई व्यवस्था से गरीब परिवारों के छात्र-छात्राएं प्रभावित हो रहे हैं, जो पुलिस और सेना भर्ती जैसी शारीरिक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। संगठन के अनुसार, यह शुल्क उन छात्रों के लिए एक बड़ी बाधा बन गया है जिनके पास सीमित संसाधन हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पंत स्टेडियम के अलावा शहर में पुलिस लाइन का मैदान भी आम लोगों के लिए पहले ही बंद कर दिया गया है। ऐसे में शारीरिक परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के पास अभ्यास के लिए कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है। एसएफआई ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि पंत स्टेडियम में शारीरिक परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों और स्वास्थ्य लाभ हेतु टहलने वालों से किसी भी प्रकार का शुल्क न लिया जाए।

# निजी अस्पताल के चिकित्सकों की लापरवाही से गई प्रसूता की जान, हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी प्राइवेट अस्पताल के चिकित्सकों की लापरवाही के चलते प्रसव के उपरांत प्रसूता की मौत हो गई। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बता कर उसे रेफर कर दिया और परिजनों से दूसरे अस्पताल ले जाने की बात कही। प्रसूता के परिजनों ने जब लापरवाही की चलते मौत का आरोप लगाकर हंगामा शुरू किया  तो पुलिस बुलाकर एंबुलेंस के द्वारा जबरन सीएचसी रामनगर भेज दिया।।सी एच सी पर मौजूद डॉक्टर  प्राइवेट अस्पताल से भी दो कदम आगे निकले और उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाने पर इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने परिजनों को बताया कि प्रसूता की मौत तो 2 घंटे पहले ही हो चुकी है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्रसूता के शव को कब्जे में  लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मामला थाना रामनगर के ग्राम रजनापुर मजरें गोबरहा का है। यहां के निवासी   गौरी कान्त मिश्रा ने अपनी पुत्री लक्ष्मी का विवाह लखनऊ के भीखमपुर पेपर मिल कॉलोनी निशातगंज निवासी वीरेंद्र तिवारी से की थी। लक्ष्मी इन दिनों अपने मायके रजनापुर में थी। परिजनों के मुताबिक प्रसव पीड़ा के चलते लक्ष्मी को मंगलवार को रामनगर के कटियारा में संचालित ग्रीन हॉस्पिटल आशा संगिनी के द्वारा ले जाया गया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने25000 का पैकेज तय कर प्रसूता को भर्ती करके उसका ऑपरेशन कर दिया शाम को 5 बजे बच्ची का जन्म हुआ परिजनों के मुताबिक बुधवार को प्रसूता की इलाज में लापरवाही के चलते हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू किया तो गंभीर हालत बता कर उसे रेफर कर दिया परिजन ले जाने को तैयार नहीं हुए तो पुलिस बुला ली गई। आशा संगिनी के साथ परिजन प्रसूता को लेकर रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र  फिर पहुंचे तो वहां मौजूद चिकित्सक ने उसे ठीक से देखना मुनासिब नहीं समझा और जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया परिजन जब प्रसूता को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने बताया कि इसकी मौत तो 2 घंटे पहले ही हो चुकी है। परिजनों के द्वारा नाराजगी जताई जाने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

प्रसूता की मौत का कोई यह पहले मामला नहीं है आशा बहुओं के द्वारा की जा रही भारी कमीशन खोरी के चलते मौत की भेंट कर चुकी है आशा बहू के द्वारा प्रसुताओं को सरकारी अस्पताल ना ले जाकर के उन्हें समझा कर अच्छे इलाज का झांसा देकर प्राइवेट अस्पताल में ले जाया जाता है यहां प्राइवेट अस्पतालों के द्वारा डिलीवरी के नाम पर मरीजों से मोटी रकम ली जाती है और आशा बहू को निर्धारित कमीशन दिया जाता है। इसे पूर्व में भी रामनगर में प्राइवेट अस्पताल में प्रसूता की मौत हो चुकी है जहां आशा बहू के द्वारा सीएचसी से प्राइवेट अस्पताल में ले जाने का खुलासा हुआ था लेकिन कोई कार्रवाई न होने से आशा बहुओं की कमीशन खोरी लगातार जारी है। हैरतअंगेज बात तो कि प्रसूता  लक्ष्मी की मौत के मामले में आशा संगिनी के द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया था।

ग्रीन हॉस्पिटल में हुई मौत का मामला यह नया नहीं है यह अस्पताल विवादों के घेरे में रहा है पहले यह रामनगर के बुढ़वल गांव में संचालित होता था यहां एक महिला मरीज के द्वारा अस्पताल संचालक व डॉक्टर पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई थी। लेकिन सेटिंग गेटिंग के चलते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी थी जिसके चलते उसके कुछ दिन बाद संचालक के द्वारा बुढ़वल गांव से हटाकर इसे कटियारा गांव में खोल दिया गया जहां इलाज के नाम पर मरीजों को लूटा जा रहा है।

## दुख और अंधकार का नाश करती है भागवत कथा-आचार्य आलोक

सुल्तानपुर। श्रीमद भागवत कथा सुनने और हृदय में बसाने से दुख और अंधकार का नाश होता है। जीव को ब्रह्म से मिलाने वाला केवल गुरु ही होता है।  जनपद के हरिपुर बनवा गांव में डॉ अशोक मिश्रा जी के यहां आयोजित भगवत कथा के प्रथम दिवस में मंगलाचरण, वेद वंदना और पूजन के साथ जब कथा का प्रारंभ हुआ, तो वातावरण ल्लराधे राधेङ्क के जयघोषों से गूंज उठा। अयोध्या धाम से पधारे महाराज श्री ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण मात्र एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को ईश्वर की ओर मोड़ने वाला जीवंत मार्ग है। कथा व्यास ने कथा में भागवत महिमा, गुरू के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा की अगर कोई भगवान से साक्षात्कार करवा सकता है तो वो मात्र गुरू ही और कोई भी भगवान का मार्ग नहीं बता सकता आगे महाराज श्री ने व्यास जी का तप, और शुकदेव जी की परम ज्ञानगाथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कृ ल्लजिस हृदय में भागवत का वास होता है, वहाँ दुख और अंधकार का नामोनिशान नहीं रहता। आचार्य आलोक शास्त्री जी के भावपूर्ण वचनों और मधुर संकीर्तन ने समूचे वातावरण को दिव्यता से भर दिया। कथा परीक्षित के रूप में विजय कुमार मिश्रा एवं उनके पूरे परिवार तथा क्षेत्र के लोगों ने इस मंगलमयी कथा का रसपान किया कथा के अन्त में भागवत भगवान की मंगलमयी आरती के साथ कथा का विश्राम हुआ। कथा में महेश तिवारी चिंता मणि तिवारी दिनेश मिश्रा अंकित तिवारी समीर मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# डब्ल्यूबीबीएल मुकाबले में जेमिमा रोड्रिग्स 15 गेंदों में 11 रन बनाकर आउट, ब्रिसबेन हीट को 23 रन से हार मिली

एजेंसी



ब्रिसबेन। भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स बुधवार को खेले गए वुमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) मुकाबले में ब्रिसबेन हीट की ओर से खेलते हुए 15 गेंदों में 11 रन बनाकर आउट हो गईं। पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में जेमिमा को सोफी डिवाइन ने पवेलियन भेजा। हीट की टीम 173 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 23 रन से मैच हार गई।

पिछले मैच में जेमिमा ने मेलबर्न रेनिगेड्स के खिलाफ 9 गेंदों पर 6 रन बनाए थे। टूर्नामेंट के अंत तक जेमिमा ने लगभग 60 की औसत और 100 के स्ट्राइक रेट के साथ 292 रन बनाए। भारत की यह स्टार बल्लेबाज हाल ही में संपन्न हुए महिला वनडे विश्व कप 2025 में विजेता भारतीय टीम का हिस्सा रही थीं। नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था। विश्व कप के शुरुआती मैचों में जेमिमा का प्रदर्शन औसत रहा था। दो शून्य और कुछ छोटे स्कोर के बाद उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, वापसी के बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ 55 गेंदों में 76 नाबाद रन और फिर सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 127 नाबाद रन बनाकर भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई। गौरतलब है कि हाल ही में जेमिमा को दिल्ली कैपिटल्स ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन के लिए बरकरार रखा है।

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में शुभमन गिल की बड़ी छलांग

एजेंसी



नई दिल्ली। आईसीसी की ताज़ा रैंकिंग में भारत के उभरते बल्लेबाज शुभमन गिल ने शानदार प्रदर्शन के दम पर टी20 बल्लेबाजों की सूची में आठ स्थान की छलांग लगाई है। गिल अब 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज़ में 46 और 29* रनों की दो उपयोगी पारियां खेली थीं, जिससे भारत को मजबूत शुरुआत मिली।

वनडे रैंकिंग में भले ही पाकिस्तान के सलमान आगा और अबरार अहमद ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की हो, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी लगातार स्थिर बना हुआ है। रोहित शर्मा और विराट कोहली अभी भी शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अपनी जगह बनाए हुए हैं, जबकि कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में बने हुए हैं। टी20 रैंकिंग में गिल के अलावा भारत के सूर्यकुमार यादव अभी भी नंबर 1 टी20 बल्लेबाज हैं। वहीं, गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह और रवि बिश्नोई भी शीर्ष 10 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए भारत के लिए लगातार विकेट झटक रहे हैं। भारत की टीम हाल के समय में सीमित ओवरों के प्रारूप में मजबूत लय में है और खिलाड़ियों की बढ़ती रैंकिंग इस बात का सबूत है कि टीम विश्व टी20 और वनडे सीरीज दोनों में बेहतरीन तैयारी कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 14 नवंबर से होगा शुरू दिखेगी भारत की विविधता

नई दिल्ली। राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 14 नवंबर से 44वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) शुरू होगा, जो 27 नवंबर तक चलेगा। इस बार का मेला 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की थीम पर होगा।

भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) ने बुधवार को बताया कि इस बार इस मेले की थीम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' देश की एकता और विविधता को दर्शाती है। भारत मंडपम में लगने वाले ट्रेड फ़ेयर में इस बार अलग-अलग हॉल में अलग सजावट की जाएगी। बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश 'साझेदार राज्य' के रूप में भाग लेंगे, जबकि झारखंड को 'फोकस' राज्य के रूप में चुना गया है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), चीन, ईरान, दक्षिण कोरिया और मिस्र सहित 12 देशों के विदेशी प्रदर्शक 14 दिन चलने वाले इस मेले में हिस्सा लेंगे।

आईटीपीओ के मुताबिक मेले का समय सुबह 10 बजे से शाम साढ़े सात बजे तक रहेगा। भैरों रोड की ओर तीन व चार और मथुरा रोड पर छह व 10 नंबर प्रवेश द्वार से लोग आवाजाही कर सकते हैं। व्यावसायिक दिन 14 से 18 नवंबर के बाद इसे 19 से 27 नवंबर तक आम जनता के लिए खोला जाएगा। बयान में कहा गया कि भारत मंडपम के द्वारों पर टिकट की बिक्री नहीं होगी। टिकट डीएमआरसी के 55 मेट्रो स्टेशन पर की जाएगी। टिकट दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के 'सार्थी' ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी खरीदे जा सकेंगे। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन को नि:शुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

### सीतारमण ने बजट पूर्व परामर्श के लिए एमएसएमई क्षेत्र के हितधारकों से मुलाकात की

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को राजधानी नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के हितधारकों के साथ तीसरी बजट-पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की।

निर्मला सीतारमण ने एमएसएमई क्षेत्र के हितधारकों के साथ तीसरी बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। ये बैठक आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 की तैयारियों के हिस्से के रूप में आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान चर्चा में एमएसएमई क्षेत्र के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियों तथा इसके विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और एमएसएमई मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इससे पहले सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में नई दिल्ली में देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ पहली बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। ये बैठकें बजट-पूर्व चर्चाओं की श्रृंखला की शुरुआत का प्रतीक हैं, जिसे वित्त मंत्रालय बजट तैयारी प्रक्रिया के भाग के रूप में प्रतिवर्ष आयोजित करता है।

### आनंद उत्सव स्पोर्ट्स मेला में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, जीते पुरस्कार

लखनऊ । राजधानी लखनऊ के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में पायसम संस्था द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आनंद उत्सव ऽ स्पोर्ट्स मेला 2025 में दिव्यांग बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। ऑटिज्म, मानसिक मंदता, सेरेब्रल पाल्सी और डाउन सिंड्रोम से पीड़ित विशेष बच्चों ने अपने-अपने खेल दिखाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी धैर्यानंद ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में अपार क्षमता होती है, आवश्यकता है तो केवल उन्हें उचित अवसर और मंच देने की। पायसम जैसे प्रयास समाज को सही दिशा में ले जा रहे हैं। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि स्वामी वासुदेवानंद भी मौजूद रहे। उद्घाटन सत्र में डॉ. पुनीता माणिक और विजय प्रताप सिंह भी शामिल रहे। यह आयोजन स्पेशल ओलंपिक थीम पर आधारित रहा, जिसमें लखनऊ और कानपुर के 14 विशेष विद्यालयों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में 250 से अधिक विशेष बच्चों ने 100 मीटर रेस, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, सॉफ्ट बॉल थ्रो, रिले रेस और बाउची जैसे खेलों में हिस्सा लिया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन एबिलिटी टेस्ट, दूसरे दिन प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताएँ और तीसरे दिन समावेशी खेल आयोजित हुए। समापन समारोह में विजेताओं को मेडल और परमहंस योगानंद रनिंग ट्रॉफी प्रदान की गई, जिसमें नवदीप विशिष्ट विद्यालय विजेता रहा। इन बच्चों के लिए पायसम संस्था पिछले 20 वर्षों से समाज में जागरूकता और समान अवसर की दिशा में कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जनजागरूकता गतिविधियाँ भी हुईं। संचालन श्रीमती अंजू मिश्रा डायरेक्टर, शिक्षण एवं प्रशिक्षण) ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नवल चंद्र पंत चेयरमैन, पायसम ने किया।

### डेफलिंपिक्स 2025 : बैडमिंटन स्टार जर्लिन जयारत्चगन भारत की ध्वजवाहक होंगी, खेल मंत्री ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। भारत की बैडमिंटन सनसनी और तीन बार की गोल्ड मेडलिस्ट जर्लिन जयारत्चगन को टोक्यो में होने वाले डेफलिंपिक्स 2025 के लिए भारत का ध्वजवाहक चुना गया है। यह प्रतियोगिता 15 से 26 नवम्बर तक आयोजित होगी। भारत इस बार अब तक का सबसे बड़ा 111 सदस्यीय दल भेज रहा है।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में बुधवार को आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय खेल सचिव हरी रंजन राव ने भारतीय दल को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी और टीम की आधिकारिक जर्सी और किट का अनावरण किया। खिलाड़ियों का पहला जत्था 13 नवम्बर (गुरुवार) को टोक्यो रवाना होगा।

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने भारतीय दल को शुभकामनाएं देते हुए कहा, ल्लभारत की प्रगति अब विशेष खिलाड़ियों के वैश्विक आयोजनों में भी झलकती है। समावेशिता और उत्कृष्टता के हमारे लक्ष्य के तहत यह गर्व की बात है कि हम अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल डेफलिंपिक्स में भेज रहे हैं। यह केवल पदकों की बात नहीं, बल्कि पूरी क्षमता से प्रतिस्पर्धा करने की भावना का उत्सव है।ङ्क

भारत इस बार 11 खेलों में हिस्सा लेगा — एथलेटिक्स, बैडमिंटन, गोल्फ, जूडो, कराटे, शूटिंग, स्विमिंग, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कुश्ती और टेनिस।

डेफलिंपिक्स का आयोजन इंटरनेशनल कमेटी ऑफ स्पोर्ट्स फॉर द डेफ (आईसीएसडी) द्वारा किया जाता है और यह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के संरक्षण में दुनिया का दूसरा सबसे पुराना मल्टी-स्पोर्ट इवेंट है।

# फीफा वर्ल्ड कप 2026 होगा मेरा आखिरी वर्ल्ड कप: क्रिस्टियानो रोनाल्डो

एजेंसी



रियाद। पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मंगलवार को यह स्पष्ट कर दिया कि आने वाला फीफा विश्व कप 2026 उनका आखिरी वर्ल्ड कप होगा। उन्होंने कहा कि अब उनका शानदार करियर अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है।

40 वर्षीय रोनाल्डो, जिन्होंने क्लब और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 950 से अधिक गोल किए हैं, ने यह भी बताया कि वे ल्लएक या दो साल में फुटबॉल से संन्यासङ्क लेने की योजना बना रहे हैं।

सऊदी अरब में आयोजित एक फोरम में वीडियो लिंक के जरिए बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या 2026 विश्व कप उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा, तो उन्होंने कहा, ल्लडिफिनिटली, हां। मैं तब 41 साल का हो जाऊंगा और मुझे लगता है कि यही सही समय होगा। रोनाल्डो फिलहाल सऊदी अरब के क्लब अल-नास्र के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने 2023 में इस क्लब से जुड़ने के बाद कहा था कि वे ल्लजल्दङ्क रिटायर होंगे। इस पर उन्होंने अब स्पष्ट किया, ल्लसच कहूं तो जब मैंने 'जल्द' कहा था, मेरा मतलब था एक या दो साल के अंदर। मैं अभी भी खेल में रहूंगा, लेकिन ज़्यादा समय नहीं।

पांच बार के बैलन डी'ऑर विजेता रोनाल्डो अब 2026 में अपना छठा विश्व कप खेलने का लक्ष्य रखे हुए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 विश्व कप में रहा था, जब पुर्तगाल सेमीफाइनल में फ्रांस से हार गया था। फिलहाल पुर्तगाल ने 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं किया है, लेकिन आयरलैंड के खिलाफ गुरुवार को जीत हासिल कर वह अपनी जगह पक्की कर सकता है। गौरतलब है कि रोनाल्डो ने 2022 में मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़कर अल-नास्र का रुख किया था, जिसके बाद कई अन्य सितारे भी सऊदी क्लबों से जुड़ने लगे। सऊदी अरब, जो हाल के वर्षों में खेल और मनोरंजन में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है, को 2034 विश्व कप की मेजबानी का अधिकार भी मिल चुका है।

# एशेज ओपनर से बाहर हुए सीन एबॉट जोश हेजलवुड फिट घोषित

एजेंसी



सिडनी ।ऑस्ट्रेलिया को एशेज सीरीज़ से पहले चोट के मोर्चे पर झटका लगा है। तेज गेंदबाज सीन एबॉट को हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण पहले टेस्ट से बाहर कर दिया गया है, जबकि जोश हेजलवुड को स्कैन के बाद फिट घोषित किया गया है और वे टीम के साथ पर्थ में जुड़ेंगे।

यह घटना न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेले जा रहे शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान हुई, जब दोनों गेंदबाज लंच के बाद मैदान पर नहीं लौटे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा, ल्लजोश हेजलवुड पर्थ में होने वाले एशेज टेस्ट के लिए नियोजित कार्यक्रम के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे। हेजलवुड ने दाहिनी हैमस्ट्रिंग में जकड़न की शिकायत की थी, लेकिन स्कैन में किसी प्रकार की मांसपेशीय चोट नहीं पाई गई है। वे पहले टेस्ट की तैयारी सामान्य रूप से जारी रखेंगे। बोर्ड ने बताया, ल्लसीन एबॉट के स्कैन में मॉडरेट ग्रेड हैमस्ट्रिंग इंजरी की पुष्टि हुई है। वे पर्थ टेस्ट के लिए चयन के योग्य नहीं होंगे और आने वाले हफ्तों में उनके रिहैब की योजना तैयार की जाएगी।

गौरतलब है कि पैट कमिंस पहले ही चोट के कारण पर्थ टेस्ट से बाहर हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी विभाग में चिंता बढ़ गई है। लांस मॉरिस, झाय रिचर्डसन और स्पेंसर जॉनसन भी इस समय चोटिल हैं। ऐसे में अगर किसी और तेज गेंदबाज को चोट लगती है, तो 31 वर्षीय ब्रेंडन डॉगेट को टेस्ट डेब्यू का मौका मिल सकता है। उन्होंने इस सीजन में शेफील्ड शील्ड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14.69 की औसत से 13 विकेट झटके हैं।

इस बीच, पैट कमिंस ने एससीजी पर अपनी रिकवरी पर काम जारी रखा और उम्मीद है कि वे 4 दिसंबर से गाबा में शुरू होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट तक फिट हो जाएंगे।

# एशेज ओपनर से बाहर हुए सीन एबॉट, जोश हेजलवुड फिट घोषित

एजेंसी

सिडनी ।ऑस्ट्रेलिया को एशेज सीरीज़ से पहले चोट के मोर्चे पर झटका लगा है। तेज गेंदबाज सीन एबॉट को हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण पहले टेस्ट से बाहर कर दिया गया है, जबकि जोश हेजलवुड को स्कैन के बाद फिट घोषित किया गया है और वे टीम के साथ पर्थ में जुड़ेंगे।

यह घटना न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेले जा रहे शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान हुई, जब दोनों गेंदबाज लंच के बाद मैदान पर नहीं लौटे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा, ल्लजोश हेजलवुड पर्थ में होने वाले एशेज टेस्ट के लिए नियोजित कार्यक्रम के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे। हेजलवुड ने दाहिनी हैमस्ट्रिंग में जकड़न की शिकायत की थी, लेकिन स्कैन में किसी प्रकार की मांसपेशीय चोट नहीं पाई गई है। वे पहले टेस्ट की तैयारी सामान्य रूप से जारी रखेंगे। बोर्ड ने बताया, ल्लसीन एबॉट के स्कैन में मॉडरेट ग्रेड हैमस्ट्रिंग इंजरी की पुष्टि हुई है। वे पर्थ टेस्ट के लिए चयन के योग्य नहीं होंगे और आने वाले हफ्तों में उनके रिहैब की योजना तैयार की जाएगी।

गौरतलब है कि पैट कमिंस पहले ही चोट के कारण पर्थ टेस्ट से बाहर हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी विभाग में चिंता बढ़ गई है। लांस मॉरिस, झाय रिचर्डसन और स्पेंसर जॉनसन भी इस समय चोटिल हैं। ऐसे में अगर किसी और तेज गेंदबाज को चोट लगती है, तो 31 वर्षीय ब्रेंडन डॉगेट को टेस्ट डेब्यू का मौका मिल सकता है। उन्होंने इस सीजन में शेफील्ड शील्ड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14.69 की औसत से 13 विकेट झटके हैं। इस बीच, पैट कमिंस ने एससीजी पर अपनी रिकवरी पर काम जारी रखा और उम्मीद है कि वे 4 दिसंबर से गाबा में शुरू होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट तक फिट हो जाएंगे।

## विद्या भारती की 36वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 13 से 16 नवंबर तक

प्रयागराज । विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध विद्या भारती पूर्वी उप्र की ओर से बॉस्केटबाल एवं जिमनास्टिक की 36वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 13 से 16 नवंबर तक ज्वाला देवा सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स में आयोजित होगी। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र विक्रम सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इसमें देश भर के 11 क्षेत्रों से लगभग 400 खिलाड़ी छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 14 नवंबर को विद्यालय के विशाल सभागार में प्रातः 9 बजे होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र के सचिव भगवती सिंह तथा अध्यक्ष के रुप में विद्या भारती पूर्वी उप्र के अध्यक्ष दिव्यकान्त शुक्ल, विशिष्ट अतिथि के रुप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री डॉ राम मनोहर, डॉ. बी.के. कश्यप एवं क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद सेंसेक्स में 595 अंकों की उछाल

एजेंसी



नई दिल्ली। शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को तेजी जारी रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 595.19 यानी 0.71 फीसदी की उछाल के साथ 84,466.51 पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स?टॉक एक?सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 180.85 अंक यानी 0.70 फीसदी की बढ़त के साथ 25,875.80 स?तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडाणी पोर्ट्स, टाइटन, इटर्नल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, भारती एयरटेल, सन फार्मास्युटिकल्स, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर फायदे में रहे हैं। वहीं, आज सूचीबद्ध हुई टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स, टाटा स्टील, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नुकसान में रहे। एशियाई बाजारों में तेजी के बीच विभिन्न क्षेत्रों के निवेशकों की ओर से की गई खरीदारी से बुधवार दोपहर के कारोबार में सेंसेक्स में 770 अंक से अधिक की तेजी आई, जबकि निफ्टी 25,900 अंक के पार पहुंच गया। इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर आशावाद और लंबे समय से जारी अमेरिकी सरकार के 'शटडाउन' को समाप्त करने की दिशा में प्रगति ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया। उल्लेखनीय है कि शेयर बाजार एक दिन पहले मंगलवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई का सेंसेक्स 335.97 अंक यानी 0.40 फीसदी उछल कर 83,871.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 120.60 अंक यानी 0.47 फीसदी की बढ़त के साथ 25,694.95 पर बंद हुआ था।

# आरएसएस की 100 साल की यात्रा बेहद सफल और अद्वितीय: कृष्ण गोपाल

एजेंसी

अहमदाबाद। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह-सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल ने मंगलवार को कहा कि आरएसएस की 100 साल की यात्रा बहुत सफल रही है और दुनिया में इसकी कोई मिसाल नहीं है।



गोपाल ने भारतीय विचार मंच की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज का जीवन लक्ष्य सभी प्राणियों को ज्ञान प्रदान करना और उन्हें सभ्य बनाना है। इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित अन्य गणमान्य हस्तियां भी शामिल हुईं। गोपाल ने कहा, 100 वर्षों की यात्रा एक बहुत ही सफल यात्रा है, एक अनूठी यात्रा है, दुनिया में इसकी कोई मिसाल नहीं है। यह हिंदू समाज की ओर से स्वयं विकसित की गई यात्रा है। उन्होंने कहा, हर समाज के कर्तव्य और जिम्मेदारियां होती हैं, हर समाज का एक जीवन लक्ष्य होता है। हमारे हिंदू समाज का जीवन लक्ष्य सभी प्राणियों को ज्ञान प्रदान करना, उन्हें सभ्य बनाना है। केवल हम ही पूरी दुनिया को 'वसुधैव कुटुंबकम' के बारे में बता सकते हैं। गोपाल ने कहा कि संघ चाहता है कि पूरा हिंदू समाज संगठित हो। उन्होंने कहा कि आरएसएस तब तक काम करता रहेगा, जब तक पूरे देश में 'परम एकता' हासिल नहीं हो जाती। गोपाल ने कहा, और जब तक यह लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता, तब तक जो कुछ भी करने की जरूरत है, आरएसएस को वह करना होगा। इसलिए हमें दो काम करते रहना है : पहला, अपनी शाखाओं का विस्तार करते रहें। 87,000 (शाखाओं) पर न रुकें३ यह विस्तार जारी रहेगा। और दूसरा, समाज के सामने आने वाली हर समस्या को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करते रहें और लोगों को अपने साथ लेकर चलें। उन्होंने कहा कि आरएसएस संगठन की सर्वव्यापकता के साथ-साथ समाज की सभी समस्याओं का समाधान खोजने के लिए काम करता है। गोपाल ने कहा, एक ओर, जैसे-जैसे हमारा संगठन, जो एक बीज रूप में है, विकसित होता है, हममें समाज की सभी समस्याओं को हल करने की क्षमता होनी चाहिए। हमारे बीज और उसके भीतर के डीएनए, उसके भीतर के गुणवत्ता सूत्र में वह सब कुछ समाहित है, जो समाज के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के लोग आरएसएस पर करीबी नजर रख रहे हैं। आरएसएस नेता ने कहा, हिंदुत्व इस देश का राष्ट्रवाद है और केवल हिंदुत्व की मदद से ही यह देश प्रगति कर सकेगा।

# अब से जारी होने वाले सभी ई-पासपोर्ट होंगे: विदेश मंत्रालय

## पुराने गैर-इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट उनकी वैधता अवधि समाप्त होने तक मान्य

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि अब से जारी होने वाले सभी पासपोर्ट, ई-पासपोर्ट होंगे, जिनमें रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) चिप और एंटीना लगे होंगे, ताकि नागरिकों की जानकारी अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) के मानकों के अनुसार सुरक्षित रहे।

मंत्रालय ने कहा कि यह कदम पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम पीएसपी वी2.0 के साथ जुड़ा एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो देशभर में पासपोर्ट सेवाओं को आधुनिक, सुरक्षित और तेज़ बनाने की दिशा में उठाया गया है। विदेश मंत्रालय ने अपने पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी वी2.0), ग्लोबल पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (जीपीएसपी वी2.0) और ई-पासपोर्ट के सफल क्रियान्वयन की घोषणा की। इन पहलों से पासपोर्ट सेवाएं अब और अधिक तेज़, पारदर्शी और डिजिटल रूप से एकीकृत हो गई हैं।





विदेश मंत्रालय के अनुसार, पीएसपी वी2.0 को 26 मई 2025 को देशभर के 37 पासपोर्ट कार्यालयों, 93 पासपोर्ट सेवा केन्द्रों (पीएसके) और 450 डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्रों (पीओपीएसके) में सफलतापूर्वक लागू किया गया। इसके बाद जीपीएसपी वी2.0 को 28 अक्टूबर 2025 से विश्वभर में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में शुरू किया गया। नया पीएसपी वी2.0 एक डिजिटल रूप से एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र है, जो पासपोर्ट सेवाओं से जुड़े सभी हितधारकों को जोड़ता है। इसमें एआई (एआई) आधारित चैट व वॉइस बॉट्स की सुविधा दी गई है ताकि नागरिक आवेदन प्रक्रिया या शिकायतों के दौरान तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें। नया पोर्टल और मोबाइल ऐप अब और भी उपयोगकर्ता-अनुकूल हैं, जिनमें ऑटो-फिल फॉर्म, आसान दस्तावेज अपलोड, तथा यूपीआई और क्यूआर कोड से ऑनलाइन भुगतान जैसी सुविधाएं शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने ई-पासपोर्ट को इस पहल का सबसे बड़ा तकनीकी नवाचार बताया है। ई-पासपोर्ट एक हाइब्रिड पासपोर्ट है, जिसमें कागज़ और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तत्व शामिल हैं। इसमें लगी आरएफआईडी चिप और एंटीना पासपोर्ट धारक की महत्वपूर्ण जानकारी को अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) के मानकों के अनुसार संग्रहित करते हैं। चिप में वही जानकारी इलेक्ट्रॉनिक रूप से संग्रहीत रहती है जो पासपोर्ट के डेटा पेज पर मुद्रित होती है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भविष्य में जारी होने वाले सभी पासपोर्ट ई-पासपोर्ट के रूप में होंगे, जबकि पुराने गैर-इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट उनकी वैधता अवधि समाप्त होने तक मान्य रहेंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कदम भारत सरकार की नागरिक सुविधाओं को डिजिटल और सुरक्षित बनाने की नीति को आगे बढ़ाता है। ई-पासपोर्ट की शुरुआत न केवल सुरक्षा और डेटा संरक्षण को मजबूत करेगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा को भी अधिक तेज़, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएगी।

# मोदी और भूटान के राजा ने ऊर्ज़ा और व्यापार सहयोग पर चर्चा की

एजेंसी

थिम्पू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भूटान के चौथे राजा ड्रुक ग्यालपो जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के साथ ऊर्ज़ा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और संपर्क को बढ़ावा देने के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, ''महामहिम चौथे राजा ड्रुक ग्यालपो के साथ बहुत ही अच्छी बैठक हुई। भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने के लिए वर्षों से उनके व्यापक प्रयासों की सराहना की।'' प्रधानमंत्री ने गेलेफु माइंडफुल सिटी परियोजना पर भी चर्चा की और कहा कि यह भारत की एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने चौथे राजा की 70वीं जयंती के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और उनके निरंतर अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए भारत सरकार और जनता की ओर से



शुभकामनाएं और प्रार्थनाएँ व्यक्त कीं।'' प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-भूटान मैत्री को मज़बूत करने में उनके नेतृत्व, परामर्श और मार्गदर्शन के लिए चतुर्थ राजा का आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हितों के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया और दोनों देशों के लोगों को करीब लाने वाले साझा आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक बंधनों पर ज़ोर दिया। उन्होंने भूटान के चतुर्थ राजा के 70वें जन्मदिन समारोह में भी भाग लिया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी, थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम में चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के तहत आयोजित कालचक्र दीक्षा समारोह में चौथे राजा और भूटान के प्रधानमंत्री के साथ शामिल हुए। प्रार्थना की अध्यक्षता भूटान के मुख्य मठाधीश परम पावन जे खेंपो ने की। तिब्बती बौद्ध धर्म के सबसे पवित्र और विस्तृत अनुष्ठानों में से एक, कालचक्र, तीन दिवसीय दीक्षा समारोह के रूप में मनाया जा रहा है।

यह आत्मज्ञान प्राप्त करने के उद्देश्य से उन्नत ध्यान साधनाओं के लिए आशीर्वाद और अधिकार प्रदान करता है। यह सशक्तिकरण समारोह, भूटान की शाही सरकार द्वारा 4 से 17 नवंबर तक आयोजित वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव 2025 का एक हिस्सा है। वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक समागम है जो दुनिया भर के बौद्ध नेताओं, साधकों और शांति समर्थकों को एक साथ लाता है। कालचक्र दीक्षा और सशक्तिकरण समारोह की अध्यक्षता भूटान के वरिष्ठ धार्मिक गुरु जे खेंपो करेंगे। यह व्यक्ति और ब्रह्मांड के बीच पवित्र संबंध पर गहन शिक्षाएँ प्रदान करता है और सभी प्राणियों में निहित सहज बुद्ध प्रकृति पर प्रकाश डालता है। इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री ने राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ व्यापक चर्चा की। इस वार्ता में ऊर्ज़ा, रक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक को व्यापक बताते हुए कहाः ''भूटान के राजा, महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने भारत-भूटान संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की और ऊर्ज़ा, क्षमता निर्माण, संपर्क, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत की। भारत को भूटान की विकास यात्रा में एक प्रमुख भागीदार होने पर गर्व है।''

# धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी मिली, घर पर ही स्वास्थ्य लाभ जारी रखेंगे

एजेंसी

मुंबई। दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उनका पिछले कई दिनों से इसी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके चिकित्सक डॉ. प्रतीत समदानी के अनुसार अभिनेता धर्मेन्द्र को बुधवार सुबह अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब वे चिकित्सकीय देखरेख में घर पर ही स्वास्थ्य लाभ जारी रखेंगे। डॉक्टर ने पुष्टि की कि उनके परिवार ने मेडिकल टीम के साथ चर्चा के बाद उन्हें होम केयर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल ने अपने पिता के स्वास्थ्य को लेकर चल रही अटकलों पर टिप्पणी करते हुए पुष्टि की कि उनकी हालत स्थिर है और उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है।उन्होंने प्रशंसकों से मिली प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया और उनके स्वास्थ्य लाभ के दौरान परिवार की निजता बनाए रखने का अनुरोध किया। अभिनेत्री हेमा मालिनी ने भी धर्मेंद्र की स्थिति के बारे में फैलाई जा रही गलत सूचनाओं की आलोचना की और दोहराया कि उनके बारे में मीडिया में कल जो दिखाया जा रहा था वह निराधार है। सनी देओल की टीम द्वारा जारी एक बयान में पुष्टि की गई है कि उनके पिता पर इलाज का सकारात्मक असर हो रहा है और उनकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। बयान में उनके पूर्ण स्वस्थ होने की निरंतर प्रार्थना करने का अनुरोध किया गया। गौरतलब है कि धर्मेंद्र को 10 नवंबर को सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान, सलमान खान, शाहरुख खान , गोविंदा और अमीषा पटेल सहित कई बॉलीवुड हस्तियां उनका हालचाल जानने के लिए अस्पताल गईं।

# नर्स-दाइयां भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का आधार : केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने यहां बुधवार को कहा कि नर्स और दाइयां भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का आधार हैं और वे सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक हैं।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर और आशा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर, वे सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) मुहैया कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने यह बात केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और जेएचपीईजीओ के सहयोग से भारत में नर्सिंग नीति प्राथमिकताओं और सर्वोत्तम प्रथाओं पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श और अनुभव साझाकरण कार्यशाला को संबोधित करते हुये कही। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य नीतिगत संवाद को मजबूत करना और नर्सिंग तथा मिडवाइफरी क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाना है। श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि देश में नर्सिंग सुविधाओं में हालिया सुधार के लिये राष्ट्रीय नर्सिंग एवं मिडवाइफरी आयोग (एनएनएमसी) की स्थापना, योग्यता-आधारित पाठ्यक्रम को अपनाना और नियामक ढांचे को आधुनिक बनाने की पहल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के दौरान प्रत्येक राज्य से उभर कर आने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं को राष्ट्रीय नीति निर्माण के लिए मार्गदर्शक सुझावों के रूप में कार्य करना चाहिए और अन्य राज्यों को देश भर में नर्सिंग क्षेत्र में व्यापक अनुकरण और सुधार के लिए इन मॉडलों पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर नीति आयोग के स्वास्थ्य सदस्य, प्रोफ़ेसर वीके पॉल ने कहा कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है, जिसका मुख्य कारण इसके नर्सिंग कार्यबल की क्षमता और समर्पण है। उन्होंने दोहराया कि नर्सिंग भारत की व्यापक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ है। डॉ. पॉल ने नर्सों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभी भी ध्यान देने का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बना हुआ है। उन्होंने नर्सिंग शिक्षा में सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया और देखभाल एवं पेशेवर उत्कृष्टता के उच्च मानकों को सुनिश्चित करने के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण और कौशल संवर्धन पर अधिक ज़ोर देने का आह्वान किया। भारत में विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रतिनिधि डॉ. पेडेन ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में नर्सिंग और मिडवाइफरी क्षेत्र में देश की उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक नर्सिंग कार्यबल में दुनिया के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में उभरा है। डॉ. पेडेन ने यह भी कहा कि वर्ष 2030 तक विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में नर्सों की कमी में अनुमानित कमी का श्रेय काफी हद तक भारत द्वारा की गई प्रगति और नीतिगत पहलों को दिया जा सकता है। प्रतिभागियों ने समान कार्यबल वितरण, शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता आश्वासन, नेतृत्व विकास और नर्सिंग पेशेवरों के लिए करियर उन्नति के अवसरों जैसी नीतिगत प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने राष्ट्रीय नर्सिंग रणनीतियों को विश्व नर्सिंग की स्थिति 2025 रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुकूल करने और क्षमता निर्माण एवं सर्वोत्तम प्रथाओं को

# आदिवासी समुदायों का उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि आदिवासी समुदायों का उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और केंद्र सरकार आर्थिक उन्नति के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है।

श्री गोयल ने यहां जनजातीय व्यापार सम्मेलन में कहा है कि भारत की प्रगति और विकास इस बात पर निर्भर करता है कि प्रगति हर घर तक पहुंचे, खासकर आदिवासी और दूरदराज के क्षेत्रों में। श्री गोयल ने दोहराया कि आदिवासी और स्वदेशी समुदायों का उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जो समावेशी और सतत विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि निर्यात क्षमता वाले सभी आदिवासी उत्पादों को वाणिज्य विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों से पूर्ण समर्थन दिया जायेगा।

इसमें ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, उत्पाद प्रदर्शन और बिक्री के लिए अंतर्राष्ट्रीय गोदाम शामिल हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम की मौजूदगी में कई उत्पादों को जीआई टैग भी प्रदान किये गये। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जनजातीय कार्य मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित यह सम्मेलन बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जनजातीय गौरव वर्ष का हिस्सा है। श्री गोयल ने बताया कि निर्यात संवर्धन प्रयासों को मजबूत करने के लिए वर्तमान में एक योजना विकसित की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आदिवासी उत्पादों को घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों में वह पहुंच प्राप्त हो जिसके वे हकदार हैं।

# किसान दो रुपए किलो प्याज बेचने को मजबूर, सरकार को चिंता नहीं : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश की मंडियों में किसानों के दो रुपए किलो प्याज बेचने को मजबूर होने की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार को किसानों की चिंता नहीं है इसलिए उन्हें औने पौने दाम पर फसल बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है।

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज एक्स पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा कि मध्य प्रदेश के किसानों को अपने खून पसीने से तैयार फसलों को मामूली दाम पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके साथ ही पार्टी ने रतलाम की एक कृषि मंडी में एक किसान द्वारा बेचे गये प्याज की रसीद को पोस्ट किया है। पार्टी का दावा है कि इस रसीद में दो कुंतल प्याज का दाम 202 रुपए लगाया गया है। पार्टी ने कहा ''मध्य प्रदेश में प्याज किसान खून के आंसू रो रहे हैं। यहां की मंडी में प्याज दो रुपए किलो बिक रहा है।

## 'कैंसर से लड़ाई में इन्सान को मिल रहा है बैक्टीरिया का साथ'

**नयी दिल्ली।** शरीर के किसी भाग में बाहर से बैक्टीरिया डालने की बात सुन कर किसको डर नहीं लगेगा? कारण है कि बैक्टीरिया की बात होते ही उससे पैदा होने वाली न्यूमोनिया और हैजा जैसी गंभीर बीमारियां याद आ जाती हैं । लेकिन अब कैंसर जैसी दुस्साध्य बीमारी से लड़ाई में बैक्टीरिया को एक कारगर हथियार के रूप में विकसित किया जा रहा है। वैज्ञानिक कैंसर के इलाज में बैक्टीरिया के प्रयोग पर काम कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि वे जल्द ही बैक्टीरिया को इस प्रकार साधने में सफल हो जाएगे कि शरीर में डाले गये बैक्टीरिया कैंसरग्रस्त कोशिकाओं को तेजी से ढूंढ-ढूंढ कर नष्ट करने वाली जीती-जागती मशीन बन जाएंगे। यही नहीं, बैक्टीरिया अपना काम पूरा कर बिना कोई और असर छोड़े लुप्त हो जाएंगे। वेबसाइट 'द कन्वर्सेशन' में प्रकाशित जोसेफिन राइट और सुसन वुड्स की एक अनुसंधान रिपोर्ट में बैक्टीरिया से कैंसर चिकित्सा जैसे इस जटिल विषय पर प्रकाश डाला गया है।

# पेज एक का शेष

### दो कारों में दिल्ली...

का प्रमुख सदस्य है। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को लाल किले को निशाना बनाने की बड़ी योजना थी। डॉ. मुजम्मिल और डॉ. उमर ने जनवरी के पहले हफ्ते में लाल किले की रेकी (सर्वे) की थी। उनके मोबाइल फोन के डंप डेटा और लोकेशन रिकॉर्ड से यह बात साबित हुई है। एजेंसियों के अनुसार, यह आतंकी मॉड्यूल दिवाली के दौरान भी किसी व्यस्त बाजार या धार्मिक स्थल पर हमला करने की तैयारी कर रहा था, ताकि अधिक से अधिक नुकसान और दहशत फैलाई जा सके। हालांकि पुलिस और खुफिया एजेंसियों की तत्परता के कारण यह साजिश पूरी नहीं हो सकी। अब तक इस आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 3 को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इनमें से अधिकतर जम्मू-कश्मीर, फरीदाबाद और लखनऊ से पकड़े गए हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार, यह मॉड्यूल डॉक्टर आतंकी नेटवर्क के नाम से काम करता था, जिसके सदस्य शिक्षित पेशेवर थे जो आतंकवाद के रास्ते पर चले गए।

### प्रधानमंत्री मोदी111

वापस आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए सीधे एलएनजेपी अस्पताल गये। उन्होंने बताया कि मोदी ने घायलों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने बताया कि अस्पताल के अधिकारियों और चिकित्सकों ने उन्हें घायलों के बारे में जानकारी दी। सोमवार को लाल किला यातायात सिग्नल के निकट धीमी गति से चलती एक गाड़ी में हुए उच्च-तीव्रता वाले विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को अस्पताल पहुंचे थे और पीड़ितों से मिले थे।

### डॉ. परवेज़ ने अपनी1111

रहा है कि लखनऊ के मड़ियांव, मुतक्कीपुर से हिरासत में लिए गए डॉ. परवेज से भी मुजम्मिल का सम्पर्क जरूर रहा होगा। डॉ. परवेज से मंगलवार की रात एटीएस ने लम्बी पूछताछ की। इसमें उसने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से छह नवम्बर को इस्तीफ़े की वजह दूसरी जगह नौकरी का इरादा बताया। लखनऊ से भागने की फिराक में था परवेज हालांकि जांच टीम का मानना है कि गुजरात एटीएस और दिल्ली पुलिस ने आतंकी साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तारियां शुरू कर दी थी, इसको देखते हुए वह सतर्क भी हो गया था। इस पर ही उसने इस्तीफा दे दिया था। बहन शाहीन की गिरफ्तारी होते ही वह लखनऊ से भागने की फिराक में था। पर, तब तक एटीएस और जम्मू-कश्मीर को उसकी भनक लग गई। मंगलवार सुबह सात बजे ही एटीएस और जम्मू-कश्मीर उसके घर पहुंची तो वहां ताला मिला था। दोनों टीमों ने ताला तोड़ कर तलाशी ली और वहां से मिले दस्तावेजों के आधार पर पड़ताल तेज कर दी। मददगार भाग निकले तो पकड़ गया परवेज एटीएस की कई टीमें डॉ. परवेज को पकड़ने में लग गई। बताया जाता है कि एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की तेज होती कार्रवाई के डर से परवेज के मददगार सामने नहीं आए। इससे ही डॉ. परवेज अपने प्लान के मुताबिक लखनऊ से बाहर नहीं जा सका और एटीएस ने उसे पकड़ लिया। अभी एटीएस उससे पूछताछ कर रही है। लखनऊ के दो युवकों को सहारनपुर ले गया था परवेज एटीएस सूत्रों के मुताबिक, परवेज सहारनपुर अपने साथ लखनऊ के दो युवकों को भी ले गया था। इन दोनों युवकों को उसने क्लीनिक पर कुछ दिन रखा था। इनके बारे में उसने एटीएस को ज्यादा जानकारी नहीं दी। यह कहा कि वह लोग उसके पास नौकरी के लिए आए थे। इन दोनों युवकों का जो पता बताया वह गलत निकला। एटीएस इन दोनों युवकों का पता लगाने में जुटी है। साथ ही सहारनपुर पुलिस को भी इस बारे में बताया है।

### एटीएस को आतंकी...

मोहिउद्दीन और उसकी टीम साइनाइड से भी ज्यादा घातक जहर तैयार कर रही थी। वे इसे खाने-पीने की चीजों में पाउडर के रूप में और पानी में तरल रूप में मिलाना चाहते थे।

### विमान में बम की...

हमारी एक उड़ान को एक सुरक्षा संबंधी धमकी मिली थी। प्रोटोकॉल के अनुरूप, सरकार द्वारा नियुक्त बॉम थ्रेट एसेसमेंट कमेटी को तत्काल सूचना दी गयी और सभी जरूरी सुरक्षा उपाय तुरंत सक्रिय किये गये। उड़ान सुरक्षित उतरा और सभी यात्रियों को उतार लिया गया है। सभी सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद विमान को परिचालन के लिए उपलब्ध करा दिया जायेगा।

### रूस-यूक्रेन युद्ध...

द्विवेदी ने कहा, '' युद्ध की अवधि, जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, 4 दिन, 4 महीने या 4 साल हो सकती है, हमें नहीं पता। तो इसमें क्या शामिल है? इसमें मूल रूप से आत्मनिर्भरता और उत्पादन करने की क्षमता और एक तरह की निर्यात क्षमता शामिल है, जो बेहद महत्वपूर्ण है। हमने जो मुख्य रूप से महसूस किया है, वह यह है कि पहले हम कहते थे, समय पर, सही जगह पर संसाधनों का अनुकूलन करें। वो दिन अब चले गए। हमारे पास अधिशेष होना चाहिए। इसलिए जो भी संसाधन दोहरे उपयोग में आ सकते हैं, उन्हें प्राथमिक महत्व दिया जाना चाहिए।''

### सहारा शहर में ...

संभावित स्थलों के सुझाव के लिए नियुक्त किया। वित्त वर्ष 2023S24 में सरकार ने इस परियोजना के लिए 50 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान भी किया था, लेकिन भूमि तय न होने के कारण काम आगे नहीं बढ़ सका। शहर के बाहरी इलाकों में प्रस्तावित स्थलों को दूरी और प्रशासनिक असुविधा के कारण खारिज कर दिया गया था। नई इमारत की आवश्यकता मौजूदा विधान भवन में जगह की भारी कमी के कारण महसूस की जा रही है। सन 1928 में निर्मित मौजूदा विधान भवन उत्तर प्रदेश की स्थापत्य विरासत का अद्भुत नमूना है।

### रायबरेली, फतेहपुर...

रही थीं। जांच के बाद जब पुख्ता साक्ष्य सामने आए तो एसटीएफ ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराया। क्षेत्राधिकारी लालगंज अमित सिंह ने बताया कि एसटीएफ के इंस्पेक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे की जांच में जिन लोगों की संलिप्तता पाई जाएगी, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद परिवहन विभाग के अन्य जिलों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है।

### खुदरा महंगाई दर...

एवं वसा, सब्जियां, फल, अंडे, जूते, अनाज और उत्पाद, परिवहन और संचार आदि की मुद्रास्फीति में गिरावट के पूरे महीने के प्रभाव के कारण है। अक्टूबर में सब्जियों की खुदरा कीमतें सालाना आधार पर 27.57 प्रतिशत नीचे थीं जबकि दालों और उसके उत्पादों के भाव 16.15 प्रतिशत तथा मसालों के भाव औसतन 3.29 प्रतिशत नीचे थे। इसके विपरीत माह के दौरान खाद्य तेलों का औसत खुदरा भाव 11.17 प्रतिशत ऊंचा था जबकि फलों की कीमतें 6.69 प्रतिशत ऊंची चल रही थीं। इस दौरान पर्सनल केयर और स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों की खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 23.88 प्रतिशत और 3.86 प्रतिशत दर्ज की गयी।

# ब्लू इकॉनॉमी' भारत-मॉरीशस के सतत विकास का नया मार्गः डॉ. जितेंद्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत और मॉरीशस के बीच ब्लू इकॉनॉमी यानी महासागर आधारित अर्थव्यवस्था दोनों देशों के सतत विकास और साझा समृद्धि का नया आधार बन सकती है। मत्स्य पालन, महासागर तकनीक और जल लवण हटाने (डिसैलिनेशन) जैसे क्षेत्र भारतऽमॉरीशस साझेदारी के नए मोर्चे हैं, जो दोनों समुद्री देशों के लिए आर्थिक वृद्धि और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करेंगे।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीडीजी) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मॉरीशस के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित किया। यह दल 10 से 15 नवंबर तक आयोजित दूसरे क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग ले रहा है। मार्च 2025 में हुए दीर्घकालिक सहयोग समझौते के तहत भारत अगले पांच वर्षों में मॉरीशस के 500 अधिकारियों को प्रशिक्षित करेगा। वर्तमान दल में 14 मंत्रालयों के 17 वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं, जिनका नेतृत्व डॉ. धनंजय कावोल, सीनियर चीफ एक्जीक्यूटिव,मॉरीशस सार्वजनिक सेवा और प्रशासनिक सुधार मंत्रालय कर रहे हैं।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत का अनुभव समुद्री संसाधन प्रबंधन और महासागर तकनीक के क्षेत्र में मॉरीशस की विकास यात्रा में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत ने 'डीप ओशन मिशन' और लक्षद्वीप में डिसैलिनेशन तकनीक के माध्यम से समुद्री जल को पीने योग्य बनाकर जल संकट का समाधान किया है। उन्होंने कहा कि पानी चारों ओर है, पर पीने योग्य नहीं- यह विरोधाभास तकनीक से दूर किया जा सकता है। भारत के डिसैलिनेशन संयंत्र खारे पानी को मीठा बनाते हुए हरित ऊर्जा भी उत्पन्न कर रहे हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने मॉरीशस के अधिकारियों से ब्लू इकॉनॉमी और समुद्री अनुसंधान में संयुक्त परियोजनाएं विकसित करने का आह्वान किया और सुझाव दिया कि दोनों देश मिलकर महासागर अर्थव्यवस्था के लिए 10 वर्षीय खाका तैयार कर सकते हैं। मॉरीशस प्रतिनिधियों ने भारत द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल प्रशासन और फोरेंसिक साइंस में दिए गए सहयोग की सराहना की।

# सीपीजे स्कूल ऑफ लॉ में 14 और 15 नवंबर को राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली । सीपीजे कॉलेज ऑफ हायर स्टडीज और स्कूल ऑफ लॉ दिल्ली राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से 14 और 15 नवंबर 2025 को कॉलेज परिसर में ''समकालीन युग में मानवाधिकारः महत्वपूर्ण चिंताएं और वैश्विक गतिशीलता'' विषय पर एक राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

संस्थान के महासचिव डॉ. अभिषेक जैन और महानिदेशक डॉ. युगांक चतुर्वेदी ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस मूट कोर्ट प्रतियोगिता में देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के 200 से अधिक छात्र भाग लेंगे। इस दौरान प्रतिभागी अपने कानूनी ज्ञान, मूटिंग, वाद-विवाद, संचार और प्रस्तुति कौशल को निखार सकेंगे। भाग लेने वाले छात्र प्रमुख कानूनी दिग्गजों के व्यावहारिक विचारों और अवधारणाओं से भी लाभान्वित होंगे, जो सभी आयोजनों के मानद निर्णायक होंगे।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के रजिस्ट्रार जोगिंदर सिंह, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल वीरेंद्र सिंह, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सह-अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा और डॉ. बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो़फेसर (डॉ.) देविंदर सिंह राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मानद अतिथि होंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## सीपीजे स्कूल ऑफ लॉ में 14 और 15 नवंबर को राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

नई दिल्ली । सीपीजे कॉलेज ऑफ हायर स्टडीज और स्कूल ऑफ लॉ दिल्ली राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से 14 और 15 नवंबर 2025 को कॉलेज परिसर में ''समकालीन युग में मानवाधिकारः महत्वपूर्ण चिंताएं और वैश्विक गतिशीलता'' विषय पर एक राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। संस्थान के महासचिव डॉ. अभिषेक जैन और महानिदेशक डॉ. युगांक चतुर्वेदी ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस मूट कोर्ट प्रतियोगिता में देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के 200 से अधिक छात्र भाग लेंगे। इस दौरान प्रतिभागी अपने कानूनी ज्ञान, मूटिंग, वाद-विवाद, संचार और प्रस्तुति कौशल को निखार सकेंगे। भाग लेने वाले छात्र प्रमुख कानूनी दिग्गजों के व्यावहारिक विचारों और अवधारणाओं से भी लाभान्वित होंगे, जो सभी आयोजनों के मानद निर्णायक होंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के रजिस्ट्रार जोगिंदर सिंह, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल वीरेंद्र सिंह, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सह-अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा और डॉ. बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) देविंदर सिंह राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मानद अतिथि होंगे।

## कुशियाम गांव में महिला से छेड़खानी और मारपीट, दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

दरभंगा। जिले के कुशियाम गांव में एक महिला से छेड़खानी और मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता दुर्गा देवी, पति सोहन यादव ने इस संबंध में दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, घटना 5 नवंबर की रात करीब 10 बजे की है, जब दुर्गा देवी शौच के लिए बाहर गई थीं। उसी दौरान गांव के स्वर्गीय गजेंद्र यादव के पुत्र मोहन यादव ने उनके मुंह दबाकर साड़ी खींच ली और छेड़खानी का प्रयास किया। किसी तरह पीड़िता ने खुद को छुड़ाकर शोर मचाया। हल्ला सुनकर उनका पति सोहन यादव मौके पर पहुंचे तो आरोपी मोहन यादव के पुत्र विक्रम यादव भी वहां आ गया और दोनों ने मिलकर उन्हें मुक्कों, घूंसों और लातों से पीट दिया, जिससे सोहन यादव का दांत टूट गया और वे घायल हो गए।
थानाध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## जिले के चार विधानसभा क्षेत्र के मतगणना के लिये तीन शिक्षण संस्थान चिन्हित

सहरसा। विधानसभा आम निर्वाचनः2025 निमित सहरसा जिलांतर्गत चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के बादः14 नवंबर को निर्धारित मतगणना निमित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतगणना केंद्र संबंधित विवरण निम्नवत है। 1. 74-सोनवर्षा (अ0जा0) एवं 77-महिषी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु मतगणना केंद्र रमेश झा महिला महाविद्यालय सहरसा
2. 75-सहरसा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु मतगणना केंद्र जिला स्कूल सहरसा
3. 76-सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु मतगणना केंद्र राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सहरसा
मतगणना प्रातः8.00 बजे से प्रारंभ किए जाने का निर्देश है।प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 14 (चौदह)गणना टेबुल एवं 01 (एक) निर्वाची पदाधिकारी टेबुल लगाए जाएंगे एवं डाक मतपत्रों की गणना हेतु आवश्यकतानुसार टेबुल लगाने की व्यवस्था की जा रही है।

## विश्व निमोनिया दिवस : नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

उत्तरकाशी । जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में विश्व निमोनिया दिवस के अवसर पर ''सांस'' कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएस रावत की अध्यक्षता में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं में निमोनिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव और रोकथाम के संबंध में जनसाधारण को जागरूक करना है।कार्यक्रम के दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ दानिश जमाल द्वारा उपस्थित समस्त स्टाफ, आशा वर्कर तथा आम जनमानस को निमोनिया के शुरुआती लक्षणों, जोखिम कारकों, समय पर पहचान करने और उचित उपचार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, शिशुओं को संक्रमण से सुरक्षित रखने हेतु स्वच्छता, पोषण और समय पर टीकाकरण की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया गया।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. एस. रावत ने कहा कि समय पर पहचान और उपचार के माध्यम से नवजात शिशुओं में निमोनिया से मृत्यु दर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की ओर से विश्व निमोनिया दिवस के अवसर आयोजित जनजागरुकता कार्यक्रम में बताया कि यह कैंपेन 12 नवंबर से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा।
इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ कुलवीर राणा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ दानिश जमाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन एच एम हरदेव राणा, जिला सूचना, शिक्षा एवं संचार समन्वयक अनिल बिष्ट एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, आशा कार्यकत्रियां व आम जनमानस मौजूद रहे।

## पंजाब के बटाला में जग्गू भगवाणपुरिया गैंग का गुर्गा गिरफ्तार, दो पिस्तौल बरामद

चंडीगढ़ । गैंगस्टर विरोधी टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने बटाला पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में जग्गू भगवाणपुरिया गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से दो आधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुरलव सिंह उर्फ लव रंधावा निवासी उजागर नगर, बटाला के रूप में हुई है। बरामद हथियारों में एक जिगाना पिस्तौल मैगज़ीन और तीन जिंदा कारतूस सहित और एक .30 बोर पिस्तौल , दो मैगज़ीन और 13 जिंदा कारतूस हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गिरफ्तार गुर्गा अपने विदेशी हैंडलर अमृत दालम के निर्देशों पर काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि मामले के अन्य तार जोड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।

# मंत्रिमंडल बैठक में 12 प्रस्ताव मंजूर, राज्य में लागू होगी 'देवभूमि परिवार योजना, आपदा पीड़ितों का मुआवजा भी बढ़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून । धामी मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड के निवासरत परिवारों के लिए देवभूमि परिवार योजना, उपनल से विदेशों में नौकरी, शहरी विभाग निदेशालय पीएमयूके गठन, सहित 12 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। बैठक में राज्य स्थापना रजत जयंती के विशेष अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से राज्य को दिए गए मार्गदर्शन के लिए मंत्रिमंडल ने आभार भी व्यक्त किया।

बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी मार्गदर्शन के लिए उत्तराखंड राज्य को सतत विकास,लोक कल्याण और नवाचार के पथ पर आगे बढ़ाने की दिशा में संकल्प और भी सुदृढ़ होने पर दोनों का आभार व्यक्त किया। मंत्रिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में मिले इन प्रेरक संदेशों से प्रदेश गठन के मूल लक्ष्यों की प्राप्ति और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार निरंतर तत्पर रहेगी। साथ ही, कैबिनेट की ओर से समस्त कर्मचारियों व जनता का सहयोग एवं सहभागिता सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया गया है। रजत जयंती समारोह को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी हितधारकों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों, अधिकारियों पत्रकारों एवं राज्यवासियों का भी आभार व्यक्त किया है।

बैठक के बाद सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में सचिव शैलेश बगोली ने मंत्रिमंडल के प्रस्तावों पर बीफ्रिंग की। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने उत्तराखंड पंचम विधानसभा का वर्ष 2025 के 'विशेष सत्र' के सत्रावसान की संस्तुति कर दी है। इसके अलावा शहरी विभाग निदेशालय पीएमयूके गठन के लिए चार पद को स्वीकृत किए गए हैं। टेंडर व्यवस्था में बीड सिक्योरिटी के रूप में बैंक गारंटी एवं एफडीआर लिए जाने की व्यवस्था थी। अब इस बीड सिक्योरिटी के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार इंश्योरेंस सिक्योरिटी बॉन्ड को भी लिया जा सकेगा। वित्त विभाग के अंतर्गत उत्तराखंड बजट, राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय के विभागीय ढांचे में आउटसोर्स के आधार पर वाहन चालक के एक अतिरिक्त पद सृजन को मंजूरी मिली है।

सचिव बगोली ने बताया कि दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप में नियुक्त कार्मिकों का विनियमितीकरण के लिए उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करने एवं भविष्य के लिए कट ऑफ के संबंध में विचार करने के लिए मंत्रिमंडल की समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। नियमतिकरण के लिए कटऑफ डेट तय। वर्ष 2018 तक 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को किया विनियमित किया जाएगा। मंत्रिमंडल में उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम कर्मचारियों के

# भारत से सटे सीमा के बीओपी की जिम्मेदारी नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के एसएसपी को

अररिया । भारत से लगी नेपाल सीमा पर नेपाल सशस्त्र पुलिस बल ने अपने प्रमुख सीमा चौकियों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तैनात किया है। नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा इस निर्णय के पीछे सीमा पर बदल रही सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने और तस्करी को रोक कर राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से सीमा चौकियों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों की तैनाती करने का निर्णय लिया गया है।जिसके लिए नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के काठमांडू स्थित मुख्यालय से विशेष दिशा निर्देश जारी किया गया है। इसके अंतर्गत सीमा चौकियों पर तैनात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को सशस्त्र पुलिस बल नेपाल के संभागीय मुख्यालय के साथ नियुक्त किया जाएगा और वे सशस्त्र पुलिस बल के महानिरीक्षक सचिवालय को दैनिक और साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस संबंध में डीएसपी सह प्रवक्ता शैलेंद्र थापा ने बताया कि एसएसपी दिग्विजय सुबेदी को जोगबनी सीमा के रानी स्थित प्रस्तावित सीमा सुरक्षा गुल्म व झापा के काकड़भिट्टा की जिम्मेदारी दी गई है ।

# गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर आनंदपुर साहिब बनेगा व्हाइट सिटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़ । आध्यात्मिक और ऐतिहासिक नगरी श्री आनंदपुर साहिब की सुंदरता और पवित्रता को नए शिखर पर ले जाने तथा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी जयंती को श्रद्धापूर्वक मनाने के उद्देश्य से आज 'व्हाइट सिटी' प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई। किला आनंदगढ़ साहिब कार सेवा के बाबा सतनाम सिंह जी ने अरदास की। और पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने स्थानीय बस स्टैंड से पूरे शहर को सफ़ेद रंग में रंगने के इस महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट का शुभारंभ स्वयं ब्रश चलाकर किया। प्रोजेक्ट के बारे में बैंस ने कहा कि आनंदपुर साहिब को सुंदरता, शांति और श्रद्धा का प्रतीक बनाने की दिशा में अग्रसर हुए हैं। यह परियोजना हमारी समृद्ध विरासत और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक वचन है। हम हर गली और कोने को स्वच्छ बना रहे हैं, सडक़ों का नवीनीकरण कर रहे हैं और शहर को सफ़ेद रंग में रंग रहे हैं। सभी समुदायों से मिल रहे समर्थन का उल्लेख करते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि लोक-सेवा के भाव से प्रेरित व्यक्तियों ने प्रारंभिक चरण के लिए 20 हजार लीटर से अधिक सफ़ेद पेंट का योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह पहल सामुदायिक भावना और एकजुटता का सजीव उदाहरण है। युवाओं और पंचायतों से इस महान सेवा में भाग लेने की अपील करते हुए स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि हम अगले पांच से सात दिनों में हर गली और हर मोहल्ले को कवर करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि सफ़ेद रंग इस पवित्र नगरी की सुंदरता को और भी निखारे।

# बदलते बिहार का चुनावी सफर : पिछले पांच वर्षों में चेहरों से लेकर जनमत तक बदल गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना, । बिहार की राजनीति एक बार फिर एक नए दौर में प्रवेश कर गई है। 2020 से 2025 तक के पाँच वर्षों में, राज्य ने राजनीति के लगभग हर पहलू को देखा है, गठबंधनों की जटिलताओं से लेकर जनभावनाओं में बदलाव और नेताओं के बीच बदलती गतिशीलता तक। यदि 2020 का चुनाव अल्पमत सरकार का प्रतीक था, तो 2025 का चुनाव जनमत की स्पष्टता का प्रतीक बन गया है।

**2020 का चुनावः उम्मीदों के उलट, सत्ता में राजग**

साल 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव ने सभी एग्जिट पोल को गलत साबित कर दिया था। नतीजों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 125 सीटें मिलीं और उसने 37.26 प्रतिशत वोट शेयर के साथ मामूली बहुमत से सरकार बनाई। दूसरी ओर, महागठबंधन 110 सीटों और 37.23 प्रतिशत वोट शेयर के साथ बेहद करीबी अंतर से पीछे रह गया। यह अब तक का सबसे कंटे का मुकाबला माना गया। राजग में भाजपा सबसे मजबूत पार्टी बनकर उभरी, जिसने 74 सीटें जीतीं, जबकि जदयू 43 सीटों पर सिमट गई। सहयोगी दल वीआईपी और हम ने 4-4 सीटें जीतकर सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई। उधर, राजद 75 सीटों के साथ सबसे बड़ी एकल पार्टी बनी, जबकि कांग्रेस को 19 और वाम दलों को 16 सीटें मिलीं। एआईएमआईएम को 5 सीटें और बसपा, लोजपा व निर्दलीयों को 1-1 सीट मिलीं। राजनीतिक विश्लेषक व वरिष्ठ पत्रकार लव कुमार मिश्र मानते हैं कि 2020 का जनादेश संख्या का नहीं, रणनीति का चुनाव था, जहां भाजपा की आक्रामक प्रचार शैली और नीतीश कुमार की प्रशासनिक छवि ने मिलकर सत्ता को बचा लिया।

# डॉ. कलाम विज्ञान महोत्सव में 120 बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए मॉडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंपावत । डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम विज्ञान महोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन पी.एम. श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चंपावत में संपन्न हुआ। यह आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सहयोग से संचालित किया गया।


कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड सरकार की वन एवं पर्यावरण सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष श्याम नारायण पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें नवाचार के लिए प्रेरित करने का सशक्त माध्यम हैं।

विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडेय ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके। मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस महोत्सव में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 120 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया। उन्होंने 'आत्मनिर्भर भारत के लिए स्टेम' विषय पर अपने अभिनव मॉडल, विज्ञान नाटक और प्रयोग प्रस्तुत किए। अतिथियों और निर्णायकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य उमेद सिंह बिष्ट ने की, जबकि संचालन नरेश जोशी ने किया। जिला समन्वयक नवीन पंत ने सभी अतिथियों, निर्णायकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश अधिकारी, श्याम दत्त चौबे, ललित मोहन बोहरा, राजेन्द्र गडकोटी, प्रदीप जोशी, सुनील पांडेय, नवीन उपाध्याय, ललित मोहन, बी.एन. उपाध्याय, ब्लॉक समन्वयक नवीन बिष्ट, जीवन सोरडी, भुवन जोशी, राकेश शर्मा, कैलाश भट्ट, नीरज पांडे, नागेन्द्र राणा, हेम पांडेय, संजय भंडारी तथा शंकर दत्त पांडेय सहित कई मार्गदर्शक शिक्षक और निर्णायकगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में घोषणा की गई कि जिले से चयनित विद्यार्थी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे, जिससे जनपद का प्रतिनिधित्व राज्य स्तर पर होगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063